दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 4 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-251 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

मुंबई से गोरखपुर आने वाली फ्लाइट कैंसिल

गोरखपुर। मुंबई से गोरखपुर आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट SG 553 एक नवंबर को अचानक रद्द हो गई। इससे नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया। कुछ यात्री विमान के पास ही रनवे पर सोने लगे। इनमें से एक महिला ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।

ईडी ने अनिल अंबानी की 510 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त कीं

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी समूह से जुड़े कथित धोखाधड़ी के मामलों में कई संपत्तियां जब्त की हैं। इनमें विमान, बैंक खातों में जमा राशि, फिक्स्ड डिपॉजिट, अचल संपत्तियां और निवेश शामिल हैं। इन सभी संपत्तियों का कुल मूल्य 510 करोड़ रुपए है। यह जानकारी एजेंसी की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में दी गई। रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड के बैंक धोखाधड़ी मामले में 263.05 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की गई हैं, जबकि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) से जुड़े बैंक मामले में 247.12 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की गई हैं।

त्रिपुरा में BSF जवानों को डंडे से पीटा, 3 घायल

अगरतला। त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले के आशाबाड़ी गांव में मंगलवार को इस्राके 3 जवानों पर हमला कर किया गया। मामले में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी बिजॉय देबबर्मा ने कहा कि जो देश की सुरक्षा करते हैं, उनके साथ ऐसी घटना बेहद शर्मनाक है। मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हमले में BSF के कंपनी कमांडर समेत 3 जवान घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्रामीण सड़क जाम करके प्रदर्शन कर रहे थे। लोगों का आरोप था कि BSF के जवानों ने एक स्थानीय निवासी के साथ मारपीट की और एक जवान तस्करी में शामिल है। टकराव तब और बढ़ गया, जब BSF के 3 जवानों को ले जा रही एक गाड़ी नाकेबंदी वाली जगह पर पहुंची।

नेपाल में लैंडिंग के दौरान 2 हेलीकॉप्टर टकराए भारतीय पर्यटक की मौत

काठमांडू। नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड का एक भारतीय मूल का नागरिक घायल हो गया। शुरूआती रिपोर्टों के मुताबिक, दोनों हेलिकॉप्टरों के रोटर ब्लेड आपस में टकराए थे। हादसा सुबह 8:11 बजे सोलुखुम्बु जिले के फेरीचे हेलीपैड पर हुआ। यहां फिशटेल एयर और एयर डायनेस्टी के हेलीकॉप्टर उतरने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक फिशटेल एयर के हेलीकॉप्टर में सवार भारतीय पर्यटक वसंत कुमार बालारामारामाडु की मौत हुई है।

धनतेरस पर बदली रहेगी राजधानी की यातायात ट्रैफिक

पटना। धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पटना यातायात पुलिस ने शहर में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था 6 और 7 नवंबर को दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक लागू रहेगी। हालांकि, इस दौरान अग्निशामक वाहन, एम्बुलेंस, मरीजों एवं शव वाहनों को प्रतिबंध से छूट दी गई है। यातायात पुलिस की ओर से जारी सूचना के अनुसार, यातायात प्लान के तहत खेमनीचक मार्केट, चूड़ी मार्केट और आसपास के इलाकों में विशेष व्यवस्था की गई है।

नदियों की गाद से बनेंगी सड़कें, राज्य के लिए होगी संजीवनी : सम्राट चौधरी

नदी संजीवनी के तहत केंद्र व बिहार सरकार के बीच एमओयू



पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में भारत सरकार के सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा बिहार सरकार के बीच नदी संजीवनी कार्यक्रम के तहत नदियों एवं अन्य जलस्रोतों से गाद (सिल्ट) हटाने और उसके उपयोग को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस ऐतिहासिक समझौते का उद्देश्य बिहार की नदियों एवं अन्य जलस्रोतों में जमा गाद का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करना, नदियों से गाद हटाकर उनका पुनर्जीवन करना तथा निकाली गई गाद का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य सड़क निर्माण में करना है।

■ **सीएम ने पीएम मोदी एवं गडकरी के प्रति जताया आभार**

इस व्यवस्था के तहत नदियों से निकाली गई गाद को सड़क निर्माण की वैकल्पिक सामग्री के रूप में उपयोग किया जाएगा। एनएचएआई द्वारा जहां भी गाद की आवश्यकता होगी, वहां बिहार सरकार नियमानुसार खनन लाइसेंस उपलब्ध कराने में सहयोग करेगी। इससे नदियों की जलधारण एवं जलप्रवाह क्षमता में भी सुधार होगा। यह समझौता बिहार जल स्रोत जीर्णोद्धार एवं गाद (सिल्ट) प्रबंधन नीति, 2026 के तहत की गई है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि नदी संजीवनी कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र के सफल बुलढाणा मॉडल की तर्ज पर बिहार की नदियों से गाद हटाने का कार्य किया जाएगा। नदियों का पुनरुद्धार होगा और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इस पूरी परियोजना सरकार पर कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। किसानों के लिए पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और बिहार में प्रतिवर्ष बाढ़ से होन नुकसान को कम किया जा सकेगा। वहीं सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार जल स्रोत पुनरुत्थान एवं गाद नीति-2026 के माध्यम से राज्य की नदियों एवं जलस्रोतों में जमा गाद का बेहतर प्रबंधन किया जाएगा। नदियों से निकलने वाली गाद राज्य के लिए संजीवनी साबित होगी और बिहार की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। कहा कि बिहार बांग्लादेश को पानी दिए जाने का विरोधी नहीं है, लेकिन बिहार की आवश्यकताओं का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि नदियों से गाद निकाले जाने के बाद लगभग 1 लाख एकड़ नई भूमि उपलब्ध होगी, जिससे मुंबई और दिल्ली की तर्ज पर बिहार में गंगा फेसिंग कॉलोनियां और घर बनाए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक समझौते के लिए पीएम मोदी एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा-गयाजी में बनेगा चिड़ियाघर

पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान बिहार में औद्योगिक विकास, निवेश को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन तथा आधारभूत संरचना के विस्तार से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए वन भूमि के उपयोग से संबंधित प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा हुई। सीएम ने राज्य में उपलब्ध बंजर वन भूमि का औद्योगिक एवं विकासात्मक उद्देश्यों के लिए उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में बिहार के विभिन्न जिलों की महत्वपूर्ण परियोजनाओं से संबंधित वन भूमि के अपयोजन के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इनमें प्रमुख रूप से 45.9 हेक्टेयर वन भूमि पर गयाजी चिड़ियाघर के निर्माण के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने, जमुई में प्रस्तावित सौर ऊर्जा एवं इस्पात उद्योगों की स्थापना के लिए कुल 9,000 एकड़ आवश्यक भूमि में से 4,340 एकड़ वन भूमि के अपयोजन की स्वीकृति, गयाजी के डोभी में अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के अंतर्गत इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के लिए 1,308.72 एकड़ वन भूमि के अपयोजन आदि का प्रस्ताव का शामिल हैं।

■ **सीएम ने भूपेंद्र यादव से की मुलाकात, कई प्रस्तावों पर चर्चा**

राजमार्ग परियोजनाओं में होगा सिल्ट का प्रयोग

बिहार में 58,340 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एनएचएआई की 39 परियोजनाएं (कुल 1,561 किमी) निमार्णाधीन हैं तथा 1,85,200 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली 11 नई परियोजनाएं (1,982 किमी) प्रस्तावित हैं। इस एमओयू के तहत 243 लाख क्यूबिक मीटर मुफ्त गाद का उपयोग 16 चालू राजमार्ग परियोजनाओं में किया जाएगा।

डीपीओ रूबी कुमारी के चार ठिकानों पर EOU की छापेमारी

■ **तीन करोड़ के 10 भूखंड और पांच मंजिला भवन बरामद**

■ **ज्ञात आय से 87.49% अधिक संपत्ति का खुलासा**



पटना (एनएसबी)। आय से अधिक संपत्ति के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने मंगलवार को किशनगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) रूबी कुमारी और उनके पति कटिहार रेलवे स्टेशन के लोको सहायक गौरव कुमार के कटिहार और किशनगंज के चार ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान लगभग तीन करोड़ रुपये मूल्य के दस भूखंडों के दस्तावेज मिले हैं। इसके अलावा कटिहार शहर के पाश इलाके में करीब आठ डिसमिल जमीन पर बना पांच मंजिला नवनिर्मित भवन भी मिला है। इस भवन के निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च होने का अनुमान है।

भवन में अभी साज-सज्जा का काम चल रहा है। ईओयू अब इसका मूल्यांकन कराएगी। इसके अलावा तलाशी के दौरान 2.80 लाख रुपये नकद, करीब छह लाख रुपये के आभूषण खरीद के कागजात और स्कॉर्पियो भी बरामद किया गया है। ईओयू के अनुसार, अब तक की जांच में डीपीओ रूबी और पति गौरव पर आपराधिक षड्यंत्र कर ज्ञात आय के स्रोत से 2 करोड़ 45 लाख 84 हजार रुपये अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

पत्नी किशनगंज में डीपीओ, पति कटिहार में लोको सहायक

रूबी कुमारी वर्ष 2018 में बीपीएससी की 56वीं से 59वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से बिहार शिक्षा सेवा में चयनित हुई थीं। वर्ष 2019 में उनकी पहली पोस्टिंग पूर्णिया में हुई थी। इसके बाद 2023 में कटिहार में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर तैनात हुई। वर्ष 2025 से किशनगंज में कार्यरत हैं। उनके पति गौरव कुमार वर्ष 2004 में रेलवे में ग्रुप सी के तहत लोको सहायक के पद पर बहाल हुए थे। वर्तमान में कटिहार रेलवे स्टेशन पर कार्यरत हैं। ईओयू के अनुसार, बरामद दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

बाढ़ में पति ने पत्नी को पीटकर मार डाला

बाढ़ (एनएसबी)। बाढ़ थाना क्षेत्र के दलिसमन चक गांव में एक विवाहिता की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका पुनम देवी के पति राकेश कुमार पर आरोप है कि उसने मामूली विवाद और प्रताड़ना के चलते अपनी पत्नी पूनम देवी की लाठी-डंडों व बेहरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी।

घटना के बाद से आरोपी पति और उसके परिवार के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

समस्तीपुर : महनैया चौर में डूबीं 4 किशोरियां, दो बहनों की मौत



समस्तीपुर (एनएसबी)। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के महनैया चौर में मंगलवार को एक बड़ा दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां कपड़ा धोने गई चार किशोरियां अचानक पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गईं। इस हादसे में दो चचेरी बहनों की डूबने से मौत हो गई, जबकि ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता के कारण दो अन्य किशोरियों की जान बचा ली गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

मृत किशोरियों की पहचान सहबाजपुर महनैया वार्ड संख्या 14 निवासी मोती दास की पुत्री सुस्मिता कुमारी (14) और राज कुमार दास की पुत्री रूबी कुमारी (16) के रूप में की गई है. वहीं, दिनेश सहनी की पुत्री अंशु कुमारी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि एक अन्य किशोरी सुरक्षित है। परिजनों ने बताया कि दोनों मृत छात्राएं उर्दू मध्य विद्यालय महनैया में पढ़ाई करती थीं, जिसमें सुस्मिता सातवीं और रूबी नौवीं कक्षा की छात्रा थीं। ग्रामीणों की मदद से दो को बचाया गया, दोनों इकलौती बेटियां थीं

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार को सभी किशोरियां सहेलियों के साथ चौर में कपड़ा धोने गई थीं। इसी दौरान पैर फिसलने से हादसा हुआ. चीख-पुकार सुनकर दौड़े स्थानीय ग्रामीणों ने पानी में उतरकर तलाश की और दो किशोरियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, जब तक सुस्मिता और रूबी को बाहर निकाला गया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी. दोनों अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थीं, जिससे परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

दिल्ली से पटना लौटे लालू, बोले- वोट चोरी हुई है, विपक्ष एकजुट



पटना (एनएसबी)। राजद अध्यक्ष लालू यादव रूटीन चेकअप के बाद दिल्ली से पटना लौट आए। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दिल्ली में हुई विपक्ष की संयुक्त रैली को सफल बताया। उन्होंने दावा किया कि वोट चोरी के मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट है और सभी दल मिलकर इसके खिलाफ लड़ रहे हैं।

पटना लौटते ही वोट चोरी के मुद्दे पर लालू का बड़ा बयान : पत्रकारों ने जब लालू यादव से पूछा कि विपक्ष जिस वोट चोरी का आरोप लगा रहा है, क्या वह भी इससे सहमत हैं, तो उन्होंने सीधे कहा- हां, वोट चोरी हुई है। लालू ने कहा कि इसी मुद्दे को लेकर विपक्ष एकजुट होकर लड़ाई लड़ रहा है।

हरियाणा एसटीएफ ने 25 हजार कारतूस जब्त किये



■ **बिहार पुलिस के इनपुट पर पांच तस्कर गिरफ्तार**

■ **बदायूं के गन हाउस से जुड़े तार सामने आए**

पटना/आरा (एनएसबी)। भोजपुर के कोईलवर में 19 हजार कारतूस बरामदगी के तार उत्तरप्रदेश के बदायूं के बाद अब हरियाणा से जुड़ गए हैं। इस मामले में बिहार पुलिस के इनपुट पर हरियाणा एसटीएफ ने मंगलवार को कार्रवाई कर झज्जर जिले से 25 हजार नई कारतूसों की खेप के साथ महिला समेत पांच हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के रहने वाले हैं। मौके से आठ मोबाइल फोन भी मिले हैं। प्रारंभिक जांच में बदायूं और सिरसा के गन हाउस के बीच संपर्क सामने आया है।

बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बदायूं गन हाउस : गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बदायूं के सिविल लाइंस क्षेत्र के लबेला चौक निवासी 49 वर्षीय अफीफुद्दीन उर्फ मुन्ना खान, नहार खान सराय निवासी 33 वर्षीय आसिम रईस, कबूलपुरा निवासी 32 वर्षीय सबलू खान, नई सराय निवासी 27 वर्षीय अरबाज अली और जलन सराय के इमली चौक निवासी 33 वर्षीय जीनत के रूप में हुई है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अफीफुद्दीन उर्फ मुन्ना खान बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बदायूं गन हाउस चलाता है। कोईलवर में 19 हजार कारतूस के साथ गिरफ्तार मुजफ्फरपुर के लल्टू नाम के व्यक्ति और उसके साथियों ने भी अफीफुद्दीन उर्फ मुन्ना खान से संपर्क कर कारतूस प्राप्त किए थे।

एक जगह अनिश्चितकाल तक धरना नहीं दे सकते



■ **प्रदर्शन एक का नहीं, सबका अधिकार, रोजगार-कारोबार का ध्यान रखना भी जरूरी**

नई दिल्ली (एनएसबी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी संगठन प्रदर्शन के लिए किसी सार्वजनिक जगह पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकता। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों पर भी एक तय समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का मौका मिल सके।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आप हमेशा के लिए किसी जगह पर कब्जा नहीं कर सकते। वहां किसान, पत्रकार, मजदूर और दूसरे प्रदर्शनकारी कहां जाएंगे? सभी को प्रदर्शन करने का अधिकार है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच दिल्ली में अक्टूबर में हुए सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई, लोगों की हिरासत, निगरानी (सर्विलांस), प्रदर्शन स्थलों और कारोबारियों को हुए नुकसान से जुड़े मामले शामिल हैं। कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन स्थलों का आवंटन निश्चित अवधि के लिए होना चाहिए, ताकि किसान, मजदूर, ट्रेड यूनियन, बेघर लोग और अन्य समूह भी अपने विरोध का अधिकार इस्तेमाल कर सकें।

BMC कमिश्नर को सुप्रीम कोर्ट की अवमानना का नोटिस

मुंबई (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) के म्युनिसिपल कमिश्नर के खिलाफ कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई शुरू कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की तीन सदस्यीय पीठ ने मंगलवार को बीएमसी कमिश्नर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि क्या बीएमसी के अधिकारी अतिक्रमण करने वालों के साथ मिलीभगत कर रहे हैं? क्या इससे यह नहीं दिखता कि आपके अधिकारी मिलीभगत कर रहे हैं? हम उन्हें जेल भेजेंगे, तब उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अहमियत समझ में आ जएगी। मामला बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (इएस्ळ) बस स्टैंड के लिए तय जमीन से अतिक्रमण हटाने के मामले से जुड़ा है।

मधुबनी : एसआई की फायरिंग में एक की मौत, 3 लोग घायल

अवैध संबंध का आरोप, भीड़ ने घेरा तो गोलियां बरसाईं

मधुबनी (एनएसबी)। बिहार के मधुबनी जिले के बाबूबरही थाना क्षेत्र के बलिराजगढ़ गांव में सोमवार की देर रात एक पुलिस सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) की फायरिंग में एक ग्रामीण के घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की। इसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार, बलिराजगढ़ गांव में पुलिस पिकेट स्थापित है, जहां एएसआई चंद्रमोहन सिंह की प्रतिनियुक्ति थी। बताया जाता है कि वह अक्सर एक ग्रामीण के घर आता-जाता था। मंगलवार देर रात भी वह उसी घर में गया था, जहां



दो युवतियां सो रही थीं।

ग्रामीणों ने घेरा तो शुरू कर दी फायरिंग : आरोप है कि एएसआई गलत नीयत से घर में घुसा था। बताया गया कि एएसआई का एक महिला के साथ अवैध संबंध बन गया था। वह अक्सर महिला के पास जाता था। ग्रामीण पिछले कुछ समय से उसकी गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। जब एएसआई महिला के घर में घुसा तो इसकी भनक लगने पर पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने बाहर से दरवाजे की सिटकनी बंद कर दी और शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और घर को चारों तरफ से घेर लिया। खुद को ग्रामीणों से घिरा देख एएसआई ने अपनी सर्विस पिस्टल निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी में चार ग्रामीणों को गोली लगी। सभी घायलों को तत्काल बाबूबरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

खतरनाक छठ घाटों की बैरिकेडिंग एवं स्पष्ट चित्रांकन करने का निर्देश

छठ घाटों पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ ससमय पूरी करें : जिलाधिकारी

पहुँच पथों की मरम्मति, साफ-सफाई, प्रकाश, सीसीटीवी एवं वॉच टावर की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या की संभावना को देखते हुए जिले के सभी छठ घाटों पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा एवं छठवतियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी करें। जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में छठ महापर्व की तैयारियों की समीक्षा के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को ये निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अब तक चिन्हित सभी खतरनाक घाटों पर तत्काल बैरिकेडिंग कराई जाए तथा उन्हें खतरनाक घाट के रूप में स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जाए, ताकि श्रद्धालु वहाँ जाने से बचें। उपयुक्त घाटों तक मुख्य सड़क से पहुँच पथ की मरम्मति में तेजी लाने के साथ घाटों की साफ-सफाई भी समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता के अनुसार वैकल्पिक घाटों का भी निर्माण कराया जाए।

उन्होंने घाटों पर सीढ़ियों, कपड़े बदलने के लिए निर्धारित स्थान, वाहन पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्याप्त संख्या में वाचटावर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। सभी प्रमुख घाटों पर पर्याप्त संख्या में पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने को भी कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा छठ घाटों पर की जाने वाली व्यवस्थाएँ पूर्व की तुलना में और बेहतर हों।

नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को घाटों पर साफ-सफाई एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं, विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को घाटों पर की जा रही प्रकाश व्यवस्था, विद्युत वायरिंग एवं अन्य कनेक्शनों की जांच करने को कहा गया। पूजा समितियों द्वारा लिए जा रहे अस्थायी विद्युत कनेक्शनों की भी जांच कर सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।



बैठक करते डीएम. एसपी , नगर आयुक्त व अन्य।

जिलाधिकारी ने घाटों की तैयारियों से जुड़े सभी 21 सेक्टर अधिकारियों से उनके-अपने क्षेत्रों में अब तक की गई तैयारियों एवं शेष आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले के अन्य अनुमंडलों में भी छठ घाटों की तैयारियों की समीक्षा की तथा संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा एवं छठवतियों की सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया।

पटना नगर निगम क्षेत्र के 109 सहित जिले के 458 छठ घाटों पर तैयारियाँ जारी

बैठक में नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने नगर निगम पटना एवं अन्य नगर निकायों की ओर से छठ घाटों पर की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटना नगर निगम क्षेत्र के 109 छठ घाटों पर तैयारी की जा रही है । घाटों एवं स्थायी तालाबों की साफ-सफाई के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 60 कृत्रिम तालाबों का भी निर्माण कराया जा रहा है, ताकि उन्हें सुविधाजनक वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध हो सके। पटना नगर निगम अंतर्गत 109 छठ घाटों सहित पूरे जिले में 458 घाटों पर छठ महापर्व की तैयारी की जा रही है।

सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर

वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सुगम यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को अभी से ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार करने तथा उसका प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी थाना अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र के छठ घाटों का भौतिक सत्यापन करने तथा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित आवश्यक तैयारियों का आकलन करने का भी निर्देश दिया।

खबरें : एक नजर में

खुसरूपुर में फायरिंग मामले का मुख्य आरोपित गिरफ्तार, दो देसी कट्टा और नौ कारतूस बरामद

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र के ब्लक रोड चौक पर सोमवार को हुई फायरिंग की घटना में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपित अजय कुमार उर्फ गोरेलाल को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर भूसकी गांव में छापेमारी कर दो देसी कट्टा और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं, मामले में दूसरे आरोपित रवि कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण एसपी कोमल मीणा के निर्देश पर थानाध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। इसके बाद मुख्य आरोपित अजय कुमार की निशानदेही पर भूसकी गांव में छापेमारी की गई, जहां से अवैध हथियार और कारतूस बरामद हुए।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार मुख्य आरोपित अजय कुमार उर्फ गोरेलाल का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और फायरिंग से जुड़े तीन मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। इस कार्रवाई से इलाके में अपराधियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ, ऐक्टू फतुहा का चौथा प्रखण्ड सम्मेलन सम्पन्न

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। मंगलवार को प्रखंड परिसर में बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ, ऐक्टू फतुहा का चौथा प्रखण्ड सम्मेलन किया गया। सम्मेलन का नेतृत्व बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ, ऐक्टू की महासचिव सरोज चौबे ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरोज चौबे ने कहा कि सरकार मध्या भोजन योजना को एनजीओ के हवाले करके रसोइयों पर छंटनी की तलवार लटका रही है। यदि रसोइयों की छंटनी हुई तो चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। सभी रसोइयों को नियमित और संपूर्ण मानदेय मिलना चाहिए। इस दौरान 15 सदस्यीय कमिटी का चुनाव कराया गया जिसमें सोना देवी अध्यक्ष, राजकुमार शर्मा कोषाध्यक्ष, सोना देवी सचिव, रिंकू देवी, संजू देवी, लीलावती देवी, पुष्पा देवी आदि सह सचिव चुनी गईं। कार्यक्रम के बाद संघ की ओर से 12 सूत्री मांगपत्र भी बीडीओ को सौंपा गया।

बच्चों को दी गई पर्यावरण सुरक्षा की जानकारी

फतुहा/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित सनराइज आवासीय एवं पुरानी चौक स्थित व्यापार मंडल मध्य विद्यालय में बुधवार को पर्यावरणविद् ज्ञानदेव चौधरी द्वारा शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान इन्होंने मृदा प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण से होने वाले रोग एवं बचाव की चर्चा की। इन्होंने पेड़ लगाओ हरियाली बढ़ाओ का संदेश देते हुए बच्चों से अपने जीवन काल में 16-16 पेड़ लगाने की अपील की। मौके पर कई छात्र और शिक्षक मौजूद थे।

सहकारिता के माध्यम से विधान मंडल के सदस्यों एवं कर्मचारियों को सस्ती दर पर घरेलू उपयोग की वस्तुएँ उपलब्ध कराने की पहल

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में बिहार विधान मंडल सदस्यीय एवं कर्मचारी उपभोक्ता सहकारी समिति लिमिटेड के गठन की पहल की गई है। समिति का मुख्य उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से बिहार विधान मंडल के सदस्यों एवं कर्मचारियों को घरेलू उपयोग की आवश्यक वस्तुएँ उचित एवं रियायती दरों पर उपलब्ध कराना है। समिति का उद्देश्य केवल आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि विधान मंडल के सदस्यों एवं कर्मचारियों में सहकारिता, आपसी सहयोग, सहभागिता एवं आर्थिक बचत की भावना को भी प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से सामूहिक क्रय व्यवस्था को बढ़ावा देकर बाजार की तुलना में किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण वस्तुएँ उपलब्ध कराने तथा अनावश्यक खर्च में कमी लाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही, समिति सदस्यों के हितों का संरक्षण करते हुए पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के माध्यम से उनके आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देगी।



डा. प्रेम कुमार।

छठ महापर्व 2026 : घाटों पर लाइट टावर का निर्माण प्रारंभ

बांस घाट एवं महेंद्रू घाट के पहुंच पथों को किया जा रहा दुरुस्त

कलेक्ट्रेट सहित कई घाटों पर गंगा का जलस्तर सामान्य से अधिक

पटना (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व के मद्देनजर पटना नगर निगम द्वारा गंगा घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। नगर आयुक्त यशपाल मीणा की सतत निगरानी में सभी चिति घाटों एवं उनके पहुंच पथों को निर्धारित समयसीमा में छठ वतियों के अनुकूल तैयार किया जा रहा है। गंगा के जलस्तर में उतार-चढ़ाव को देखते हुए संवेदनशील घाटों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक कार्य कराए जा रहे हैं।

महेंद्रू घाट के पहुंच पथ को बालू एवं अन्य आवश्यक सामग्री डालकर जेसीबी की सहायता से समतल किया जा रहा है। पहुंच पथ से लेकर गंगा घाट तक पूरे मार्ग की डीप क्लीनिंग भी पूरी कर ली गई है।

वहीं, बांस घाट के अंडरपास में जमा गाद को जेसीबी से हटाया जा रहा है। मेट्रो निर्माण एजेंसी द्वारा डाली गई निर्माण सामग्री को हटाकर रास्ते का चौड़ीकरण किया जा रहा है, ताकि छठ वतियों को आवागमन में परेशानी न हो। घाट पर सीढ़ियों का निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य भी कराए जा रहे हैं, जिससे घाट को सुरक्षा मानकों के अनुरूप तैयार किया जा सके।

छठ घाटों पर पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने के लिए सभी घाटों पर लाइट टावर का निर्माण शुरू कर दिया गया है। प्रत्येक टावर पर चार से पांच फ्लडलाइट लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त घाटों एवं पहुंच पथों पर पहले से स्थापित 50 हाईमास्ट लाइट और लगभग 22 हजार स्थायी स्ट्रीट लाइट की लगातार निगरानी की जा रही है। खराब लाइटों की पहचान कर तत्काल मरम्मत भी कराई जा रही है।

शहर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पटना नगर निगम द्वारा विशेष मरम्मत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पिछले तीन महीनों में लगभग 33 हजार स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की गई है, जबकि खराब पाई गई 6 हजार से अधिक लाइटों को नई लाइटों से बदला गया है।

हड़ताली अमीनों को कार्यों से तत्काल मुक्त करने का आदेश, विशेष सर्वेक्षण अमीनों को मिलेगी जिम्मेदारी

ई-मापी पोर्टल से हड़ताली अमीनों की आईडी होगी निष्क्रिय, रिक्तस्थानों पर आनुपातिक आधार पर होगी प्रतिनियुक्ति

कार्य कर रहे अमीन पूर्ववत करते रहेंगे अपना काम

पटना (दैनिक नवसंदेश)। हड़ताल पर गए अमीनों के खिलाफ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने हड़ताल में शामिल अमीनों को उनके सभी दायित्वों एवं कार्यों से तत्काल प्रभाव से मुक्त करने का निर्देश दिया है। साथ ही, ई-मापी पोर्टल से उनकी आईडी निष्क्रिय करने का भी आदेश जारी किया गया है। उनके स्थान पर संबंधित अंचल के विशेष सर्वेक्षण शिविरों में कार्यरत विशेष सर्वेक्षण अमीनों की आनुपातिक आधार पर प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

इस संबंध में विभाग के अपर सचिव अमित कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को राज्य के सभी समाहर्ताओं को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि अमीनों की मांगों को लेकर विभागीय स्तर पर वार्ता की गई थी। उनकी मांगों पर की गई कार्रवाई से उन्हें अवगत कराते हुए तत्काल अपने कार्यस्थल एवं अंचल कार्यालय में योगदान देने का स्पष्ट निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद जिलों से अमीनों के लगातार हड़ताल पर बने रहने की सूचना प्राप्त हो रही है। अमीनों की लगातार हड़ताल के कारण ई-मापी के लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इससे लोकहित के कार्यों और राजस्व संबंधी गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसे देखते हुए प्रशासनिक एवं लोकहित के ष्टिकोण से यह निर्णय लिया गया है।

जारी निर्देश के अनुसार, हड़ताल में शामिल नहीं होने वाले अमीन अपने पदों पर पूर्ववत कार्य करते रहेंगे। वहीं, हड़ताल में शामिल अमीनों के रिक्तस्थानों पर संबंधित अंचल के विशेष सर्वेक्षण अमीनों की आनुपातिक रूप से प्रतिनियुक्ति की जाएगी। संबंधित अंचल अधिकारी को प्रतिनियुक्त अमीनों को मापी कार्य के लिए ई-मापी पोर्टल पर अनबोर्ड कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सभी समाहर्ताओं को निर्देश दिया है कि अगले 24 घंटे के भीतर इन आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं और की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराएं। साथ ही, संबंधित अंचल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों को पोर्टल पर प्रतिनियुक्त अमीनों को सक्रिय करने की आवश्यक प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूरी करने को कहा गया है।

पूर्व राज्यपाल स्व. कैलाशपति मिश्र के नाम पर बक्सर में बनेगा पुस्तकालय

स्व. मिश्र की पुण्यतिथि पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल

शिक्षा विभाग के सचिव ने बक्सर के डीएम को भेजा पत्र, भूमि चिन्हित करने का दिया निर्देश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार भाजपा के भीष्म पितामह और गुजरात के पूर्व राज्यपाल स्व. कैलाशपति मिश्र के नाम पर बक्सर में पुस्तकालय के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल पर शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग के सचिव राजीव रौशन ने बक्सर के जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पुस्तकालय निर्माण के लिए भूमि चिति कर शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस पुस्तकालय को भौतिक और डिजिटल रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें स्व. मिश्र के साथ-साथ अन्य सभी महापुरुषों की जीवनी पढ़ने को मिलेंगी। पुस्तकालय में पूर्व राज्यपाल के काव्यों का भी संग्रह किया जाएगा।

शिक्षा विभाग के पत्र में डीएम से बक्सर के सिविल लाइन स्थित एसपी विद्या मंदिर विद्यालय परिसर की उपलब्ध रिक्तभूमि का स्थल निरीक्षण कराने को कहा गया है। साथ ही चिति भूमि का रकबा, खाता, खेसरा, चौहद्दी और वर्तमान स्थिति का विस्तृत विवरण देने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी से प्रस्ताव के साथ भूमि अनापत्ति संबंधी प्रतिवेदन भी भेजने को कहा गया है ताकि पुस्तकालय निर्माण की दिशा में आगे की कार्रवाई की जा सके।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि स्व. कैलाशपति मिश्र का जीवन और योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके नाम पर पुस्तकालय का निर्माण नई पीढ़ी को उनके विचारों और आदर्शो से परिचित कराने का माध्यम बनेगा। उनकी पुण्यतिथि पर पुस्तकालय निर्माण की यह पहल दिवंगत नेता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय विद्यार्थियों, युवाओं और शोधार्थियों के लिए ज्ञान एवं अध्ययन का आधुनिक केंद्र बनेगा। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, डिजिटल शिक्षा, शोध एवं स्वाध्याय के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। साथ ही, बक्सर की ऐतिहासिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और शैक्षणिक पहचान को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

नेशनल रेड रन 4.0 में देशभर के 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, एचआईवी के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर दौड़े देशभर के युवा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार की मेजबानी में पटना के गांधी मैदान में नेशनल रेड रन 4.0 (चौथा संस्करण) का भव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के मार्गदर्शन और बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देश के 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए प्रतिभागियों, अधिकारियों, खिलाड़ियों और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नेशनल रेड रन में 10 किलोमीटर की दौड़ में लगभग 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जबकि 2 किलोमीटर के वकथन में करीब 1,000 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने कहा कि एच आई वी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इससे जुड़े सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षो में जागरूकता अभियान, बेहतर उपचार सुविधाओं और निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप एच आई वी नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमित कुमार ने कहा कि नेशनल रेड रन 4.0 में आयोजित 10 किलोमीटर दौड़ और 2 किलोमीटर वकथन में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की सहभागिता यह दर्शाती है कि एच आई वी के खिलाफ लड़ाई में पूरा देश एकजुट है। उन्होंने विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए प्रतिभागियों और अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान को और गति देने की अपील की।

राजद सांसद सुधाकर सिंह ने डीजी कुंदन कृष्णन पर लगाए गंभीर आरोप

करीबी के नाम पर संपत्ति खरीदने का दावा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजद सांसद सुधाकर सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कुंदन कृष्णन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रेस कान्फ्रेंस कर उन्होंने दावा किया कि कुंदन कृष्णन ने अपनी पूरी नौकरी के दौरान करीब 3 करोड़ रुपए कमाए, जबकि उनकी संपत्ति का मूल्य 150 करोड़ रुपए है।

अपने करीबी रितेश रंजन सिंह उर्फ बीट्टू सिंह के नाम पर करीब 200 करोड़ रुपए की संपत्ति खरीदी है। उन्होंने ने इसकी जांच कराने की मांग मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की है। उन्होंने ने कहा कि बिहार में तीन साल से लोक ायुक्त नहीं हैं, सीएम गृह मंत्री हैं। मामले की जांच कराए।

सुधाकर सिंह ने कहा कि बिहार में लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी उदंडता पर उतर आए हैं। कुंदन कृष्णन पर भरत तिवारी समेत करीब डेढ़ दर्जन लोगों के एनकाउंटर को लेकर आरोप है। जब उन्होंने इन मामलों पर सवाल उठाए तो उन्हें लीगल नोटिस भेजकर उनकी आवाज दबाने की कोशिश की गई।



राजद सांसद सुधाकर सिंह।

उन्होंने ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ बोलने पर उनके घर के बाहर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया। इसका उद्देश्य उन्हें और पत्रकारों को डराना है, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।

सांसद ने दावा किया कि कुंदन कृष्णन और उनकी पत्नी की घोषित संपत्ति का मूल्य पैतृक संपत्ति को छोड़कर करीब 87 करोड़ रुपए है। वहीं, उनके मुताबिक, कुंदन कृष्णन की कुल संपत्ति का मूल्य करीब 150 करोड़ रुपए है।

आरोप लगाया कि कुंदन कृष्णन ने अपनी कथित ब्लैक मनी से दूसरे लोगों के नाम पर जमीन खरीदी है। पटना एसएसपी रहते हुए भी उन्होंने पटना में कई संपत्तियां अर्जित की। सुधाकर सिंह ने दावा किया कि उनके करीबी रितेश रंजन सिंह के नाम पर भी करीब 200 करोड़ रुपए की संपत्ति खरीदी गई है।

सांसद ने शेयर मार्केट में निवेश को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि कुंदन कृष्णन ने शेयर मार्केट में करीब 36 लाख रुपए का निवेश किया है, जबकि इस तरह के निवेश की बात से उन्होंने इनकार किया है।

उन्होंने ने कहा कि कुंदन कृष्णन की संपत्ति का पूरा ब्योरा जांच का विषय है। घोषित संपत्ति भी उनकी आमदनी के मुकाबले काफी ज्यादा है। आम आदमी के पास 100 रुपए अधिक निकल जाएं तो इनकम टैक्स का नोटिस आ जाता है, लेकिन इतने बड़े आर्थिक आरोपों की जांच होनी चाहिए।

सांसद के मुताबिक, उनके पत्र के बाद सरकार कुंदन कृष्णन के खिलाफ जांच कर रही है, लेकिन उनके आरोप आर्थिक अनियमितताओं और संपत्ति से जुड़े हैं। इसलिए इसकी जल्द से जल्द जांच कराई जाए और उन्हें भी जांच के नतीजों की जानकारी दी जाए।

खबरें

खास-खास

पिंक टैक्स पर जिलेट कंपनी को नोटिस

वरिष्ठ पत्रकार डा. क्षिप्रा माथुर ने एडवोकेट इन्द्र मोहन सिंह के माध्यम से कोटा के कंज्यूमर कोर्ट में दायर किया था परिवाद



जयपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, कोटा ने महिलाओं के उत्पादों पर अनुचित और अत्यधिक मूल्य (पिंक टैक्स) वसूलने के एक गंभीर मामले में संज्ञान लेते हुए जिलेट इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित प्रमुख उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध औपचारिक रूप से नोटिस जारी किए हैं। यह परिवाद राजस्थान हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्र मोहन सिंह के माध्यम से और सामाजिक मुद्दों पर मुखर वरिष्ठ पत्रकार ड़ क्षिप्रा माथुर ने पेश किया।

'क्या है पूरा मामला' : परिवादिनी डा. क्षिप्रा माथुर ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 35 के अंतर्गत यह परिवाद दायर किया है। परिवाद में बताया गया है कि उन्होंने हाल ही में कोटा स्थित बिक्री केंद्र से जिलेट कंपनी के दो शेविंग रेजर क्रय किए थे। एक पुरुषों के उपयोग के लिए और दूसरा महिलाओं के लिए विशेष रूप से विपणन किया जाने वाला रेजर। जांच और उपयोग के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि दोनों ही रेजर तकनीकी रूप से बिल्कुल समान कार्य करते हैं (अर्थात शरीर के अनचाहे बालों को हटाना और त्वचा को साफ रखना)। इसके बावजूद, कंपनी द्वारा महिलाओं के लिए बनाए जाने वाले रेजर पर केवल गुलाबी रंग का प्लास्टिक कोटिंग कर और उसे महिलाओं के लिए कहकर पुरुषों के मुकाबले लगभग 4 से 5-6 गुना अधिक कीमत पर बेच रही हैं। 'पिंक टैक्स' जेंडर भेद का बड़ा मुद्दा है जिस पर नीतिगत फैसले लेने की जरूरत है।

उपभोक्ता अधिकारों का हनन और पिंक टैक्स का विरोध : अधिवक्ता इंद्र मोहन सिंह ने बताया कि केवल रंग बदलकर और मार्केटिंग की आड़ में एक ही कार्य करने वाले उत्पाद के लिए महिलाओं से कई गुना अधिक मूल्य वसूलना विशुद्ध रूप से पिंक टैक्स की श्रेणी में आता है। यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2(47) के तहत भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार व्यवहार का स्पष्ट उल्लंघन है। एक ही प्रकार की कार्यक्षमता वाले उत्पाद के लिए केवल लिंग के आधार पर अतिरिक्त मूल्य वसूलना न केवल महिलाओं के साथ आर्थिक धोखाधड़ी है, बल्कि यह लैंगिक भेदभाव और संविधान के समानता के सिद्धांतों के भी विपरीत है।

न्यायालय का रुख और अगली सुनवाई : मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला उपभोक्ता आयोग, कोटा ने प्रकरण संख्या 22/2026 पर सुनवाई करते हुए जिलेट इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक व सीईओ कुमार वेंकटसुब्रमणियन, चेयरपर्सन सुश्री अंजुली चिब दुग्गल और निदेशक संजय अशर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। आयोग ने नियत तिथि 16/12/2026 पर पक्षकारों को मय संबंधित रिकार्ड के उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

बिहार की समृद्ध लोकसंस्कृति को राष्ट्रीय मंचों पर पहचान दिलाना सरकार की प्राथमिकता : डा. प्रमोद कुमार

29वें लोकरंग-2026 राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में प्रस्तुति के लिए बिहार का सांस्कृतिक दल जयपुर रवाना

पटना (दैनिक नवसंदेश)। जवाहर कला केंद्र, जयपुर में आयोजित होने वाले 29वें लोकरंग-2026 राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में बिहार की समृद्ध लोकसंस्कृति एवं पारंपरिक कलाओं की प्रस्तुति के लिए कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार का सांस्कृतिक दल मंगलवार को बिहार म्यूजियम के समीप से रवाना हुआ। कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार, विधान पार्षद संजय मयूख एवं कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह ने झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार की लोककला, लोकगीत एवं सांस्कृतिक परंपराएं हमारी गौरवशाली विरासत की पहचान हैं। ऐसे राष्ट्रीय मंचों के माध्यम से बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देशभर में पहचान मिलती है और स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। हमारा प्रयास है कि बिहार की लोककलाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान और सम्मान मिले। इस सांस्कृतिक दल में रंग सेतु, स्वरांगन कल्याण सेवा समिति एवं सवेरा कला केंद्र की टीमें शामिल हैं। दल का नेतृत्व श्रीमती प्रतिमा सिंह, डा. शिवाजी सिंह एवं भारतेंदु जी कर रहे हैं। बिहार के कलाकार आगामी 5 नवंबर को जवाहर कला केंद्र, जयपुर में अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। इस दौरान कलाकार बिहार के पारंपरिक लोकगीत एवं लोकनृत्यों सामा-चकेवा, झिझिया, जट-जटिन, झूमर सहित अन्य लोकविधाओं की मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से राज्य की सांस्तिक विविधता और लोकपरंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत करेंगे।



कॉफ्फेड और बेनझारको के बीच ऐतिहासिक समझौता

मत्स्यपालन, मखाना व्यापार, बीमा एवं सहकारी विकास को मिलेगी नई गति : ऋषिकेश कश्यप

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सहकारिता क्षेत्र को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा मत्स्यपालकों, मखाना उत्पादकों एवं सहकारी समितियों के लिए व्यापार और रोजगार के नए अवसर विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ (कॉफ्फेड)" तथा "बंगाल झारखंड फिशरीज डेवलपमेंट कोऑपरेटिव (बेनझारको)" के बीच मत्स्यपालन, जलीय कृषि, मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, विपणन, वितरण एवं बीमा संबंधी सेवाओं में सहयोग बढ़ाने हेतु एक व्यापक "समझौता ज्ञापन (एमओयू)" पर हस्ताक्षर किए गए। इस महत्वपूर्ण समझौते पर कॉफ्फेड की ओर से " प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप, " तथा बेनझारको की ओर से " अध्यक्ष सुभोदय पंडित, " ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर 'कॉफ्फेड की निदेशक सिमरन" एवं "बेनझारको के निदेशक पिनाकी प्रामाणिक" गवाह के रूप में उपस्थित रहे तथा समझौते पर हस्ताक्षर किए। मालूम हो कि दोनों ही सहकारी संस्था बहुराज्यीय सहकारी सहकारी समितियां अधिनियम के अंतर्गत भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अधीन संचालित एवं कार्यरत है। समझौते के तहत रोहू, कतला, मृगल, कमन कार्प, पंगेशियस सहित विभिन्न प्रजातियों की मछलियों, रंगीन मछलियों, सूखी मछली, केकड़ा पालन, झींगा पालन, मोती पालन, मत्स्य बीज, फिश फीड एवं जलीय कृषि उपकरणों की खरीद, आपूर्ति एवं विपणन में सहयोग किया जाएगा। बेनझारको द्वारा कॉफेड के लिए मत्स्य उत्पादों एवं संबंधित इनपुट की आपूर्ति की व्यवस्था विकसित करने तथा संगठित बाजारों तक पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस समझौते के माध्यम से कॉफ्फेड के मखाना एवं मूल्यवर्धित उत्पादों के लिए नए बाजार विकसित किए जाएंगे। इनमें प्रीमियम मखाना, रोस्टेड एवं फ्लेवर्ड मखाना, मखाना आटा, मखाना लड्डू, चिप्स, कुकीज, पास्ता, मैकरोनी एवं सेवई सहित विभिन्न उत्पाद शामिल हैं। बेनझारको के सहयोग से इन उत्पादों को थोक एवं खुदरा बाजार, संस्थागत खरीददारों, सुपरमार्केट, ई-कमर्स प्लेटफर्म तथा अन्य वितरण नेटवर्क तक पहुँचाने के प्रयास किए जाएंगे। आवश्यक स्वीतियों एवं अलग व्यापारिक व्यवस्थाओं के आधार पर निर्यात की संभावनाओं पर भी कार्य किया जाएगा। कॉफ्फेड भारतीय बीमा विनियामक एवं विक

संक्षिप्त खबरें

एसडीएम व डीएसपी ने छठ घाटों का लिया जायजा



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व कार्तिकी छठ को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार द्वारा पीरो नगर के छठ घाटों पर चल रही तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने छठ घाटों तक आने-जाने वाले रास्तों, साफ-सफाई की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, जलाशयों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता, गोताखोरों की व्यवस्था सहित कई अन्य आवश्यक व्यवस्था की जानकारी अधिनस्थ अधिकारियों से प्राप्त की। पीरो नगर के ओझवलिया नहर, बहरी महादेव धाम सहित अन्य छठ घाटों पर आवश्यक व्यवस्था की जिम्मेवारी नगर परिषद को दिया गया है। नगर परिषद की ओर से ओझवलिया नहर छठ घाट पर भूमि के समतलीकरण व छठ व्रतियों के पानी में उतरने हेतु अस्थायी सीढी निर्माण का कार्य लगभग पूरा करा लिया गया है। नहर में पडे कचरे व गाद को अभी नहीं हटाया गया है जिसे हटाने का निर्देश एसडीएम ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया। वहीं डीएसपी ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार, नगर परिषद के स्वच्छता पर्यवेक्षक रजनीकांत माया आदि मौजूद थे।

आधार केन्द्र का प्रिंटर चोरी

चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित आधार केन्द्र से सोमवार की रात चोरों ने प्रिंटर चुरा लिया। इस चोरी की घटना का पता तब चला जब आधार आपरेटर मंगलवार को अपने कार्यालय पहुंचे। घटना को लेकर आधार केन्द्र आपरेटर रणविजय कुमार ने बीडीओ और थानाध्यक्ष को लिखीत आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्रखण्ड मुख्यालय में सरकारी केन्द्र की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहा हैं। घटना के बाद केन्द्र के कर्मियों में चिन्ता व्यक्त किया है।

किसान भवन बन्द रहने से किसानों को परेशानी



चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में मंगलवार को बीज लेने पहुँचे किसानों को उस समय निराशा हुई जब किसान भवन में ताला लटका मिला। किसान भवन में संचालित कृषि कार्यालय में किसी कर्मी के नहीं आने से दोपहर तक ताला लटका रहा। बताया जाता है कि सभी किसानों को रबी फसल के लिए बीज वितरण करने के लिए पंचायतवार तिथि निर्धारित की गई है जिसमें मंगलवार को ठकुरी और बाबुबांध के किसानों को बुलाया गया था।

हत्या की सुपारी लेने वाले को पैदल कोर्ट ले गयी पुलिस

आरा (दैनिक नवसंदेश)। रामकुमार सिंह की हत्या की सुपारी लेने वाले कुख्यात अपराधी पिंटू कुमार का सड़क परेड कराया गया। उसके तहत उसे पेशी के लिए तीनों को पैदल ही नवादा थाने से कोर्ट तक ले जाया गया। बिना नकाब और हाथ में हथकड़ी लगे पिंटू कुमार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोर्ट ले जाया गया। उसे देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ लगी रही। इससे पूर्व इसी हत्या कांड में गिरफ्तार चंदन सिंह, टीपू कुमार और अभिषेक यादव का भी सड़क परेड कराया गया था। तीनों को पैदल ही थाने से कोर्ट ले जाया गया। पुलिस के अनुसार पिंटू कुमार का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। वह गोलीबारी और हत्या के अलावे गांजा तथा शराब की तस्करी सहित दर्जन भर कांडों में आरोपित रहा है। एक व्यक्ति की हत्या के अलावे वरीय नेता विश्वनाथ सिंह पर फायरिंग में भी इसका नाम आया था।

पंखे से लटका ऑटो चालक का शव बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव में सोमवार की देर रात पंखे से लटका चालक का शव बरामद हुआ है। परिजन द्वारा कर्ज एवं किश्ती के कारण डिप्रेशन में आकर आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। मृतक धोबहा थाना क्षेत्र के भदरिया गांव निवासी काली साह का 34 वर्षीय पुत्र संतोष साह है।

बसंत लाल एंड सन्स ज्वेलर्स में आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध

आरा/एनएसबी। धनतेरस को लेकर शहर के सराफा बाजार में चहल पहल बढ़ गई है। शहर के गोपाली चैक स्थित बसंत लाल एंड सन्स ज्वेलर्स के प्रोपराइटर अजय कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि धनतेरस को लेकर सोने के जोधा हार, झुमका, जोधा अंगूठी, कंगन, ब्रास्लेट समेत अन्य आभूषण बिक्री के लिए मंगाए गये है। इसके अलावे हीरे जडित सोने के आभूषण भी उपलब्ध है। वही सोने एवं चांदी के ब्रांडेड सिक्के, लक्ष्मी-गणेश, कुबेर, हनुमान व भगवान की मूर्ति बिक्री के लिए लाए गए हैं। चांदी से निर्मित कटोरी, ग्लास, थाली, खिलौने विभिन्न रेंज में उपलब्ध है। श्री अग्रवाल ने बताया कि सोने के सिक्के एक ग्राम से लेकर 10 ग्राम तक उपलब्ध है। चांदी के खिलौने कछुआ, हाथी, घोड़ा, उल्लू, गाय, बछड़ा आदि बिक्री के लिए मांगे गए हैं। वहीं सोने की अंगूठी, बाली, झुमका, चेन, हार, चूड़ी, कंगन विभिन्न रेंज में उपलब्ध है। सभी गहने एचयूआईडी हॉलमार्क है। चांदी के ब्रांडेड सिक्के (100 प्रतिशत शुद्ध) 5 ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक उपलब्ध है।

हरखेन कुमार, सुनील कुमार ज्वेलर्स में आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध

आरा/एनएसबी। धनतेरस को लेकर शहर के बाजारों में रौनक छा गई है। सोने-चांदी के गहनों की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। लोग भीड़-भाड़ से बचने के लिए अभी से ही सोने-चांदी के गहनों एवं सिक्कों की बुकिंग करा रहे हैं। शहर के गोपाली चैक स्थित हरखेन कुमार, सुनील कुमार ज्वेलर्स के प्रोपराइटर सुनील कुमार जैन उर्फ आशु बाबू ने बताया की धनतेरस को लेकर ग्राहकों के लिए चांदी से निर्मित लक्ष्मी-गणेश, हनुमान व देवी-देवताओं की मूर्ति, चांदी से निर्मित कटोरी, ग्लास, प्लेट विभिन्न रेंज में मंगाए गए हैं। इसके अलावे सोने का झुमका, चेन, लॉकेट, कनबाली, अंगुठी, चूड़ी, ब्रेसलेट, नए-नए डिजाइन व रेंज में उपलब्ध है। सोने के सिक्के 1 ग्राम से लेकर 10 ग्राम तक बिक्री के लिए मंगाए गए। इसके अलावे चांदी के नए-पुराने सिक्के भी उपलब्ध हैं।

अलंकार ज्वेलरी हाउस के तीनों स्टोर पर

सोने के गहनों की मेंकिंग पर छूट



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के अलंकार ज्वेलरी हाउस में धनतेरस के अवसर पर सोने एवं हीरे जडित गहनो की खरीदारी पर ग्राहको को आकर्षक छूट मिल रही है। प्रोपराइटर अनील कुमार गुप्ता ने बताया कि धनतेरस को लेकर अलंकार ज्वेलरी हाउस के गोपाली चैक, कुल्हड़ियां कम्प्लेक्स एवं ब्राह्मण टोली मोड़ स्थित स्टोर पर सोने के गहनों की मेकिंग पर 7.7 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। यह ऑफर नवम्बर माह तक रहेगा। वही हीरे जडित सोने के गहनो की खरीदारी पर अप टू 25 से 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वही शादी-विवाह को लेकर गहनों की खरीदारी पर आकर्षक छूट दिया जा रहा है। धनतेरस को लेकर एक ग्राम से 100 ग्राम तक सोने के सिक्के मांगे गए हैं। वहीं चांदी के नए-पुराने सिक्के के अलावे लक्ष्मी-गणेश, कुबेर, हनुमान व अन्य देवी देवताओं की मूर्ति उपलब्ध है। इसके अलावे चांदी के बर्तन व पूजा के बर्तन भी मंगाए गये हैं। सोने के चेन, कंगन, अंगूठी, झुमका, ब्रासलेट आदि विभिन्न रेंज में उपलब्ध है। ग्राहक भीड़-भाड़ से बचने के लिए पहले से ही गहनों की बुकिंग कर रहे हैं।

जमीन पर अंतरिम रोक के बाद बनी हत्या की प्लानिंग

पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि रामकुमार सिंह की हत्या जमीन के विवाद में सुनियोजित तरीके से की गयी थी। हत्या की प्लानिंग में चंदन सिंह और मनोज सिंह उर्फ लक्की सहित जमीन के सभी पार्टनर शामिल थे। एसपी ने बताया कि जमीन पर अंतरिम रोक लगने के बाद राम कुमार सिंह की हत्या की प्लानिंग की गयी थी। सभी पार्टनर द्वारा पिंटू कुमार को हत्या की सुपारी दी गयी थी।

ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के बच्चों ने जरूरतमंद परिवारों के साथ मनाई दिवाली

कपड़े, दीया मोमबत्ती, कॉपी-किताब एवं लेखन सामग्री का किया वितरण



आरा (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली केवल अपने घरों को दीपों से रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि समाज के उन लोगों के जीवन में भी खुशियों की रोशनी पहुंचाने का अवसर है, जो किसी कारणवश इन खुशियों से वंचित रह जाते हैं। ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, बामपाली, आरा के बच्चों ने इस वर्ष दीपावली मनाने का एक अनोखा और प्रेरणादायक तरीका अपनाया। विद्यालय के प्ले ग्रुप से कक्षा 5 तक के लगभग 400 बच्चों ने अपने घरों से नए एवं अच्छे स्थिति वाले पुराने कपड़े, कॉपी-किताब, पेन, पेंसिल, शार्पनर, इरेजर के साथ-साथ दीये और मोमबत्तियां भी एकत्रित कीं। बच्चों ने इन सामग्रियों को जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाकर उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस अभियान के अंतर्गत लगभग 250 बच्चे सासाराम की एक महादलित बस्ती में पहुंचे, जहां जरूरतमंद परिवारों के बीच लगभग 480 कपड़े तथा कॉपी, किताब, पेन एवं पेंसिल का वितरण किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. आदित्य बिजय जैनह्न ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में 17 बांटना और परवाह करना की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, ह्लहमारे पास जो भी वस्तु हमारी आवश्यकता से अधिक है, उसे किसी ऐसे व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिए जिसे उसकी वास्तव में जरूरत है। बच्चों को छोटी उम्र से ही यह समझाना जरूरी है कि समाज की खुशियां तभी पूर्ण होती हैं, जब हम अपनी खुशियों में दूसरों को भी शामिल करें।ह्व 4 नवंबर को कक्षा 6 से 12 तक के बच्चे भी करेंगे वितरण विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों को केवल किताबी ज्ञान नहीं देतीं, बल्कि उन्हें मानवीय मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता, करुणा और सेवा भावना का व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करती हैं।

छात्रों के नाम पर शिक्षकों के लिए सुरक्षा कवच बना विद्यालय मुख्य गेट पर तालाबंदी

गेट पर अनजान व्यक्ति की धमक से सतर्क हो जाते शिक्षक



अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड के विद्यालय में शैक्षणिक समय में चारदीवारी के बाहर गेट पर होने वाले के तालाबंदी छात्रों से अधिक शिक्षकों के लिए सुरक्षा कवच साबित हो रहा है। शैक्षणिक माहौल के दौरान पदाधिकारी या अन्य व्यक्ति की धमक देखते ही शिक्षक सतर्क होकर अपने शैक्षणिक कार्यों में लग जाते हैं। शैक्षणिक माहौल दुरुस्त करने में सरकार भले जो भी नीति अपनाए लेकिन शिक्षक अपने मनमाने ढंग से शैक्षणिक कार्य करने में तनिक भी परहेज नहीं कर पा रहे हैं। विद्यालय गेट पर तालाबंदी से पहले छात्र ही कैद बंद होकर पढ़ाई करते हो लेकिन शिक्षक उपस्थिति बनाकर अपने व्यक्तिगत कार्यों में लग जाते हैं। विद्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी से अंदर में भी शिक्षक कक्षाओं में शैक्षणिक कार्य को छोड़ एकत्रित होकर गप्पे लड़ाने में भी मशहूर रहते हैं। यदि कोई अधिकारी या अन्य व्यक्ति को देखते हैं मुख्य गेट का ताला खोलने के पहले तो वह सतर्क होकर अपने कक्षाओं शैक्षणिक कार्य लग जाते हैं और वही शिक्षक बाहर में गए शिक्षकों को आने की सूचना व सलाह देकर फौरन बुला देते हैं। विद्यालय में चारदीवारी के बाहर मुख्य गेट पर तालाबंदी छात्रों के बजाय शिक्षकों के लिए सुरक्षा कवच बनकर साबित हो रहा है। बता दे की अगिआंव प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय की संख्या कुल 132 है। जिसमें प्राथमिक विद्यालय 80 तथा मध्य विद्यालय 52 है। जिसमें अधिकांश विद्यालय में सरकार द्वारा चारदीवारी निर्माण कराकर मुख्य गेट का निर्माण किया गया है। ताकि बच्चों के साथ-साथ विद्यालयों की भी सुरक्षा हो सके।

ओझवलिया में विधायक ई. राकेश विशेश्वर ओझा ने सुनीं लोगों की समस्याएं



जनसंवाद में उमड़ी फरियादियों की भीड़

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय विधायक ई. राकेश विशेश्वर ओझा के जनसंवाद कार्यक्रम में मंगलवार को अपने पैतृक गांव ओझवलिया में सैकड़ों की संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक ने लोगों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं स्थानीय भाषा में भी खुलकर रखीं। किसी महिला ने कहा कि ह्यहमार पेंशन नइखे आवतह्य, तो किसी ने शिकायत की कि ह्यहमार बाढ़ वाला पइसा नइखे मिललह्य। वहीं, कुछ लोगों ने आवास योजना की सूची से नाम कट जाने की शिकायत करते हुए दोबारा नाम शामिल कराने की मांग की। कार्यक्रम में सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बाढ़ अनुग्रह राशि और कृषि इनपुट अनुदान से संबंधित प्राप्त हुईं। फरियादियों ने अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की गुहार लगाई। इस पर विधायक ई. राकेश विशेश्वर ओझा ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने की बात कही। विधायक ने कहा कि जनसंवाद का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनना और उनके समाधान के लिए पहल करना है। कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी मार्कण्डेय ओझा, मुखिया दिनेश सिंह, छोटू शास्त्री, सुमन कुमार, मो. रकीब, विंध्याचल गुप्ता, अरुण तिवारी, विनय शंकर ओझा, त्रिभुवन सिंह, धर्मपाल सिंह, मुकेश मिश्र समेत कई लोग उपस्थित रहे।

धर्म सम्मेलन में जुटे देश भर के साधु संत, सकड़ी बना आध्यात्मिक संगम का केंद्र



स्वामी जनार्दनाचार्य के नेतृत्व में चातुर्मास के उपरांत चल रहा है 54 कुंडीय यज्ञ

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। कोईलवर प्रखंड के सकड्डी गांव में गोवर्धन मंदिर के समीप आयोजित सात दिवसीय 54 कुंडीय श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ एवं चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के तहत मंगलवार को विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। यज्ञाधीश परम पूज्य काशी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री जनार्दनाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में साधु-संतों, महात्माओं एवं धमार्चार्यों का आगमन हुआ। संतों के जुटान से यज्ञ स्थल आध्यात्मिक और भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। बताया जाता है कि जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री जनार्दनाचार्य जी महाराज के चार माह तक चले चातुर्मास्य व्रत एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान की पूर्णता के उपरांत इस 54 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सात दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ यज्ञाहुतियां दी जा रही हैं। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। धर्म सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे संत-महात्माओं ने सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और मानव जीवन में धर्म की उपयोगिता पर अपने विचार रखे। रामानुजाचार्य स्वामी जनार्दनाचार्य महाराज ने कहा कि यज्ञ और धर्म सम्मेलन का उद्देश्य समाज में धर्म, अध्यात्म और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा करना है। यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोककल्याण, विश्व शांति और जनकल्याण की भावना से जुड़ा महापर्व है। ऐसे आयोजनों से लोगों में आपसी प्रेम, भाईचारा, सद्भाव और धार्मिक चेतना का संचार होता है। यज्ञ के कार्यकर्ता ऋतिक ओझा ने कहा कि इस महायज्ञ का आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

छठ घाटों की तैयारी तेज, एसडीएम ने पश्चिम पोखरा का किया निरीक्षण

सफाई, बैरिकेडिंग और अस्थायी शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त करने का दिया निर्देश

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर शाहपुर नगर पंचायत प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एसडीएम जगदीशपुर ओमप्रकाश लाल ने शाहपुर नगर पंचायत के प्रमुख छठ घाट पश्चिम पोखरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट पर उपलब्ध सुविधाओं और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने छठ घाट की समुचित सफाई कराने, पोखरा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से बैरिकेडिंग कराने तथा व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी शौचालय एवं स्नानागार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही घाट परिसर में मौजूद गड्ढेनुमा स्थानों और नमी वाले हिस्सों में मिट्टी भरकर जमीन को समतल कराने को कहा, ताकि छठ व्रतियों को अर्घ्य देने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी या दुर्घटना का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पूजा से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार, जेई जयनंदन चैधरी, सहायक लोक स्वच्छता प्रभारी मंजीत अरोरा एवं वार्ड पार्षद मनोज पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान-डॉ. अर्चना सिंह

कहा: पर्यावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण जरूरी



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिले के बिहिया प्रखंड के पीपरा जगदीश गांव में मंगलवार को नगर रामलीला समिति ट्रस्ट आरा के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर रामलीला समिति ट्रस्ट आरा की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह के नेतृत्व में आम, अमरुद्ध एवं महोगनी के वृक्षों का रोपण किया गया। इस मौके पर डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान होता है। लोगों को अपने जीवन में कम से कम एक-एक वृक्ष जरुर लगाना चाहिए। शहर से दूर सुदूर ग्रामीण इलाके में स्व. नवल किशोर प्रसाद (सेनि. डीएसपी) की स्मृति में नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा आज वृक्षारोपण किया गया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह (रि) ने कहा कि नगर रामलीला समिति ट्रस्ट अब शहर से गांव की ओर अग्रसर है। रामलीला के अलावे वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पीपरा जगदीश गांव में वृक्षारोपण किया गया। उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद चैरसिया ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए इस तरह के कार्यक्रम होने चाहिए। पत्रकार कृष्ण कुमार के बगीचे में आज 55 फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। अवधेश कुमार पांडेय ने कहा कि वर्तमान दौर में लोग गांव को छोड़कर शहरों में पलायन कर रहे हैं। उन्हें अपने पुरखों की जमीन पर वृक्षारोपण कर उनकी स्मृतियों को अमर रखना चाहिए। पत्रकार कृष्ण कुमार ने बताया कि कहा कि पिताजी के पूण्य स्मृति में नगर रामलीला समिति ट्रस्ट आरा के तत्वावधान में वृक्षारोपण किया गया। अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह के नेतृत्व में सुदूर ग्रामीण इलाकों में वृक्षारोपण हुआ। मौके पर सनातनी गंगा फाउंडेशन के कार्यकारिणी सदस्य राम अनुज सिंह, सर्जना ट्रस्ट के संजीव सिन्हा, मुन्ना ओझा, सुरेंद्र प्रसाद, रवि कुमार यादव, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार, बैजू साह, सुजीत कुमार आदि थे।

पूर्व कस्टम अधिकारी की हत्या की सुपारी लेने वाला कुख्यात पिंटू गिरफ्तार



राम कुमार सिंह हत्याकांडः पुलिस की बड़ी सफलता

पिंटू के घर से छापेमारी के दौरान एक कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद

चंदन-मनोज सहित जमीन रजिस्ट्री में शामिल लोगों ने पिंटू को दी थी सुपारी

पिंटू सहित गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को रिमांड पर लेगी पुलिस

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के कनकपुरी मोहल्ला निवासी क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष पूर्व कस्टम अधिकारी रामकुमार सिंह हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या की सुपारी लेने वाले पिंटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी गिरफ्तारी से हत्याकांड का अहम राज भी सामने आ गया है। पिंटू कुमार को पटना एसटीएफ के सहयोग से सोमवार की देर शाम कोईलवर पुल के पास से पकड़ा गया है। उसकी निशानदेही पर उसके घर से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पिंटू कुमार मूल रूप से बिहिया थाना क्षेत्र के झौंवा गांव का रहने वाला है। फिलहाल वह नगर थाना के कृष्णा नगर में रहता था। हत्या के बाद वह नागालैंड भाग गया था। इसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। हत्या के अलावे गांजा और शराब तस्करी सहित दर्जन कांडों में जेल जा चुका है। पिंटू कुमार ने पूर्व अधिकारी राम कुमार सिंह सिंह की हत्या के लिए दो शूटरों को हायर किया था और हथियार की भी व्यवस्था की थी। उसके लिए पिंटू कुमार को दो लाख की अग्रिम राशि दी गयी थी। हत्या के दौरान वह घटनास्थल पर मौजूद था। उसे सीसीटीवी फुटेज में शूटरों के साथ बाइक पर देखा जा रहा है। पिंटू कुमार पूर्व अधिकारी की हत्या के मुख्य अभियुक्त सिंगही निवासी चंदन सिंह का खास दोस्त था। चंदन और मनोज सहित जमीन रजिस्ट्री में शामिल सभी लोगों ने मिलकर चंदन को हत्या की सुपारी दी थी। हत्या के लिए शूटरों को घटनास्थल पर आने-जाने के लिए चंदन सिंह के मौसेरे भाई की बाइक का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस वार्ता में बताया कि कांड के नामजद मनोज सिंह लक्की और चंदन सिंह सहित चार अभियुक्तों को पूर्व ही गिरफ्तार कर लिया गया था। उसी क्रम में हत्या की सुपारी लेने वाले पिंटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसकी निशानदेही पर दोनों शूटरों और हत्या में इस्तेमाल हथियार एवं बाइक की बरामदगी को लेकर छापेमारी की जा रही है। हत्या कांड की कड़ी जोड़ने के लिए पिंटू कुमार, मनोज सिंह उर्फ लक्की और चंदन सिंह सहित अबतक गिरफ्तार पांचों अभियुक्तों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी। एसपी ने बताया कि अनुसंधान के दौरान नामजद अभियुक्तों तथा शूटरों के अलावे हत्या कांड में कुछ अन्य लोगों के नाम भी सामने आये हैं। सभी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। कुछ लोगों के वारंट भी मिल गया है। गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में उनके घर की कुर्की भी की जायेगी।

संक्षिप्त खबरें

बेनीपुर नगर परिषद क्षेत्र के छठ घाटों का निरीक्षण



निरीक्षण करते पदाधिकारी ।

बेनीपुर (एनएसबी)। नगर परिषद बेनीपुर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या- 3 दुर्गा मंदिर पोखर, वार्ड- 8 भरथैया पोखर और वार्ड- 15 महादेव पोखर स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण मंगलवार को प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी डा जयचन्द अकेला ने किया। निरीक्षण के दौरान छठ पर्व को लेकर चल रहे साफ-सफाई कार्य को अति शीघ्र सम्पन्न करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया। मौके पर मुखपार्षद मो अकबाल सहित स्थानीय वार्ड पार्षद आनंद कुमार झा, पार्षद प्रतिनिधि बी. पी.सिंह सफाई प्रभारी मोहन चौधरी, योजना पदाधिकारी कुमार संभव सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

हाईवा और बाइक में आमने-सामने की टक्कर मे तीन लोग घायल

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। शोभन-एकमी बाईपास सड़क पर निमार्णाधीन एम्स के समीप मंगलवार की दोपहर हाईवा और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद अनियंत्रित हाईवा सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में हाईवा चालक सहित बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। तीनों घायलों को इलाज के लिए डीएमसीएच भेजा गया। बताया गया है की हाईवा एकमी की ओर से शोभन जा रहा था, जबकि बाइक शोभन की ओर से एकमी की तरफ आ रही थी। इसी दौरान दोनों वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की घायलो की पहचान की जा रही। पुलिस मामले मे अग्रेतर कार्रवाई कर रही है ।

शोभन एकमी बाईपास एम्स निर्माण स्थल के समीप हुआ घटना

घड़ी चुरा कर भाग रहे एक चोर को लोगों ने दबोच लिया

दरभंगा (एनएसबी)। लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बीके रोड में स्थित एक चश्मे की दुकान से घड़ी चुरा कर भाग रहे एक चोर को लोगों ने दबोच लिया। पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामले को लेकर लहेरियासराय थाना क्षेत्र के शेर मोहम्मद के रहने वाले गुफरान अहमद ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें उन्होंने बताया कि सोमवार की शाम वे अपने दुकान पर घड़ी को निकाल कर बगल में हाथ धोने चला गया। कुछ देर बाद जब लौट कर आया तो देखा कि एक लड़का तेजी से मेरे दुकान से निकल रहा था। मैं जब उसको रोका तो वह भागने का प्रयास किया। उसके बाद आसपास की लोगों की मदद से उसे पकड़ा। उस लड़का के हाथ से घड़ी बरामद हुआ। जब लड़का से पूछा गया तो उसने बताया कि वह रहमगंज का रहने वाला शिवम कुमार है। उसके बाद इस घटना की सूचना डायल 112 पर दी। उसके बाद उक्त लड़का को पुलिस अपने साथ थाना पर ले गई। वह पहले भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। थानाधार चंद्रकांत गौड़ी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बाजार जा रही लड़की का अपहरण, विरोध करने पर भाई के साथ मारपीट

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से बाजार जा रही एक लडकी के अपहरण करने का मामला प्रकाश मे आया है। बताया गया है की उक्त घटना 27 अक्टूबर की है जिसमे दो बाइक पर सवार चार लोगो ने अपहरण की घटना का अंजाम दिया। इस मामले में पीड़ित भाई के आवेदन पर सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमे में बहादुरपुर थाना क्षेत्र के मनोरा गांव निवासी अमलेश कामत और कमलेश कामत तथा बहेड़ा थाना क्षेत्र के परीगांव निवासी माधव कुमार और राघव कामत को नामजद आरोपित बनाया गया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार युवक अपनी बहन के साथ बनौली चौक कपड़ा खरीदने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में दो बाइक पर सवार चार लोगों ने दोनों को घेर लिया। युवती के मुंह में गमछा बांधकर उसे जबरन बाइक पर बैठा लिया और अपने साथ ले गए। विरोध करने पर उपरोक्त आरोपियो ने युवती के भाई के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सभी फरार हो गए। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि लडकी के बरामदगी एवं आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही।

ट्रक के खलासी पर चाकू से किया वार, 50 हजार रुपए छीने

दरभंगा (एनएसबी)। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के एकमी के पास विवाद होने पर टोटो चालक ने ट्रक के खलासी के पेट पर चाकू से हमला कर दिया। घायल खलासी को इलाज के लिए डीएमसीएच के इमरजेंसी विभाग पहुंचाया गया। उसकी पहचान पटना जिले के मनेर बदन टोला निवासी कमलेश राय के पुत्र दारोगा राय 19वर्ष के रूप में की गई है।घायल को इलाज के लिए डीएमसीएच लेकर पहुंचे विकास कुमार ने बताया कि वे लोग ट्रक पर बालू लादकर एकमी आए थे। ट्रक अनलोड करने के बाद वे लोग लौट रहे थे। तीन ट्रक आगे बढ़ गए थे। एक ट्रक पीछे रह गया था। इस ट्रक के सामने अचानक एक टोटो आ गया। चालक के ब्रेक लगाने के बावजूद ट्रक टोटो से सट गया। इससे आक्रोशित टोटो चालक हंगामा करने लगा। उन्होंने दावा किया कि इस दौरान उसने खलासी दारोगा राय के पेट पर चाकू से वार कर दिया। इसके बाद 50 हजार रुपए छीनकर वह फरार हो गया। खलासी को इलाज के लिए डीएमसीएच पहुंचाया गया। विकास कुमार ने बताया कि ट्रक मालिक के पहुंचने पर मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

शराब सेवन के आरोप में हायाघाट प्रखंड के प्रधान लिपिक निलंबित

दरभंगा (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार ने मद्यनिषेध कानून के उल्लंघन के आरोप में हायाघाट प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित प्रधान लिपिक लखिन्द्र पासवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध, दरभंगा से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, जिला पदाधिकारी के ई-मेल पर प्राप्त शिकायत के आलोक में मामले की जांच कराई गई थी। जांच के क्रम में 30 सितंबर 2026 को हायाघाट थाना क्षेत्र स्थित हायाघाट प्रखंड के सरकारी क्वार्टर में लखिन्द्र पासवान की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई, जांच में शराब सेवन की पुष्टि हुई।इस मामले में मद्यनिषेध थाना, सदर, दरभंगा में प्राथमिकी दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया तथा अग्रेतर कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि बिहार में पूर्ण मद्यनिषेध लागू है। बिहार उत्पाद (संशोधन) अधिनियम, 2016 के तहत शराब का उत्पादन, भंडारण, परिवहन, बिक्री, सेवन प्रतिबंधित है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुमंडल कार्यालय, बेनीपुर निर्धारित किया गया है, जहां उन्हें प्रत्येक कार्यदिवस अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।इसके साथ ही, उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, हायाघाट को दो दिनों के भीतर आरोप पत्र गठित कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

पदयात्रा की सफलता को लेकर अतिपिछड़ा मोर्चा की बैठक

तारडीह (एनएसबी)। आगामी 05 नवंबर को दरभंगा में आयोजित होने वाली भाजपा की "लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ" पदयात्रा की सफलता को लेकर वैदेही सुपर मार्केट, पुतई में मंगलवार को अतिपिछड़ा मोर्चा की बैठक हुई। अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरण दास ने की।बैठक में पदयात्रा में अधिक से अधिक कार्यकताओं और आमलोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आपसी समन्वय के साथ अभियान में जुटने और पदयात्रा को सफल बनाने की अपील की। मौके पर मंडल अध्यक्ष रामदत्त पासवान, दया नरेश चौधरी, रामसेवक दास, राजेश्वर मंडल, बाले पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को बाल अधिकार, पॉस्को कानून एवं साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

बिरौल (एनएसबी)। सुरक्षित बचपन अभियान के तहत श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल, बिरौल में विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिरौल अनुमंडलीय न्यायालय के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार मिश्रा ने बच्चों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी।अपने संबोधन में श्री मिश्रा ने कहा कि बच्चों को गुड टच-बैड टच, बाल अधिकार, यौन शोषण से बचाव तथा किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार के विरुद्ध आवाज उठाने के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने साइबर बुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा अनजान लोगों से ऑनलाइन संपर्क और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से जुड़े खतरों के बारे में भी विद्यार्थियों को सचेत किया। विद्यालय के संयोजक राम रतन झा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी असहज या अप्रिय परिस्थिति में चुप रहने के बजाय अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी अवश्य दें। वहीं, पीएलवी श्री उत्तम चौपाल ने विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं आपातकालीन सहायता नंबर 112 की उपयोगिता और आवश्यकता के बारे में बताया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता संबंधी प्रस्तुतियों, नृत्य, शपथ एवं प्रेरक नारों के माध्यम से बाल सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, सुरक्षा के प्रति सजगता तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता विकसित करना था।बविद्यालय के प्राचार्य अचिंत्य घोष ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि विद्यालय और पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण में ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य गणेश चौधरी, नवलेश चौधरी, ब्रजेश चौधरी एवं पुरुषोत्तम चौधरी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि विद्यालय बच्चों के लिए सदैव सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लिया।



विद्यालय के बच्चे एवं पदाधिकार।

सोनकी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन पर चतुर्थवर्गीय कर्मी का वर्षों से कब्जा, प्रशासन बना मूकदर्शक

सरकारी भवन में रहने का आरोप, सिविल सर्जन नहीं ले रहे संज्ञान

दरभंगा (एनएसबी)। सदर प्रखंड के सोनकी स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां के सरकारी स्वास्थ्य भवन पर विभाग के ही एक चतुर्थवर्गीय कर्मी कृष्णा साह ने पिछले कई वर्षों से अवैध कब्जा कर रखा है और उसी सरकारी भवन को निजी आवास के रूप में उपयोग कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पताल का भवन मरीजों के इलाज के लिए है, न कि निजी आवास के लिए। लेकिन प्रशासन इस पूरे मामले पर मूकदर्शक बना हुआ है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी से लेकर जिला सिविल सर्जन तक ने इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। बताया जाता है कि कृष्णा साह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदर में चतुर्थवर्गीय कर्मी के पद पर पदस्थापित हैं, लेकिन उनका दबदबा सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर कई अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक चलता है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रीना कुमारी ने बताई कि अभी कुछ माह प्रभार लिए हुआ है इसकी पूरी जानकारी नहीं है इसकी जांच की जाएगी उसके बाद निश्चित कार्रवाई होगी, वही ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और सिविल सर्जन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर सरकारी भवन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और दोषी कर्मी पर सख्त



सरकारी स्वास्थ्य भवन में रह रहे कर्मी।

सहयोग शिविर का आयोजन तीन पंचायतों में किया गया

कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)। प्रखंड अंतर्गत सहयोग शिविर का आयोजन तीन पंचायतों में किया गया जिसमें मध्य विद्यालय ईटहर, उच्च माध्यमिक विद्यालय भिणडुआ में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया जहां विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर लगा जिसमें ऊर्जा विभाग,पशुपालन विभाग,ग्रामीण विकास विभाग,भिबीबि राम जी और खाद उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग,कृषि विभाग,समाज कल्याण विभाग,स्वच्छता विभाग नगर विकास एवं आवास, जीविका विभाग,शिक्षा विभाग,स्वास्थ्य विभाग, सीएफएल ईस प्रकार हर विभाग का अलग-अलग काउंटर लगाया गया जिसमें जनता के द्धारा संबंधित विभाग के काउंटर पर जा के आवेदन दिया और बिडीओ प्रभा शंकर मिश्रा ने दो पंचायतों के सहयोग शिविर का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के कर्मी को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में आवेदक का आवेदन वापस ना हो और जनता को कोई परेशानी ना हो और जनता का आवेदन जमा होना चाहिए बिडीओ श्री मिश्रा ने बताया कि ईटहर पंचायत में 62 आवेदन और भिणडुआ पंचायत में 8 आवेदन जमा हुए और नगर पंचायत कुशेश्वरस्थान पूर्वी में सहयोग शिविर लगा लेकिन कितना आवेदन जमा हुए ईसकी कोई जानकारी नही मिला है।

भारतीय ज्ञान परंपरा और मौसम विज्ञान विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

दरभंगा (एनएसबी)। भारतीय ज्ञान-परम्परा केवल किताबी या बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, ब्रह्मांड और मानव जीवन के बीच एक गहरा संतुलन स्थापित करती है। प्राचीन भारतीय ऋषियों, विचारकों और वैज्ञानिकों ने प्रकृति के नियमों का गहरा अध्ययन किया, जिसका उत्कृष्ट उदाहरण हमारा ऋतुचक्र है जो हमें यह सिखाता है कि मौसम के अनुसार अपने खान-पान, आचरण और जीवनशैली को कैसे ढाला जाए? वेदों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, वेदांग- ज्योतिष में काल गणना, बृहत्संहिता में मौसम एवं वर्षा संबंधी विचार, अर्थशास्त्र में वर्षा मापक और कालिदास के साहित्य में ऋतु एवं मानसून का सजीव चित्रण उपलब्ध है। उक्त बातें विश्वविद्यालय भूगोल विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो टुन टुन झा 'अचल' ने लनामिवि, दरभंगा के विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग एवं डॉ प्रभात दास फाउंडेशन, दरभंगा के संयुक्त तत्त्वावधान में "भारतीय ज्ञान परंपरा और मौसम विज्ञान" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में कही। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और ऋतुओं का संबंध भारत की प्राचीन संस्कृति, आयुर्वेद, कृषि और वर्तमान जीवन शैली से अत्यंत गहरा है। कहा कि पश्चिमी देशों में चार मौसम माने जाते हैं, लेकिन भारतीय ज्ञान प्रणाली और आयुर्वेद, चरक संहिता और सुश्रुत संहिता में छह ऋतुओं का विभाजन बहुत ही सूक्ष्मता से किया गया है, क्योंकि भारत की भौगोलिक विविधता और मानसूनी हवाएँ वर्ष को इन छह विशिष्ट हिस्सों में बांटती हैं।

अध्यक्षीय संबोधन में संस्कृत के विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णकान्त झा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और ऋतुओं का संबंध हमें सिखाता है कि मानव प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसका एक हिस्सा है। आधुनिक समय में जब जलवायु परिवर्तन और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं, तब प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और उसके ऋतु आधारित दृष्टिकोण को अपनाना अत्यंत प्रासंगिक और कल्याणकारी है। कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि मानव के सर्वांगीण विकास, नैतिक चरित्र निर्माण, सामाजिक समरसता, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और विश्व कल्याण की भावना विकसित करना है। अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कराते हुए सेमिनार के संयोजक डॉ आर एन चौरसिया ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में मौसम, वर्षा, वायु, ऋतुचक्र और जल-प्रबंधन के संबंध में प्रचुर सामग्री उपलब्ध है। यह हमारा प्राचीन, समृद्ध एवं मानवोपयोगी है जो बौद्धिक, आध्यात्मिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक विरासत का परिचायक है। इसका प्राचीन आधार वेद है। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया है। यह हजारों वर्षों से विकसित अनुभव, ज्ञान, चिंतन, जीवन दर्शन एवं व्यवहार का ऐसा व्यापक भंडार है, जिसने भारतीय समाज को दिशा देने के साथ-साथ संपूर्ण विश्व को भी काफी प्रभावित कर रहा है। विकसित भारत- 2047 के सपनों को साकार करने में भारतीय ज्ञान परंपरा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए फाउंडेशन के सचिव मुकेश कुमार झा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की विरासत और आधुनिक मौसम विज्ञान का विवेकपूर्ण समन्वय कृषि, जल-संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और आपदा प्रबंधन आदि को अधिक प्रभावी बनाने में योगदान दे सकता है। कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक अनुसंधान, तकनीकी विकास, नवाचार, उद्यमिता और कौशल विकास से जोड़कर राष्ट्र- निर्माण की नई संभावनाएं विकसित की जा सकती हैं। संगोष्ठी में अतिथियों का स्वागत पाग, चादर एवं पुष्प-पौधा से किया गया। वैदिक मंगलाचरण रतीश कुमार झा ने किया, जबकि पौराणिक मंगलाचरण डॉ विजय कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित ओलंपियाड-2026 में बिहार राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतने वाले संस्कृत विभाग के शोधार्थी निशांत कुमार झा को पाक चादर पुष्प पौधा आदि से सम्मानित किया गया। स्नातकोत्तर छात्रा श्वेता शिवानी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में संस्कृत प्राध्यापिका- डॉ मोना शर्मा, डॉ राम नारायण राय, डॉ मीना कुमारी ब्राह्मणी, डॉ विजय कुमार मिश्र, डॉ मनमोहन झा, डॉ शकुंतला कुमारी, डॉ कुमारी पूनम राय, डॉ शंभू कान्त झा, डॉ विनोदानंद झा, डॉ शकुंतला कुमारी, डॉ चंदन कुमार, डॉ मारुति नंदन भारद्वाज, प्रो उमेश कुमार, एवं डॉ ममता कुमारी, शिक्षिका- डॉ नीतू कुमारी, डॉ मंजरी खरे, डॉ उमेश साफी एवं प्रो लाल कुमार राय, शोधार्थी- नीरज कुमार सिंह, निशांत कुमार झा एवं रितु कुमारी, छात्र- रूपेश, विजय, राजू, शिवानी, नेहा, विजय, कृष्ण, अरुणिमा, निशा, जितेन्द्र, आदित्य, अनिल, राहुल, दयानंद, गजेन्द्र, कन्हैया, रोशन, स्मिता, पूजा, मुकेश, मितेश, केशव, सुधा, हेमा, अस्मिता, कल्पना, श्वेता, कर्मी- मंजू अकेला, योगेन्द्र पासवान एवं उदय कुमार उदेश सहित 65 से अधिक व्यक्ति उपस्थित थे।



सेमिनार में भाग लेते अतिथि एवं अन्य।

राज्यस्तरीय बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता पर पटना प्रमंडल ने जमाया कब्जा

अंडर-14 में ईशानवी सिंह, अंडर-17 में सुलेखा कुमारी व अंडर-19 में गरिमा श्री बनीं चैंपियन

दरभंग (एनएसबी)। खेल विभाग, बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का मंगलवार को फाइनल मुकाबलों एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्गों के बालिका एकल मुकाबलों के फाइनल खेले गए। इसमें विभिन्न प्रमंडलों की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के तीनों आयु वर्गों के एकल मुकाबलों में निम्नलिखित खिलाड़ी विजेता एवं उपविजेता रहीं .अंडर-14 बालिका एकल* में ईशानवी सिंह (पटना प्रमंडल) विजेता एवं गार्गी आर्या (पटना प्रमंडल) उपविजेता रहीं। अंडर-17 बालिका एकल में सुलेखा कुमारी (मगध प्रमंडल) विजेता एवं नेहा कुमारी (बिहार एकलव्य) उपविजेता रहीं। अंडर-19 बालिका एकल में गरिमा पटना प्रमंडल विजेता एवं नंदनी कुमारी बिहार एकलव्य उपविजेता रहीं।एकल वर्ग के परिणामों में पटना प्रमंडल ने दो आयु वर्गों में चैंपियनशिप अपने नाम की, जबकि अंडर-17 वर्ग में मगध प्रमंडल की सुलेखा कुमारी विजेता बनीं। इससे पूर्व प्रतियोगिता के दूसरे दिन पटना प्रमंडल ने अंडर-14 एवं अंडर-19 बालिका डबल्स वर्ग में भी चैंपियनशिप हासिल की थी। समापन समारोह में जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जल रड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर ओएसडी सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष अमन, सहायक आयुक्त मद्य निषेध प्रदीप कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार भी मौजूद थे।कार्यक्रम के दौरान जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार ने जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सहित सभी अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसके उपरांत अतिथियों ने विभिन्न आयु वर्गों के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना भी अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। खेल से अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास एवं संघर्ष की भावना विकसित होती है। खिलाड़ियों को जीत से उत्साहित होने के साथ-साथ हार से भी सीख लेकर अपनी कमियों को दूर करना चाहिए तथा निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि जिले के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने एवं खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के प्रति जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को बधाई दिया।ववरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का अभिन्न हिस्सा हैं। किसी प्रतियोगिता में पराजय मिलना असफलता नहीं, बल्कि अपनी कमियों को पहचानने एवं उनमें सुधार करने का अवसर है। खिलाड़ियों को खेल भावना एवं अनुशासन बनाए रखते हुए आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी करनी चाहिए।जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं समापन में सहयोग के लिए जिलाधिकारी कौशल कुमार के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा, कला-संस्कृति के साथ-साथ खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा स्थानीय बच्चों एवं युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में जिलाधिकारी का मार्गदर्शन एवं सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी, ओएसडी सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष अमन, सहायक आयुक्त मद्य निषेध प्रदीप कुमार सहित समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही प्रशिक्षकों, निर्णायकों, तकनीकी अधिकारियों, शिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया।



विजेता टीम के साथ पदाधिकारी।

मधुबनी में एएसआइ की गोलीबारी से एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

बलिराजगढ़ गांव में आधी रात हुई घटना; सर्विस पिस्टल से चार राउंड फायरिंग का आरोप, पुलिस पदाधिकारी निलंबित

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के बाबूबरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बलिराजगढ़ गांव में सोमवार की देर रात एक पुलिसकर्मी द्वारा अपने सरकारी सर्विस पिस्टल से गोली चलाने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान अशोक यादव (करीब 50 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार द्वारा जारी अद्यतन जानकारी के अनुसार, 2 नवंबर की रात करीब एक बजे बलिराजगढ़ गांव स्थित पुलिस पिकेट में प्रतिनियुक्त एक सहायक अवर निरीक्षक गांव की एक महिला के घर में मौजूद था। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने उसे घर के अंदर पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया और घेर लिया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, वहां से निकलने और भागने के प्रयास के दौरान एएसआइ ने अपने सरकारी सर्विस पिस्टल से चार राउंड फायरिंग की। इसमें चार लोग गोली लगने से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बाबूबरही थानाध्यक्ष ने गश्ती वाहन से सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल, मधुबनी पहुंचाया। इलाज के दौरान अशोक यादव की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायलों का उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार तथा सदर-01 एवं सदर-02 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मृतक एवं घायलों के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। इसके बाद सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों से भी पूछताछ की तथा उनके बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए।

एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना में संलिप्त एएसआइ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, संबंधित पुलिस पदाधिकारी की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-02 के नेतृत्व में दो विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस टीमों द्वारा संभावित ठिकानों पर सघन छापेमारी की जा रही है। आरोपी पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध हत्या से संबंधित प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस प्रशासन के अनुसार, फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है और विधि-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। मधुबनी पुलिस ने घटना को संवेदनशील बताते हुए दोषी के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है।

बलिराजगढ़ की घटना पर प्रशासन सख्त, फरार एएसआइ की गिरफ्तारी के लिए पांच विशेष टीम गठित

मामले का स्पीडी ट्रायल कर दोषी को दिलाई जाएगी कड़ी से कड़ी सजा : जिलाधिकारी

- एएसआइ के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले को मिलेगा 25 हजार का
- डीएम व वरीय पुलिस अधीक्षक ने धरना स्थल पहुंचकर पीड़ित परिजनों से की मुलाकात, हरसंभव सहायता का दिया भरोसा



धरना पर बैठे राजनीतिक नेता और अन्य लोग।



घटनास्थल पर एसडीएम व डीएसपी।

मधुबनी (एनएसबी)। बाबूबरही प्रखंड के बलिराजगढ़ में घटित घटना को जिला प्रशासन ने अत्यंत दुखद एवं गंभीर बताया है। जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार एवं उनके परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना एवं सहानुभूति प्रकट की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा दोषी के प्रति नरमी नहीं बरती जाएगी तथा कानून के अनुरूप कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इस क्रम में मंगलवार को जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक खोजपुर चौराहा स्थित धरना स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने धरनारत लोगों एवं स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनकी बातें सुनीं तथा घटना को लेकर उनकी भावनाओं और चिंताओं को समझा। इस दौरान घटना से अत्यंत मर्माहत एक वृद्ध महिला भावुक होकर जिलाधिकारी को पकडकर बिलखने लगीं। जिलाधिकारी ने उन्हें ढांढस बंधाया तथा भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रहा है।

मामले में त्वरित कार्रवाई एएसआइ निलंबित

घटना की जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने सदर अस्पताल जाकर पीडित एवं उनके परिजनों से भेंट की तथा बेहतर इलाज की व्यवस्था की। तत्पश्चात मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एएसआइ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। आरोपी के विरुद्ध बाबूबरही थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। फरार एएसआइ की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच विशेष टीमों का गठन किया गया है। गठित टीमों द्वारा संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके। फरार आरोपी की गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यक्ति को ?25,000 (पच्चीस हजार रुपये) का पुरस्कार देने की घोषणा भी की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पूरी तरह से सक्रिय एवं तत्पर है और मामले में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी।



धरनार्थियों से वार्ता करते जिला अधिकारी।

स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दिलाई जाएगी कड़ी सजा

जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि मामले की विधिसम्मत एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाएगी। स्पीडी ट्रायल के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया मे तेजी लाया जायेगा ताकि आरोपी को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए न्याय सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में भी जिला पदाधिकारी द्वारा संवेदनशील पहल की गई है। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत पीड़ित परिवार को ?20,000 की सहायता राशि प्रदान की गई है। साथ ही, कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत निर्धारित सहायता राशि अविलंब उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पीड़ित परिवार को नियमानुसार सभी देय सरकारी सहायता एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि इस कठिन समय में परिवार को आवश्यक आर्थिक संबल मिल सके।

शांति एवं सद्भाव बनाये रखने की अपील

इस अवसर पर जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट खबरों एवं भड़काऊ संदेशों से बचें। उन्होंने सभी लोगों से शांति, सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारा बनाये रखने तथा विधि-व्यवस्था संधारण में जिला प्रशासन एवं पुलिस को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता से खड़ा है और मामले में कठोर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आर्केस्ट्रा में मनपसंद गाना बजाने को लेकर विवाद, साउंड ऑपरेटर को मारी गोली

गर्दन में गोली लगने से 21 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल, डीएमसीएच रेफर, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के अंधराठाढ़ी थाना क्षेत्र के पस्टन गांव में रविवार की देर रात आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान गोलीबारी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। गंगौली पंचायत के वार्ड संख्या-13 स्थित प्राचीन अंकुरित भगवती स्थान एवं महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मनपसंद गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने साउंड ऑपरेटर को गोली मार दी। गोली युवक की गर्दन में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में कुछ दिन पूर्व आयोजित महादेव पूजा के समापन के बाद स्थानीय युवकों ने आपस में चंदा इकट्ठा कर आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया था। बताया जाता है कि कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई थी। रविवार की देर रात करीब 1:30 से 2 बजे के बीच कुछ युवक साउंड ऑपरेटर से अपनी पसंद का गाना बजाने की जिद करने लगे। साउंड ऑपरेटर द्वारा उनकी मांग पूरी नहीं किए जाने पर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया। इसी दौरान एक युवक ने हथियार निकालकर फायरिंग कर दी। गोली साउंड सिस्टम संभाल रहे युवक की गर्दन में जा लगी। गोली लगते ही वह खून से लथपथ होकर मौके पर गिर पड़ा। अचानक हुई गोलीबारी से कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। घायल युवक की पहचान पस्टन गांव निवासी श्रवण साह के 21 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार साह के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही अंधराठाढ़ी थाना की पुलिस तथा एसडीपीओ सुबोध कुमार सिन्हा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सने कपड़े सहित अन्य साक्ष्य बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गोली चलाने के आरोपी की पहचान कर ली गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है तथा उसके विरुद्ध मारपीट और शराब से संबंधित मामले दर्ज हैं। पुलिस टेंट संचालक, आर्केस्ट्रा आयोजकों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस घटना के बाद गांव में तनाव और दहशत का माहौल है। देर रात तक आयोजित कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था और बिना प्रशासनिक अनुमति सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

राज्य स्तरीय बालिका तलवारबाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विभिन्न आयु वर्गों में प्रतिभागियों के बटोरे पदक

मधुबनी (एनएसबी)। मधुबनी के वाटसन उच्च विद्यालय परिसर स्थित खेल भवन-सह-व्यायामशाला भवन में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय बालिका तलवारबाजी प्रतियोगिता में विभिन्न प्रमंडलों की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग की स्पधाओं में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने तलवारबाजी की विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा, तकनीक एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किया। जिसके परिणाम हैं:-

अंडर-14 आयु वर्ग
ईपी स्पर्धा

स्वर्ण पदक-खुशी कुमारी (पटना प्रमंडल)
रजत पदक-अर्पिता कुमारी (पटना प्रमंडल)
कांस्य पदक-प्रियांशी जायसवाल (पटना प्रमंडल)
कांस्य पदक-माही साह (पटना)

फॉयल स्पर्धा

स्वर्ण पदक-रश्मि कुमारी (पटना प्रमंडल)
रजत पदक-अंशु सावन (भागलपुर प्रमंडल)
कांस्य पदक-अनोखी राज (पटना प्रमंडल)
कांस्य पदक-पिहू जायसवाल (पटना प्रमंडल)

सेबरे स्पर्धा

स्वर्ण पदक- अक्षरा कुमारी (पटना प्रमंडल)
रजत पदक- श्रृष्टि भगत (भागलपुर प्रमंडल)
कांस्य पदक - नाफिया हैयात (भागलपुर प्रमंडल)
कांस्य पदक - सोनाक्षी राज (मुंगेर प्रमंडल)



खिलाड़ी प्रदर्शित करते।

अंडर-17 आयु वर्ग
ईपी स्पर्धा

स्वर्ण पदक-पूजा कुमारी (एकलव्य)
रजत पदक-कृति कुमारी (तिरहुत प्रमंडल)
कांस्य पदक-सुबाला कुमारी (भागलपुर प्रमंडल)
कांस्य पदक-अनुष्का माही (एकलव्य)

फॉयल स्पर्धा

स्वर्ण पदक- केशर राज (तिरहुत प्रमंडल)
रजत पदक - सामना कुमारी (पटना प्रमंडल)
कांस्य पदक - सृष्टि प्रिया (पटना प्रमंडल)
कांस्य पदक - निशु कुमारी (पटना प्रमंडल)

सेबरे स्पर्धा

स्वर्ण पदक - शबाना खातून (एकलव्य)
रजत पदक- रुखसाना खातून (एकलव्य)
कांस्य पदक- समृद्धि (एकलव्य)
कांस्य पदक - सपना कुमारी (पटना)

अंडर-19 आयु वर्ग
ईपी स्पर्धा

स्वर्ण पदक-श्रेषी सिन्हा (पटना प्रमंडल)
रजत पदक-अनुराधा कुमारी (एकलव्य)
कांस्य पदक-जूही कुमारी (तिरहुत प्रमंडल)
कांस्य पदक-ईशिका शेखर (पटना प्रमंडल)

फॉयल स्पर्धा

स्वर्ण पदक- सुप्रिया कुमारी (एकलव्य)
रजत पदक- ममता कुमारी (एकलव्य)
कांस्य पदक- निशा भारती (पटना प्रमंडल)
कांस्य पदक- सीमा कुमारी (तिरहुत प्रमंडल)

सेबरे स्पर्धा

स्वर्ण पदक-चहक सिंह (एकलव्य)
रजत पदक-आरुषी मेहता (पटना प्रमंडल)
कांस्य पदक-प्रेरणा (एकलव्य)
कांस्य पदक-मधु कुमारी (तिरहुत प्रमंडल)

प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला खेल पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । इस आयोजन से बालिका खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर मिला है। प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा तकनीकी पदाधिकारी के रूप में राकेश कुमार, संदीप कुमार, राजन कुमार, अंकित कुमार ,प्रवीण कुमार ,राजेश कुमार ,शिवम कुमार, सत्यम कुमार ने अपनी अहम भूमिका रहा।

दिसंबर के पहले सप्ताह में होगा बिहार राज्य खेल 2026 का आयोजन

पटना (एनएसबी)। बिहार राज्य खेल 2026 का आयोजन दिसंबर के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवा खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के उद्देश्य से बिहार राज्य खेल का आयोजन किया जा रहा है. इसमें 20 से अधिक खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। प्रतियोगिताओं का आयोजन पटना के विभिन्न खेल स्थलों के साथ-साथ नालंदा में भी किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान प्रतियोगिता के आयोजन, खिलाड़ियों की भागीदारी, टीमों के चयन और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित खेल संघों के माध्यम से टीमों की प्रविष्टि की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। आयोजन को लेकर अन्य तैयारियां भी तेजी से की जा रही है। प्रतियोगिता को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। खिलाड़ियों के स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सा सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के लिए गृह विभाग तथा प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को दी जाएगी। इसके अलावा अन्य संबंधित विभागों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

महिला के घर ग्रामीणों ने एएसआई को पकड़ा, विवाद के बाद चार राउंड फायरिंग, एक की मौत, तीन गंभीर घायल

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के बाबूबरही थाना क्षेत्र के बलिराजगढ़ इलाके खोजपुर में मंगलवार को उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब पुलिस अवर निरीक्षक चंदमोहन सिंह पर चार राउंड गोली चलाने का आरोप लगा। गोलीबारी में अशोक यादव की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। ग्रामीण आरोपी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाबूबरही थाने में पदस्थापित एएसआई चंदमोहन सिंह का इलाके की एक महिला के साथ कथित अवैध संबंध होने की बात सामने आई है। बताया जाता है कि बीती रात एएसआई महिला के घर पहुंचा था, जहां ग्रामीणों ने उसे कथित रूप से आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान ग्रामीणों से घिरने पर एएस आई अपनी सरकारी सर्विस रिवॉल्वर से चार राउंड फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी में अशोक यादव समेत चार ग्रामीण गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान अशोक यादव की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य घायलों का इलाज जारी है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी एएस आई की तत्काल गिरफ्तारी और उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही मधुबनी के एसएसपी योगेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एसएसपी ने बताया कि आरोपी एएस आई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है, जो संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। फिलहाल घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। पुलिस प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटा है। वहीं, पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

सहयोग शिविर के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को निष्पादित कराना है उद्देश्य : एसडीएम

बिस्फी। प्रखंड क्षेत्र के सिमरी पंचायत में एसडीएम शारंग पाणि पांडेय,बीडीओ बसंत कुमार सिंह,,एमओ कौशल कुमार मंडल, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हमीद गफूर, वीएओ कौशल कुमार सिंह पीएचईडी जेई रवि कुमार,बिजली जेई रितेश कुमार, बीसीओ ओमनाथ प्रसाद जबकि नाहस रूपौली उतरी पंचायत मे बीपीआरओ शेखर कुमार ने पंचायत सरकार भवन के परिसर में सहयोग शिविर का शुभारंभ किया.शिविर में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, महिला समूहों की सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे. सहयोग शिविर में पोर्टल के माध्यम से विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए. जिसमें पानी जल जमाव, नाला उड़ाही कारण, आवास,पेंशन, नल जल, स्वास्थ्य, जमीनी विवाद से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जिसमें कई आवेदनों का निष्पादन तत्काल कर दिया गया. सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं कि जानकारी भी दी गई. शिविर में उपस्थित एक-एक ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया.एसडीएम पांडेय ने कहा कि शिविर आम जनता के लिए काफी फायदेमंद है. शिविर के माध्यम से आम जनों की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से की जा रही है. सरकारी विभागों के अधिकारी शिविर में उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर रहे हैं 30 दिनों में लोगों कि समस्या का निदान की जा रही है. शिविर के प्रति जागरूक बनकर लोग आवेदन दे रहे हैं. और समस्याओं का निष्पादन करवा रहे है.मौके पर मुखिया सुधीर कुमार यादव, वशिष्ठ नारायण झा, सरवन पंजियार सहित कई लोगों उपस्थित थे।



सहयोग शिविर में एसडीएम ।

बेला औद्योगिक क्षेत्र में खड़े ट्रक से एक करोड़ की शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुजफ्फरपुर उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब नंबर की एक ट्रक से लगभग 1 करोड रुपए मूल्य का विदेशी शराब बरामद कर जब्त किया है। मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि मुजफ्फरपुर के बेला थाना क्षेत्र के नारायणपुर इंडस्ट्रीज एरिया फेज 2 में एक पंजाब नंबर ट्रक संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। जिसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब लोड है।


बेला औद्योगिक क्षेत्र में खड़ी पंजाब नंबर की ट्रक से बरामद एक करोड़ की शराब।

मामले की सूचना मिलते ही उत्पाद इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार के द्वारा एएसआई नीरज कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिसके बाद गठित विशेष टीम बेला थाना क्षेत्र के नारायणपुर इंडस्ट्रीज एरिया फेज 2 में पहुंच कर जब उस संदिग्ध पंजाब नंबर ट्रक की जांच की तो ट्रक के अंदर से भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप को बरामद किया गया। जिसके बाद मौके से ट्रक चालक को भी टीम ने गिरफ्तार कर लिया। विभागीय टीम गिरफ्तार चालक से पूछताछ की, पूछताछ के बाद विभागीय अधिकारी स्थानीय शराब तस्कर की तालाश कर रही है।

उत्पाद विभाग की टीम ने की छापामारी, अब स्थानीय शराब माफियाओ की खोज में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ने पूछताछ में बताया कि वह इस शराब की खेप को पंजाब से लेकर मुजफ्फरपुर पहुंचा था। जहां इसको अलग-अलग जगह पर अनलोड करना था। लेकिन उससे पहले ही वह पकड़ा गया। पकड़े गए ट्रक चालक की पहचान पंजाब राज्य के फतेहगढ़ साही निवासी मनप्रीत सिंह के रूप में हुई है। मामले को लेकर उत्पाद इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बेला थाना क्षेत्र के नारायणपुर इंडस्ट्रीज एरिया फेज 2 से पंजाब नंबर एक ट्रक को पकड़ा गया है। जिस ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब को बरामद किया गया है। बरामद शराब का मिलान कराया जा रहा है। वही मौके से ट्रक चालक की भी गिरफ्तारी की गई है। जिससे पूछताछ कर स्थानीय शराब तस्करों की पहचान की जा रही है।

राज्यपाल ने किया कॉलेज के वातानुकूलित सभागार एवं अतिथि गृह का उद्घाटन


उद्घाटन समारोह का शुभारंभ करते राज्यपाल ले.ज, सैयद अता हुसैन।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन मंगलवार को मुजफ्फरपुर पहुँचे, जहाँ उन्होंने नगर के चंदवारा स्थित डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह बी.एड. कॉलेज परिसर में नवनिर्मित वातानुकूलित सभागार एवं अतिथि गृह का दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। शुभ उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुई। अपने उद्घाटन संबोधन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने विद्यार्थियों को बिहार का भविष्य बताते हुए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के विस्तार एवं शिक्षा के क्षेत्र में बिहार को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह बी एड कॉलेज प्रबंधन द्वारा छात्र छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से शिक्षा के सुदृढ़ीकरण की दिशा में ऐसे प्रयास नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इस मौके पर राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर, डॉ महाचन्द्र प्रसाद सिंह, मेयर निर्मला देवी साहू सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, शिक्षाविद्, शिक्षकगण सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा को सशक्त बनाने में कैलाशपति मिश्र का रहा अहम योगदान : सुरेश शर्मा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर के स्पीकर चौक स्थित अटल सभागार में मंगलवार को भाजपा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित


पुण्यतिथि पर कैलाशपति मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा सहित अन्य लोग।

भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके व्यक्तित्व, विचारों और संगठन के प्रति किए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर डी.जे.एम. मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि कैलाशपति मिश्र ने भारतीय जनता पार्टी को सशक्त और संगठित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज भाजपा जिस स्वरूप में कार्य कर रही है, उसके पीछे कैलाशपति मिश्र जैसे वरिष्ठ नेताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अपना पूरा जीवन संगठन और समाज के लिए समर्पित किया। सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि आज कुछ ऐसी शक्तियां देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन भारत में रहने वाले सभी समुदायों के लोग चट्टानी एकता के साथ भाजपा के साथ खड़े हैं। श्री शर्मा ने स्वर्गीय मिश्र को शब्दभाव से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कैलाशपति मिश्र देश की एकता, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे के पक्षधर थे। उनके विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने पार्टी के कार्यकताओं से संगठन की मजबूती के साथ-साथ सामाजिक एकता और सद्भाव बनाए रखने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। मौके पर देवेंद्र विद्यार्थी, भोला चौधरी, संजय कुमार, फतेह बहादुर सिंह, शैलेंद्र नाथ सिंह, रामबाबू सुमन, राजू कुमार सिंह, सुमित कुमार, चितरंजन कुमार, उज्ज्वल मिश्रा, कृष्ण कुमार, मोहम्मद इकबाल, बसंत कुमार, अजय चौधरी, शंभू प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में आमंत्रित गणमान्य लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुजफ्फरपुर में रास वर्ल्ड के 133वें ब्रांच का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर के चंदवारा स्थित डॉ जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज परिसर के एम.पी.एस. इंडोर स्टेडियम में विश्व प्रसिद्ध मार्शल आर्ट्स संस्थान रास वर्ल्ड मार्शल आर्ट्स के 133वीं शाखा का उद्घाटन मंगलवार को बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन के द्वारा किया गया। इस खास मौके पर बिशिष्ट अतिथि के तौर पर बिहार सरकार के उच्च शिक्षा व विधि विभाग के मंत्री संजय सिंह टाईगर, बिहार राज्य सवर्ण आयोग के चेयरमैन डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह सहित नगर के अन्य गणमान्य लोगों के साथ साथ रास वर्ल्ड के सीईओ सह संस्थापक शिहान ई. राहुल श्रीवास्तव, मैनेजिंग डॉयरेक्टर सेशाई शिल्पी सोनम, ऐसोसिएट डॉयरेक्टर नंद कुमार समेत रास वर्ल्ड के सभी जिलों के पदाधिकारी व खिलाड़ी उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के दौरान सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए रास वर्ल्ड के सीईओ शिहान ई राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि रास वर्ल्ड के सभी ब्रांचों पर शहिदों के बच्चों व अनाथ बच्चों के लिए ट्रेनिंग व किट के साथ ही सारी सुविधाएं निः शुल्क उपलब्ध रहेगी। रास वर्ल्ड का लक्ष्य हैं देश के विभिन्न जिलों में कमसे कम एक क्लब खोलना, ताकि उस क्षेत्र के बच्चों, महिलाओं व लडकियों को सेल्फ डिफेंस के माध्यम से मजबूत व आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उद्घाटन के मौके पर कराटे व सवात (फ्रेंचबॉक्सिंग) खिलाड़ियों द्वारा बेहतरीन शो दिखाया गया। इस शो को अतिथियों ने खूब सराहा।


रास वर्ल्ड मार्शल आर्ट्स के 133वीं शाखा का फीता काटकर उद्घाटन करते बिहार के राज्यपाल।

शिक्षकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील हूं, मेरी जीत शिक्षकों की जीत है : प्रो. नरेंद्र प्रसाद सिंह

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विजयी प्रत्याशी प्रो. नरेंद्र प्रसाद सिंह से बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान शिक्षकों की समस्याओं, उनके अधिकारों तथा अतिथि प्राध्यापकों के सेवा समायोजन सहित विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों पर चर्चा हुई।
संघ के अध्यक्ष डॉ ललित किशोर ने कहा कि प्रो. नरेंद्र प्रसाद सिंह का लंबा अनुभव और शिक्षकों के प्रति उनकी संवेदनशीलता सभी संवर्गों के शिक्षकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। उन्हें विश्वास है कि वे शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा, समस्याओं के समाधान तथा अतिथि प्राध्यापकों के हितों के लिए प्रभावी पहल करेंगे। इस अवसर पर प्रो नरेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ह्लमेरी जीत शिक्षकों की जीत है।ह्व उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने जिस भरोसे और विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, उस पर खरा उतरने का वे पूरा प्रयास करेंगे। सरकार के स्तर पर वार्ता कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल की जाएगी।

एलएस कॉलेज की जमीन पर जबरन बीआरए बिहार विवि का गेट निर्माण कराने का मामला पहुंचा जिला प्रशासन के पास

जिले के कई विधायकों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति द्वारा पिछले एक महीने से ऐतिहासिक लंगट सिंह महाविद्याल की जमीन पर जबरन विश्वविद्यालय का गेट बनाने का किए जा रहे प्रयास तथा एल एस कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्रों, संघ के सदस्यों एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा किए जा रहे गेट निर्माण के विरोध को लेकर उत्पन्न विवाद अब जिला प्रशासन तक पहुंच गया है। जिले के कई विधायकों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय कुलपति के इस हरकत पर आक्रोश जताया है।

साथ ही विधायकों का एक शिष्टमंडल मंगलवार को जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें इस मामले से अवगत कराते हुए कॉलेज की जमीन पर विवि का गेट बनाने पर तत्काल रोक लगाने एवं इस पुरे मामले की जांच कराने की मांग जिला प्रशासन से की। विधायकों ने इस आशय से संबंधित एक ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा तथा मामले में त्वरित कार्रवाई कर स्थिति स्पष्ट करने को कहा। काँटी विधायक अजीत कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिलने और ज्ञापन सौपने समाहरणालय पहुँचे शिष्टमंडल मे शामिल विधायक रंजन कुमार, मीनापुर विधायक अजय कुमार आदि ने साफ कहा कि ऐतिहासिक लंगट सिंह महाविद्यालय मुजफ्फरपुर का गौरव और शान है। नगर के इस ऐतिहासिक धरोहर को किसी सूरत में विलुप्त होने नहीं दिया जाएगा। विधायकों ने कहा कि


विवि का गेट लंगट सिंह कॉलेज की जमीन पर बनाने को लेकर उत्पन्न विवाद की उच्च स्तरीय जांच को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपते विधायकगण।

इस विरासत को विलुप्त करने का प्रयास करने वाले लोगों को यह समझ लेना चाहिए कि बिहार विश्वविद्यालय लंगट सिंह कॉलेज कि दान दी हुई जमीन पर सांस ले रहा है। न कि लंगट सिंह कॉलेज विश्वविद्यालय की जमीन पर खड़ा है। वही विधायकों ने

इस विषय की गंभीरता से जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि लंगट सिंह महाविद्यालय मुजफ्फरपुर की ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक धरोहर है, इसके परिसर से जुड़े किसी भी निर्माण कार्य में महाविद्यालय की गरिमा, ऐतिहासिक विरासत एवं संबंधित नियमों का पूर्णतः पालन होना चाहिए। विधायकों ने इस संबंध में जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने एवं जांच पूरी होने तक प्रस्तावित निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया साथ ही कहा कि हमारी प्राथमिकता मुजफ्फरपुर की ऐतिहासिक धरोहरों, शैक्षणिक संस्थानों एवं जनहित से जुड़े विषयों का संरक्षण करना है, इस मामले में उचित जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

पीएनजी गैस विस्फोट कांड की प्रधान जिला जज ने की समीक्षा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सोमवार की दोपहर सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही में हुए गैस लीकेज विस्फोट कांड मामले को लेकर मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्वेता कुमारी सिंह की अध्यक्षता में उनके प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में नगर आयुक्त, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कार्यपालक अभियंता (पथ निर्माण विभाग), ओएनजीसी के अधिकारी तथा सदर थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उपस्थित अधिकारियों से दुर्घटना के वास्तविक कारणों, घटना के लिए जिम्मेदार लोगों तथा इस मामले में अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।


समीक्षा बैठक करती प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्वेता कुमारी सिंह।

उन्होंने सदर थानाध्यक्ष को घटना की गंभीरता से जांच करने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्वेता कुमारी सिंह ने सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों को हुई क्षति का आकलन कराया जाए तथा पात्र एवं जरूरतमंद पीड़ितों को मुआवजा उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि जिन लोगों के मकान एवं संपत्ति को क्षति पहुंची है, उनकी क्षति का आकलन कर उन्हें तत्काल अंतरिम मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही, इस हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों तथा दुर्घटना में जिन परिवारों के सदस्यों की मृत्यु हुई है, उनके परिजनों को भी तत्काल अंतरिम मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र में तत्काल कम्युनिटी किचन (सामुदायिक रसोई) शुरू करने का निर्देश दिया, ताकि गैस पाइपलाइन बंद रहने के कारण जिन परिवारों के समक्ष भोजन तैयार करने की समस्या उत्पन्न हो रही है, उन्हें भोजन की उपलब्धता में किसी प्रकार की कठिनाई न हों। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया।

गोबरसही गैस पाइपलाइन विस्फोट से उजड़े दुकानदारों का फूटा गुस्सा

मुआवजे की मांग को ले किया सड़क जाम

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। शहर के गोबरसही-डुमरी रोड पर सोमवार को हुए गैस पाइपलाइन विस्फोट ने कई दुकानदारों और स्थानीय परिवारों की जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। हादसे में किसी की वर्षों की मेहनत से खड़ी दुकान उजड़ गई तो किसी का मकान और उसमें रखा घरेलू सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र मे पीएनजी गैस की आपूर्ति ठप होने से सैंकड़ो परिवारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। इन विषम परिस्थितियों को झेल रहे सैंकड़ो लोग हादसे के दूसरे दिन मंगलवार को सड़क पर उतर आए। आक्रोशित दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने अपनी बबार्दी के बदले उचित मुआवजे की मांग करते हुए गोबरसही चौक को लगभग दो घंटे तक जाम रखा। जिसके कारण हाइवे पर यातायात अस्त व्यस्त रहा। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि गैस पाइपलाइन विस्फोट में उनकी दुकानों और मकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। कई लोगों की आजीविका का एकमात्र साधन दुकानें थीं, जो हादसे के बाद बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। ऐसे में उनके सामने परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षति का निष्पक्ष आकलन कराकर प्रभावित दुकानदारों और परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की। उनका कहना था कि केवल जांच और आश्वासन से प्रभावित परिवारों की मुश्किलें दूर नहीं होंगी। उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। गोबरसही चौक पर सड़क जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वही मामले की जानकारी मिलने पर पहुंचे पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियो ने प्रभावित लोगों को संतोषजनक आश्वासन देकर सड़क जाम समाप्त कराया।



जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित : जिलाधिकारी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। शहर के गोबरसही-डुमरी सड़क पर दो नवंबर को नाला निर्माण के दौरान गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने और विस्फोट की घटना की जिला प्रशासन ने उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है।

गठित कमेटी में अनुमंडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर पूर्वी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी और भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने समिति को घटना की विधिवत जांच कर सारगर्भित, तथ्यपरक एवं विस्तृत जांच प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह दुर्घटना किन परिस्थितियों में और किस स्तर पर हुई लापरवाही के कारण घटित हुई, इसकी जांच जरूरी है। इसके लिए घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल करने को कहा गया है। जांच कमेटी को यह भी पता लगाने का निर्देश दिया गया है कि निर्माण कार्य के दौरान गैस पाइपलाइन की सुरक्षा को लेकर निर्धारित सावधानियों का पालन किया गया था या नहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जांच समिति आवश्यक सुझाव भी देगी। ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी। इसका सभी संबंधित विभागों एवं एजेंसियों से सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

आम लोगों को वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए नुककड़ नाटक के माध्यम से दिया संदेश

जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार को लेकर कलाकारों ने किया जागरूक

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मंगलवार को दि मुजफ्फरपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मकड़ी टोला (जगदीशपुर) दुर्गा चौक दरिया छपड़ा (विशुनपुरपट्टी) रजवाड़ा हलिमपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव, बीमा एवं पेंशन योजनाओं, केवाईसी का अनुपालन तथा डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर ग्रामीणों को बताया गया कि अब पैक्स कार्यालयों के माध्यम से माइक्रो एटीएम सुविधा एवं अन्य बैंकिंग सेवाएं गांव के नजदीक उपलब्ध कराई जा रही हैं।



वित्तीय जन जागरकता को लेकर नुककड़ नाटक का मंचन करते रंगकर्मी।

इससे ग्रामीणों को नकद निकासी, खाते में उपलब्ध शेष राशि की जानकारी तथा मिनी स्टेटमेंट जैसी सुविधाएं आसानी से प्राप्त हो सकेंगी और उन्हें इन सेवाओं के लिए दूर स्थित बैंक शाखाओं में जाने की आवश्यकता कम होगी। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान श्री राजश्री इंटरप्राइजेज, फुलवारीशरीफ, पटना के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। टीम लीडर संजय कुमार यादव के साथ सुनील कुमार, महावीर साह एवं कृष्णा भगत ने गीत एवं अभिनय के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव, सतर्कता तथा सुरक्षित बैंकिंग के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में किसानों एवं ग्रामीणों को छोटी-छोटी बचत के महत्व, वित्तीय सुरक्षा तथा जागरूक ग्राहक की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि वित्तीय रूप से जागरूक नागरिक ही समृद्ध परिवार, सशक्त गांव एवं विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

इस अवसर पर दि मुजफ्फरपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. के साहेबगंज शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आर्थिक सुरक्षा के लिए उपयुक्त बीमा अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष की आयु के पात्र व्यक्तियों के लिए नियमित अंशदान के आधार पर 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशन प्राप्त करने की सुविधा के बारे में बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दुर्घटना बीमा तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत जीवन बीमा का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। साथ ही, इन योजनाओं की पात्रता, प्रीमियम एवं बीमा लाभ की जानकारी देते हुए लोगों से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं बैंक ग्राहकों को केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्हें समझाया गया कि केवाईसी प्रक्रिया ग्राहकों की पहचान सत्यापित करने, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं वित्तीय अपराधों की रोकथाम में सहायता करने तथा बैंकिंग नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान लोगों को डिजिटल बैंकिंग एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में विशेष रूप से सतर्क रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं, किसानों एवं ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि वित्तीय साक्षरता केवल बैंकिंग सेवाओं की जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुरक्षित भविष्य, आर्थिक आत्मनिर्भरता और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव का महत्वपूर्ण माध्यम है।

20 सूत्री की बैठक में जिले में पांच नए नगर पंचायत का गठन

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। सरकार की विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सभी विभाग आपसी समन्वय एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों, गुणवत्ता एवं स्वीकृत विशिष्टियों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाएं।

उक्त बातें सुश्री श्रेयसी सिंह, मंत्री, उद्योग एवं खेल विभाग-सह-प्रभारी मंत्री, सीतामढ़ी ने समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आयोजित बीस सूत्री की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर कोताही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंचे।

बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा प्रभारी मंत्री, सांसद सीतामढ़ी देवेश चंद्र ठाकुर को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं उप विकास आयुक्त सहित अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। बैठक में पांच नए नगर पंचायतः- परिहरपुर, सोनबरसा, रीगा, रुन्नीसैदपुर बाजपट्टी एवं दो नगर पंचायत सुरसंड और बेलसंड का नगर परिषद में उत्क्रमण का प्रस्ताव समिति द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया।

विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : प्रभारी मंत्री

शहरी क्षेत्रों में सफाई एवं जलजमाव पर विशेष जोर

नगर निगम एवं विभिन्न नगर परिषद क्षेत्रों में साफ-सफाई की अपर्याप्त व्यवस्था का मुद्दा जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाया गया। इस पर मंत्री ने नगर आयुक्त एवं सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को नियमित साफ-सफाई, कचरा निष्पादन एवं जलनिकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। सांसद, सीतामढ़ी द्वारा भी नगर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर जलजमाव की समस्या दूर करने तथा स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाने पर बल दिया गया।

स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

बैठक में बुडको द्वारा क्रियान्वित स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना की समीक्षा की गई। कार्य में विलंब पर असंतोष व्यक्त करते हुए मंत्री ने योजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि शहरी क्षेत्रों में जलनिकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

दो नगर पंचायत का नगर परिषद में उत्क्रमण के प्रस्ताव को समिति द्वारा सर्वसम्मति से पारित



बैठक में मंचासीन मंत्री श्रेयसी सिंह, सांसद, विधायक, डीएम-एसपी व अन्य।



परिचर्चा भवन में आयोजित 20 सूत्री की बैठक में शामिल सदस्य व अन्य।

नल-जल योजना एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बैठक में नल-जल योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा बंद अथवा प्रभावित योजनाओं को अविलंब चालू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित, पूर्ण एवं लंबित योजनाओं की अद्यतन सूची सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही नल जल योजना से संबंधित उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदन की जांच कमेटी गठित कर जांच कराने का निर्देश दिया।

पीएचईडी को निर्देशित किया गया कि जहां नल-जल योजनाएं प्रभावित हैं, वहां तत्काल मरम्मत एवं पुनसंर्चालन सुनिश्चित करें। साथ ही आमजन की शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए प्राप्त फोन कॉल एवं शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें। जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पीएचईडी की पृथक समीक्षा कर लंबित योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर पुलिस पिकेट का निर्माण करने का सुझाव दिया गया। मंत्री के द्वारा पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि महिलाओं तथा कम उम्र की लड़कियों के साथ घट रही घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने के मद्देनजर सघन जागरूकता अभियान चलाना सुनिश्चित किया जाए। शहर के विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों के पास सुरक्षा का माकूल प्रबंध करें। जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों के लिए कृषि फीडर की व्यवस्था, उससे संबंधित जले ट्रांसफर का तुरंत मरम्मती, विद्युत पोल का सही जगह पर अधिष्ठापन/शिफ्टिंग इत्यादि को लेकर संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। मंत्री ने शहर के विभिन्न हिस्सों में नाले निर्माण में हो रहे विलंब को लेकर नाराजगी प्रकट करते हुए नाला निर्माण के कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा शहर में अतिक्रमण को लेकर सवाल उठाए गए जिस पर अध्यक्ष के द्वारा संबंधित विभाग को इस संबंध में उचित कदम उठाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुपरी एवं सुरसंड बाजार में जाम की समस्या तथा जल जमाव की समस्या की बात उठाई गई इसके निराकरण को लेकर संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सड़क एवं संपर्क पथों की स्थिति सुधारने का निर्देश

जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले की विभिन्न सड़कों की जर्जर स्थिति का मुद्दा उठाए जाने पर मंत्री ने आरसीडी एवं आरडब्ल्यूडी के अभियंताओं को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खराब सड़कों को शीघ्र दुरुस्त किया जाए, जहां आवश्यकता हो वहां एप्रोच रोड का निर्माण कराया जाए।

अन्य विभागों की समीक्षा : बैठक में कृषि, शिक्षा, कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, पशुपालन, मत्स्य, जीविका, लघु जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, सदस्य बिहार विधान सभा श्रीमती रेखा कुमारी, विधायक रुन्नीसैदपुर पंकज मिश्रा, विधायक सीतामढ़ी सुनील कुमार पिंटू, विधायक परिहार श्रीमती गायत्री देवी, विधायक सुरसंड प्रो. नागेन्द्र राउत, विधायक रीगा बैद्यनाथ प्रसाद, विधायक बेलसंड अमित कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता एवं सत्येंद्र सिंह कुशवाहा, विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, डीडीसी श्वेता भारती उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

गंभीर शिकायतों के बाद गाढ़ा थानाध्यक्ष निलंबित, एसडीपीओ को सौंपी गई जांच

सीतामढ़ी (एनएसबी)। गाढ़ा थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक (पुअनि) सोनी कुमारी को कर्तव्य निर्वहन में अनियमितता एवं विभागीय दिशा-निदेशों के उल्लंघन के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से मंगलवार, 3 नवंबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, थानाध्यक्ष सोनी कुमारी के विरुद्ध प्राप्त गंभीर शिकायतों एवं उपलब्ध तथ्यों के प्रथमदृष्टया अवलोकन में कर्तव्य के प्रति लापरवाही, मनमानेपन, कर्तव्यहीनता, अनुशासनहीनता तथा स्वेच्छाचारिता का मामला सामने आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया है। साथ ही, प्राप्त शिकायतों की जांच की जिम्मेदारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), सदर-1 को सौंपी गई है। जांच के बाद मामले में आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

शिकायतों की जांच में अनियमितता मिलने पर पुपरी थानाध्यक्ष निलंबित, शिकायतकर्ता के साथ अनुचित व्यवहार व आवेदन में तथ्यों के साथ छेड़छाड़ का आरोप

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुपरी थानाध्यक्ष रामाशंकर कुमार को गंभीर अनियमितताओं के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी की अनुशंसा पर तिरहुत क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) ने यह कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से तीन नवंबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुपरी थानाध्यक्ष के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच के दौरान पाया गया कि शिकायतकर्ता के आवेदन में वर्णित तथ्यों में अनधिकृत बदलाव किया गया तथा नियमानुसार कार्रवाई नहीं की गई। इसके अलावा शिकायतकर्ता के साथ अनुचित व्यवहार किए जाने की बात भी सामने आई। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि थानाध्यक्ष का यह कृत्य कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, मनमानेपन एवं अनुशासनहीनता को दर्शाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी, तिरहुत क्षेत्र ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

पर्व-त्योहार पर बाजारों में सुचारू यातायात व्यवस्था की मांग, व्यवसायी संघ ने डीएम को भेजा आवेदन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। आसन्न पर्व-त्योहारों के मद्देनजर शहर के प्रमुख बाजारों में सुचारू यातायात व्यवस्था बहाल करने की मांग को लेकर व्यवसायी संघ मेन रोड, सीतामढ़ी ने जिला पदाधिकारी को आवेदन दिया है। संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार बब्लू ने प्रशासन से पर्व के दौरान विशेष यातायात प्रबंधन करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि प्रशासनिक सहयोग से आमलोग अपनी सुविधानुसार बाजार में खरीदारी कर सकेंगे। इससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ सरकार के जीएसटी राजस्व संग्रह में भी सहयोग मिलेगा। संघ ने मुख्य पथ एवं समानांतर सड़कों पर यातायात सुचारू रखने तथा शहर के मध्य नगर निगम की खाली पड़ी जमीन पर अस्थायी मोटरसाइकिल पार्किंग की व्यवस्था करने का सुझाव दिया है। इसके तहत किरण चौक (बाबू वीर कुंवर सिंह चौक) से अस्पताल रोड, नगर उद्यान होते हुए भवदेपुर चौक से महंत साह चौक तक तथा गांधी चौक से बंसुश्री चौक, कोट बाजार होते हुए जानकी मंदिर रीगा रोड तक टोटो एवं चारपहिया वाहनों के परिचालन की व्यवस्था करने की मांग की गई है। वहीं, किरण चौक से जानकी मंदिर तक प्रधान पथ पर सुबह आठ बजे से रात्रि 12 बजे तक तीनपहिया, चारपहिया एवं भारी वाहनों के परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया गया है। इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ वाले स्थानों को चिह्नित कर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की मांग की गई है। आवेदन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक (यातायात) एवं नगर थाना को भी भेजी गई है।

माता वैष्णो देवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं संध्या आरती, 85 जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में मंगलवार, 3 नवंबर को नवंबर माह के प्रथम मंगलवार के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विशेष पूजा-अर्चना एवं संध्या आरती का आयोजन किया गया। मंदिर के सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता श्री की पूजा-अर्चना कर जनकल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर माता रानी को पुरी, खीर एवं आलू-गोभी की रसेदार सब्जी का भोग लगाया गया। इसके बाद मंदिर के अतिथि गृह में पंगत में बैठाकर दो पालियों में कुल 85 जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक भरपेट भोजन कराया गया। सेवा कार्यक्रम का आयोजन माता मंदिर मार्ग, सीतामढ़ी निवासी एवं वर्तमान में दिल्ली में एक्साइज एंड कस्टम विभाग में कार्यरत संतोष कुमार ने अपने सुपुत्र के जन्मदिन के अवसर पर माता श्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा के संकल्प के साथ किया। कार्यक्रम में मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के महासचिव एवं भाजपा नेता राजीव कुमार राजा, मंडल के सचिव अमित कुमार रवि, सदस्य सुजय कुमार पप्पू (प्रोपराइटर, दवावाला बीज वाला, स्टेशन रोड, सीतामढ़ी) एवं समाजसेवी रोहित कुमार ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर जरूरतमंदों की सेवा को माता रानी के प्रति सच्ची श्रद्धा और मानवता का कार्य बताते हुए ऐसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया गया।

स्कॉर्पियो की टक्कर से मोपेड सवार दो चापाकल मिस्त्री की मौत

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। बैरगनिया-ढेंग सड़क में नन्दबारा चौक के समीप मंगलवार को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से मोपेड सवार दो चापाकल मिस्त्री की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने स्कॉर्पियो जप्त कर लिया है जो रेलवे के कार्य मे लगा हुआ है जबकि चालक फरार हो गया है।मिली जानकारी के अनुसार शहर के सेखौना गांव निवासी स्व. देवधारी ठाकुर के 58 वर्षीय पुत्र हरिलाल ठाकुर अपने सहकर्मी अशोगी वार्ड-8 निवासी मन्देश पासवान के साथ अहले सुबह मोपेड बाइक से ढेंग स्थित अपने ही अस्थाई पर इसलिए गया था कि ढेंग में सोमवार को चापाकल गाड़ने के बाद औजार को छोड़कर आया था उसी को लेकर बैरगनिया लौट रहा था तभी नन्दबारा चौक के समीप तेज रफ्तार में विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मोपेड में मार दी फलतः घटना स्थल पर ही दोनों मिस्त्री, सहकर्मी की मौत हो गयी। स्कॉर्पियो चालक को मौके पर लोगों ने पकड़ लिया लेकिन स्थानीय होने का फायदा उठाकर लोगों के चंगुल से वह फरार हो गया तब वहां पुलिस पहुँची। मृतक मन्देश स्व. सोनू पासवान का पुत्र बताया गया है।बताया जाता है कि घटना के बाद जुटी भीड़ की मदद से दोनों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मंदेश पासवान को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से जख्मी बताकर जबरन हरिलाल को सदर अस्पताल रेफर कर दिया,सदर अस्पताल पहुँचने पर चिकित्सक ने बताया कि वह घण्टों पूर्व मृत हो चुके थे। हरिलाल के परिजन ने मृत पिता को जबरन रेफर करने का आरोप अस्पताल प्रबंधन, प्रशासन पर लगाते हुए इसकी भी निष्पक्ष जांच की मांग की है तथा चालक को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग भी की है।



रोते-विलखते परिजन व ग्रामीणों की भीड़।

घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी एवं सीओ आशीष आनंद घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जप्त कर लिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इधर, हादसे से आक्रोशित लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरगनिया में जमकर हंगामा किया, स्थिति को देखते हुए सीओ आशीष आनंद ने मृतकों के परिजनों को जल्द से जल्द चार-चार लाख रुपये मुआवजा दिलाने की घोषणा की। इसके बाद लोग शांत हुए। मृतक हरिलाल ठाकुर अपने पीछे पत्नी, पांच पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। वहीं मंदेश पासवान के परिवार में पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री हैं। दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बाल सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में किशोरी संवाद



डुमरा प्रखंड के मिश्रौलिया विद्यालय में कार्यक्रम में शामिल छात्रायें, पुलिस अधिकारी व अन्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन के निर्देशन एवं वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) मो. नजीब अनवर के मार्गदर्शन में सीतामढ़ी पुलिस, मानव तस्करी निरोध इकाई एवं अदिथी कवच परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में संचालित ह्यबाल सुरक्षा संकल्प अभियानह्ल के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में किशोरी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बाल विवाह एवं बाल दुव्यार्पार के दुष्परिणामों से छात्राओं को कराया गया अवगत, अधिकारों के प्रति किया जागरूक

इस क्रम में डुमरा प्रखंड की मिश्रौलिया, परिहार प्रखंड की बबूरवन एवं महादेवपट्टी तथा भुतही की दोस्तियां पंचायत के विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं के साथ संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह एवं बाल दुव्यार्पार के दुष्परिणामों, संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा बाल अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं को शिक्षा, सुरक्षा, समानता, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता के महत्व से अवगत कराते हुए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह एवं बाल तस्करी जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए किशोरियों की जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में संबंधित थानों के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों, महिला थाना के प्रतिनिधियों एवं अदिथी कवच परियोजना के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किशोरियों की आवाज और भागीदारी को बढ़ावा देना तथा पंचायतों को बाल विवाह एवं बाल दुव्यार्पार मुक्त बनाने की दिशा में सामुदायिक प्रयासों को सशक्त करना है।

फौकानिया और मौलवी परीक्षा15 मार्च से

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना की ओर से वर्ष 2027 की फोकानिया एवं मौलवी परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, दोनों परीक्षाएं 15 मार्च से 20 मार्च 2027 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। बोर्ड की ओर से परीक्षा की तैयारी एवं संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी निर्धारित किए गए हैं। मदरसा बोर्ड के सचिव अब्दुस सलाम अंसारी एवं परीक्षा नियंत्रक दिलशाद मुस्तकिम के निदेर्शानुसार जारी कार्यक्रम के तहत फौकानिया तथा मौलवी परीक्षा के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं निर्धारित तिथियों पर आयोजित होंगी। मौलवी परीक्षा में कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं इस्लामियात संकाय के परीक्षार्थी शामिल होंगे।

दो पालियों में होगी परीक्षा : निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8:45 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 1:45 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले तक ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। प्रथम पाली के लिए सुबह 8:30 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना होगा। प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। ऐसे में परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

23 मार्च को होगी प्रायोगिक परीक्षा : फौकानिया एवं मौलवी के प्रायोगिक विषयों की परीक्षा 23 मार्च 2027 को संबंधित मदरसे में ही आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपने मदरसे से परीक्षा कार्यक्रम, विषयवार तिथि और अन्य आवश्यक निदेर्शों की जानकारी प्राप्त कर लें।

अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में नामांकन की तिथि 17 तक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में कक्षा नौवीं एवं कक्षा 11वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) में नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर 2026 तक विस्तारित कर दी है। इससे नामांकन के इच्छुक छात्र-छात्राओं को आवेदन करने का अतिरिक्त अवसर मिलेगा।

कक्षा नौवीं और 11वीं में नामांकन के लिए 17 नवंबर तक जमा कर सकेंगे आवेदन, 29 नवंबर को होगी परीक्षा

इस संबंध में सीतामढ़ी की सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. सुनीता सोनू ने बताया कि बिहार में निवास करने वाले अल्पसंख्यक समुदायों के छात्र-छात्राओं के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी समुदाय के विद्यार्थी नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन की प्रक्रिया पूरी करें और विभाग की ओर से जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें। तिथि विस्तार का उद्देश्य पात्र विद्यार्थियों को नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर उपलब्ध कराना है। विभागीय विज्ञापन के अनुसार, आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। प्रवेश-पत्र 21 नवंबर से 28 नवंबर 2026 तक डाउनलोड किया जा सकेगा, जबकि प्रवेश परीक्षा 29 नवंबर 2026 को आयोजित होगी। परीक्षा परिणाम 10 दिसंबर 2026 को प्रकाशित करने का कार्यक्रम निर्धारित है। चयनित विद्यार्थियों का नामांकन 14 दिसंबर से 19 दिसंबर 2026 तक होगा तथा शैक्षणिक सत्र की शुरूआत 7 जनवरी 2027 से प्रस्तावित है। राज्य के दरभंगा, किशनगंज, नालंदा, कैमूर, मुजफ्फरपुर, जमुई, कटिहार, सहरसा, सुपौल, पूर्णिया, पूर्वी चंपारण, रोहतास एवं मुंगेर स्थित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में नामांकन की व्यवस्था है। कुछ विद्यालयों के लिए अलग-अलग जिलों में कैंप भी निर्धारित किए गए हैं।

ग्रामीण बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत रेड क्रॉस ब्लड बैंक में लगा शिविर, रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय सीतामढ़ी की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' थीम पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, सीतामढ़ी के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान कर सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन किया।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार सुन्दरका ने कहा कि रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन इस बात का प्रमाण है कि लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। रेड क्रॉस के ब्लड बैंक की सेवाओं का भी लगातार विस्तार हो रहा है, जिसका लाभ जिले के जरूरतमंद मरीजों को मिल रहा है।



रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव।

उन्होंने बताया कि भविष्य में ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर लगाने की योजना है। इससे एक यूनिट रक्त को अलग-अलग तीन घटकों में विभाजित कर तीन जरूरतमंद मरीजों को लाभ पहुंचाया जा सकेगा।

शिविर में बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रत्नेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सुदीप्त भट्टाचार्य एवं वित्तीय समावेशन अधिकारी अंशु कुमार के नेतृत्व में रुचि रानी, मनीष कुमार, शशिकांत चौधरी, राहुल कुमार एवं अविनीश कुमार ने रक्तदान किया।

रक्तदान करने वाले सभी कर्मियों को रेड क्रॉस की ओर से प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिह्न एवं तिरंगा दुपट्टा प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर के सफल आयोजन में लैब टेक्नीशियन जीवेश कुमार मिश्रा एवं सुनील कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सम्पादकीय

संविधान की भावना और शिक्षक की नैतिक जिम्मेदारी

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता और कानूनों के समान संरक्षण की गारंटी देता है। अनुच्छेद 15 कुछ निर्दिष्ट आधारों पर भेदभाव के निषेध से संबंधित है। अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता को समाप्त करता है और उसका किसी भी रूप में आचरण निषिद्ध करता है। इन संवैधानिक मूल्यों का व्यापक संदेश यही है कि किसी व्यक्ति की गरिमा और अधिकारों को उसकी सामाजिक पहचान के कारण कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। विद्यालयों में इन मूल्यों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। शिक्षक को अपने व्यवहार से यह प्रदर्शित करना चाहिए कि समानता कोई औपचारिक नारा नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में अपनाया जाने वाला सिद्धांत है। यदि कोई शिक्षक किसी सहकर्मी के साथ जातीय आधार पर अपमानजनक व्यवहार करता है, किसी विद्यार्थी को उसकी जाति के कारण अलग करता है या किसी समूह के प्रति घृणा फैलाता है, तो ऐसी शिकायतों की गंभीरता के अनुरूप जांच और नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, जहां विवाद केवल कार्यशैली, व्यक्तिगत मतभेद या प्रशासनिक असहमति से जुड़ा हो, वहां उसे बिना प्रमाण जातीय भेदभाव का नाम देना उचित नहीं होगा। न्यायपूर्ण विद्यालय वही है, जहां न किसी के साथ भेदभाव हो और न किसी को बिना पर्याप्त आधार दोषी ठहराया जाए।

विद्यालय में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने की जिम्मेदारी केवल शिक्षकों की व्यक्तिगत नैतिकता तक सीमित नहीं है। प्रधानाध्यापक अथवा प्रभारी प्रधानाध्यापक की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। उन्हें विद्यालय में ऐसा कार्य-संस्कृति विकसित करनी चाहिए, जहां सभी शिक्षक अपनी बात रख सकें, जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्पक्षता से हो और विवादों का समाधान समय पर किया जा सके। विद्यालय स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। इन बैठकों में शैक्षणिक प्रगति, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पाठ्यक्रम की स्थिति, परीक्षा परिणाम, विद्यालय की आवश्यकताओं और प्रशासनिक समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए। यदि किसी शिक्षक को किसी निर्णय पर आपत्ति है, तो उसके लिए उचित मंच उपलब्ध होना चाहिए। शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया भी पारदर्शी होनी चाहिए। किसी शिक्षक को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि उसकी बात केवल उसकी सामाजिक पहचान के कारण सुनी या अनसुनी की जा रही है। इसी तरह, किसी पर आरोप लगने की स्थिति में उसे अपना पक्ष रखने का अवसर मिलना चाहिए। शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विद्यालयों में किसी प्रकार की भेदभावपूर्ण गतिविधि की शिकायत मिलने पर मामले की निष्पक्ष जांच हो। जांच का उद्देश्य किसी पक्ष को अपमानित करना नहीं, बल्कि तथ्य सामने लाना, आवश्यक सुधार करना और भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकना होना चाहिए।

विद्यालयों में होने वाले विवादों का सबसे संवेदनशील पक्ष विद्यार्थियों का भविष्य है। बच्चे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति, सामाजिक परिवेश और व्यक्तिगत परिस्थितियों के साथ विद्यालय पहुंचते हैं। अनेक बच्चों के लिए सरकारी विद्यालय ही बेहतर भविष्य की सबसे महत्वपूर्ण आशा होते हैं। ऐसे में विद्यालय का वातावरण उनके लिए सुरक्षित, सहयोगपूर्ण और प्रेरणादायक होना चाहिए। यदि शिक्षक आपसी विवादों में उलझे रहते हैं, तो विद्यार्थियों को मिलने वाला शैक्षणिक सहयोग प्रभावित हो सकता है। कभी कक्षा संचालन में अनियमितता, कभी पढ़ाई के प्रति उदासीनता और कभी विद्यालय की गतिविधियों में समन्वय की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। यह मान लेना उचित नहीं होगा कि हर आपसी विवाद से पढ़ाई प्रभावित होती ही है, लेकिन लंबे समय तक बना तनाव कार्यस्थल की उत्पादकता और सहयोग की भावना को कमजोर कर सकता है। इसलिए किसी भी मतभेद को समय रहते सुलझाना विद्यालय और विद्यार्थियों, दोनों के हित में है।

शिक्षकों को स्वयं से यह प्रश्न करना चाहिए कि उनकी आपसी असहमति का बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। क्या वे अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभा पा रहे हैं क्या विद्यालय में बच्चों को समान अवसर मिल रहे हैं क्या सहकर्मियों के साथ व्यवहार में पेशेवर मर्यादा बनी हुई है इन प्रश्नों पर आत्ममंथन करना किसी भी शिक्षक के लिए उपयोगी हो सकता है। समाज में जातीय भेदभाव समाप्त करने की चर्चा अक्सर राजनीतिक मंचों, सामाजिक संगठनों और सार्वजनिक सभाओं में होती है। लेकिन इसका वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब समानता और सम्मान की भावना घर, विद्यालय और कार्यस्थल के दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनेगी। विद्यालय इस दिशा में सबसे प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमियों के बच्चों को साथ पढ़ने, साथ खेलने, सामूहिक गतिविधियों में भाग लेने और एक-दूसरे की प्रतिभा का सम्मान करने के अवसर मिलने चाहिए।



प्रमोद कुमार सिंह

शिक्षाविद

मेरा बचपन, मेरा अधिकार

बाल अधिकारों की रक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बाल शोषण पर रोक और भयमुक्त वातावरण से ही संवरेगा आने वाली पीढ़ी का भविष्य। बचपन जीवन का वह अनमोल समय है, जिसकी यादें व्यक्ति के पूरे जीवन का आधार बनती हैं। यही वह अवस्था है, जब एक बच्चा सपने देखता है, नई बातें सीखता है, अपने आसपास की दुनिया को समझता है और धीरे-धीरे अपने व्यक्तित्व का निर्माण करता है।

बचपन केवल उम्र का एक पड़ाव नहीं, बल्कि जीवन की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी है। इस अवस्था में बच्चों को जिस प्रकार का वातावरण, संस्कार, शिक्षा, सुरक्षा और अवसर मिलते हैं, उनका प्रभाव उनके संपूर्ण भविष्य पर पड़ता है। इसलिए प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक, स्वतंत्र और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना परिवार, समाज और शासन की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मेरा बचपन, मेरा अधिकार केवल एक आकर्षक नारा नहीं, बल्कि बच्चों के अस्तित्व, सम्मान, सुरक्षा और भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण संदेश है। इसका सीधा अर्थ है कि प्रत्येक बच्चे को बिना किसी भेदभाव के जीने, सीखने, खेलने, अपनी बात रखने और अपनी प्रतिभा विकसित करने का अवसर मिलना चाहिए। किसी भी बच्चे का बचपन गरीबी, अशिक्षा, बाल विवाह, बाल श्रम, हिंसा, शोषण अथवा सामाजिक भेदभाव की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। बच्चों को केवल परिवार की जिम्मेदारी मानकर उनके अधिकारों की उपेक्षा नहीं की जा सकती। वे समाज और राष्ट्र के भविष्य के महत्वपूर्ण आधार हैं।

बच्चों के अधिकार केवल कागजों तक सीमित न रहें

हमारे देश में बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए विभिन्न संवैधानिक और कानूनी प्रावधान किए गए हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) जैसे कानून बच्चों की सुरक्षा और विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद सामाजिक जागरूकता की कमी, आर्थिक कठिनाइयों और परंपरागत सोच के कारण अनेक बच्चे आज भी अपने बुनियादी अधिकारों से वंचित रह जाते हैं।

सुरक्षा का अधिकारः हर बच्चे को मिले भयमुक्त वातावरण

बच्चों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण विषयों में से एक है। घर, विद्यालय, सार्वजनिक स्थान और डिजिटल दुनियाहर जगह बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। आज बच्चों के सामने शारीरिक शोषण, मानसिक प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध और अन्य प्रकार के जोखिम मौजूद हैं। कई बार बच्चे जानकारी के अभाव, भय, शर्म या सामाजिक दबाव के कारण अपनी परेशानी किसी को बता नहीं पाते। ऐसी स्थिति में अपराध का पता चलने और बच्चे को सहायता मिलने में देर हो सकती है। इसलिए बच्चों को उनकी उम्र और समझ के अनुरूप अच्छे और अनुचित व्यवहार के बीच अंतर समझाना जरूरी है। उन्हें यह बताया जाना चाहिए कि यदि किसी व्यक्ति का व्यवहार उन्हें असहज करता है, कोई उन्हें डराता-धमकाता है अथवा अनुचित तरीके से छूता है, तो वे चुप न रहें। अपनी बात माता-पिता, शिक्षक या किसी विश्वसनीय जिम्मेदार व्यक्ति को बताएं। बच्चों को यह भरोसा देना भी आवश्यक है कि किसी अनुचित घटना के लिए वे दोषी नहीं हैं और उनकी बात को गंभीरता से सुना जाएगा।

विशेष रूप से यह समझना होगा कि बच्चों की सुरक्षा केवल बाहरी व्यक्तियों से ही जुड़ा विषय नहीं है। बच्चे के आसपास मौजूद हर व्यक्ति को उसके प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार व्यवहार करना चाहिए। सुरक्षा का वातावरण विश्वास, संवाद, सम्मान और सतर्कता से तैयार होता है।

पोक्सो अधिनियम : बाल शोषण के विरुद्ध कानूनी संरक्षण

बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए पोक्सो अधिनियम, 2012 लागू किया गया है। यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण प्रदान करता है। इसके अंतर्गत यौन उत्पीड़न, लैंगिक हमला और बच्चों के अश्लील उद्देश्यों के लिए उपयोग जैसे अपराधों के विरुद्ध विशेष कानूनी प्रावधान किए गए हैं।

इस अधिनियम की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें पीड़ित बच्चे की गरिमा, निजता और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया निर्धारित की गई है। विशेष न्यायालयों के माध्यम से ऐसे मामलों की सुनवाई की व्यवस्था की गई है। बच्चे की पहचान की गोपनीयता बनाए रखना और उसे अनावश्यक मानसिक परेशानी से बचाना भी कानूनी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

लेकिन कानून की जानकारी तभी उपयोगी साबित होगी, जब बच्चे, अभिभावक और शिक्षक इसके प्रावधानों को समझें। विद्यालयों में सरल भाषा में पोक्सो अधिनियम की जानकारी दी जानी चाहिए। बच्चों को बताया जाना चाहिए कि किसी भी प्रकार

तकनीक बच्चों के ज्ञान और विकास का माध्यम बने, न कि उनके लिए भय और शोषण का कारण। इसके लिए परिवार, विद्यालय और समाज को मिलकर डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना होगा।

के यौन शोषण या अनुचित व्यवहार की जानकारी मिलने पर उचित प्राधिकारी को सूचित करना आवश्यक है। शिकायत को दबाना, पीड़ित बच्चे को दोषी ठहराना अथवा समझौते के लिए दबाव बनाना समस्या को और गंभीर बना सकता है।

बाल विवाह : छिन जाता है बचपन का अधिकार

बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य के सामने एक गंभीर चुनौती है। कम उम्र में विवाह होने से विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार निर्धारित न्यूनतम आयु से कम उम्र में विवाह प्रतिबंधित है। वर्तमान कानूनी व्यवस्था में महिलाओं के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और पुरुषों के लिए 21 वर्ष है। कई बार गरीबी, सामाजिक दबाव, अशिक्षा और पुरानी परंपराओं के कारण परिवार कम उम्र में विवाह को उचित मान लेते हैं। लेकिन यह सोच बच्चों के भविष्य को सीमित कर देती है। बाल विवाह के कारण पढ़ाई बीच में छूट सकती है, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं और कम उम्र में जिम्मेदारियों का बोझ पड़ सकता है। समाज को यह समझना होगा कि बेटियों की सुरक्षा का अर्थ उनका कम उम्र में विवाह कर देना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है। प्रत्येक बेटी को अपने सपने पूरे करने का अवसर मिलना चाहिए। परिवार, पंचायत, विद्यालय और प्रशासन को मिलकर बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता बढ़ानी होगी।

बाल श्रम : शिक्षा और सपनों के बीच बाधा

बच्चों के हाथों में किताबें, कलम और खिलौने होने चाहिए, न कि मजदूरी का बोझ। बाल श्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास को प्रभावित करता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में कई बार बच्चों को कम उम्र में काम पर लगा दिया जाता है। इससे उनकी शिक्षा बाधित होती है और भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त करने की संभावनाएं कम हो जाती हैं। बच्चों को श्रम और शोषण से बचाना केवल कानून लागू करने का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी प्रश्न है। परिवारों को आर्थिक सहायता, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना आवश्यक है। समाज को भी बाल श्रम को सामान्य मानने के बजाय इसके विरुद्ध जिम्मेदार भूमिका निभानी चाहिए।

शिक्षा : सुरक्षित और सम्मानजनक बचपन का सबसे बड़ा आधार

शिक्षा बच्चों को केवल पढ़ना-लिखना नहीं सिखाती, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों, कर्तव्यों और जीवन की चुनौतियों को समझने की क्षमता भी प्रदान करती है। शिक्षित बच्चा अपने आसपास की परिस्थितियों को बेहतर तरीके से समझ सकता है और अनुचित व्यवहार के विरुद्ध अपनी आवाज उठा सकता है। विद्यालयों में ऐसा वातावरण होना चाहिए, जहां बच्चे बिना किसी भय के प्रश्न पूछ सकें, अपनी समस्याएं बता सकें और अपनी प्रतिभा का विकास कर सकें। शिक्षकों का व्यवहार संवेदनशील, सहयोगात्मक और सम्मानजनक होना चाहिए। किसी बच्चे को उसकी आर्थिक स्थिति, सामाजिक पृष्ठभूमि, भाषा, शारीरिक क्षमता अथवा शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। विद्यालयों में बाल सुरक्षा समिति, शिकायत सुनने की व्यवस्था, नियमित जागरूकता कार्यक्रम और अभिभावक-शिक्षक संवाद को प्रभावी बनाया जाना चाहिए। बच्चों को खेल, कला, संगीत, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलना चाहिए। पढ़ाई के साथ खेल और रचनात्मक गतिविधियां भी उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

अभिभावकों की भूमिका : बच्चों के साथ विश्वास का रिश्ता जरूरी

बच्चों की सुरक्षा की पहली जिम्मेदारी परिवार से शुरू होती है। माता-पिता और अभिभावक बच्चों के सबसे निकट होते हैं। इसलिए उन्हें बच्चों की भावनाओं, व्यवहार और जरूरतों को समझने का प्रयास करना चाहिए। बच्चों के साथ नियमित संवाद होना चाहिए, ताकि वे अपनी छोटी-बड़ी समस्याएं बिना किसी संकोच के साझा कर सकें।

डिजिटल दुनिया में बच्चों की सुरक्षा भी जरूरी

तकनीक और इंटरनेट ने बच्चों के लिए ज्ञान और सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराए हैं। अनलाइन शिक्षा, डिजिटल पुस्तकालय और शैक्षणिक सामग्री से बच्चों को लाभ मिल रहा है। लेकिन इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर बुलिंग, अनलाइन धोखाधड़ी, अनुचित सामग्री, निजी जानकारी के दुरुपयोग और अनलाइन शोषण जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं। बच्चों को डिजिटल सुरक्षा की जानकारी देना समय की आवश्यकता है। उन्हें अनजान लोगों से अनलाइन बातचीत करने, निजी तस्वीरें और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने तथा संदिग्ध लिंक खोलने के संभावित खतरों के बारे में समझाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी है छठ : आचार्य राकेश झा

रवियोग में 13 को नहाय-खाय से शुरू होगा छठ महापर्व सर्वार्थ सिद्धि योग में पहला अर्घ्य 15 को रविवार व षष्ठी तिथि का बना महासंयोग

पटना (दैनिक नवसंदेश) । सनातन धर्म का सबसे कठिन एवं लोक आस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान कार्तिक शुक्ल चतुर्थी में 13 नवंबर शुक्रवार को नहाय-खाय से शुरू होगा । शनिवार 14 नवंबर को लोहंडा (खरना) में व्रती पुरे दिन का उपवास कर शाम में भगवान भास्कर की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। वहीं 15 नवंबर दिन रविवार को षष्टी तिथि की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा । छठ महापर्व के चतुर्थ दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन में सोमवार 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर आयु-आरोग्यता, यश, संपदा का आशीर्वाद लिया जाएगा।



आचार्य राकेश झा

छठ पर्व में सूर्योपासना करने से छठ माता प्रसन्न होती है तथा परिवार में सुख, शांति व धन-धान्य से परिपूर्ण करती है । सूर्यदेव के प्रिय तिथि पर पूजा, अनुष्ठान करने से अभीष्ट फल प्रदान करते हैं। इनकी उपासना से असाध्य रोग, कष्ट, शत्रु का नाश, सौभाग्य तथा संतान की प्राप्ति होती है।

रवियोग योग के सुयोग में 13 को नहाय-खाय

पटना के प्रमुख ज्योतिष विद्वान आचार्य राकेश झा ने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों के सबसे प्रमुख पर्व छठ का चतुर्थ दिवसीय अनुष्ठान 13 नवंबर शुक्रवार को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को मूल नक्षत्र व धृति योग के साथ रवियोग में पहले दिन नहाय-खाय होगा । छठ वती इस दिन गंगा नदी, जलाशय, पोखर या स्नान जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करके भगवान भास्कर को जलार्घ्य देकर चार दिवसीय अनुष्ठान की सफलता हेतु प्रार्थना करेंगी । फिर पूरी पवित्रता से तैयार प्रसाद स्वरूप अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी, आवलाँ की चासनी, पकौड़ी आदि ग्रहण कर अनुष्ठान का आरंभ करेंगी ।

पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में 14 को व्रती करेंगी खरना

कार्तिक शुक्ल पंचमी में 14 नवंबर शनिवार को पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के साथ पुण्यकारी रवियोग में छठ महापर्व का दूसरे दिन के अनुष्ठान में व्रती खरना का पूजा करेंगी । इसमें छठ करने वाले श्रद्धालु पुरे दिन निर्जला उपवास करके सायंकाल में भगवान भास्कर की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। इस दिन प्रसाद पाने के बाद वतियों का 36 घंटे का निर्जला अनुष्ठान का संकल्प लेंगी । खरना के प्रसाद में ईख के कच्चे रस, गुड़ के सेवन से त्वचा रोग, आँख की पीड़ा समाप्त हो जाते है ।

षष्ठी तिथि में छठ का पहला अर्घ्य 15 को

सूर्य उपसना का महापर्व छठ के तीसरे दिन में कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि में 15 नवंबर रविवार को सर्वार्थ सिद्धि एवं रवियोग में वती पूरी निष्ठा व पवित्रता के साथ फल, मिष्ठान्न, नारियल, पान-सुपारी, माला, फूल, अरिपन से डाला सजाकर शाम को छठ घाट पर जाकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देगी । सूर्य को अर्घ्य देने से मानसिक शांति, उन्नति व प्रगति होती है ।

16 को अर्घ्य देने के बाद होगा समापन

कार्तिक शुक्ल सप्तमी में सोमवार 16 नवंबर को वृद्धि योग व सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग में छठ पर्व के चौथे एवं अंतिम दिन में अहले सुबह में व्रती गंगा घाट या कृत्रिम घाट से उदीयमान सूर्य को दूध तथा जल से अर्घ्य देकर इस महावत का समापन करेंगी । इसके साथ ही 36 घंटे से चला आ रहा निर्जला उपवास भी पूर्ण होगा । व्रती अन्य श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देकर पारण करेंगी ।

स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी है छठ

ज्योतिषाचार्य राकेश झा के अनुसार इस मौसम में शरीर में फस्फोरस की कमी होने के कारण शरीर में रोग (कफ, सर्दी, जुकाम) के लक्षण परिलक्षित होने लगते है । प्रति में फस्फोरस सबसे ज्यादा गुड़ में पाया जाता है । जिस दिन से छठ शुरू होता है उसी दिन से गुड़ वाले पदार्थ का सेवन शुरू हो जाता है, खरना में चीनी की जगह गुड़ का ही प्रयोग किया जाता है । इसके साथ ही ईख, गागर एवं अन्य मौसमी फल प्रसाद के रूप प्रयोग किया जाता है ।

एक विशाल वट-वृक्ष थे रवींद्र किशोर सिन्हा : डा अनिल सुलभ

पटना (दैनिक नवसंदेश) सुप्रसिद्ध समाजसेवी, पत्रकार, उद्यमी और राजनेता डा रवीन्द्र किशोर सिन्हा का व्यक्तित्व एक ऐसे विशाल वट-वृक्ष के समान था, जिसके कोटरों और छाया में अनेक जीव पोषण और संरक्षण पाते हैं। अपने महान उद्यम और पुरुषार्थ के बल पर राई से पर्वत का आकार प्राप्त करने वाले वे एक विरल व्यक्ति थे, जिनके विशाल हृदय में करुणा और उदारता थी। सहायता की आशा लेकर आने वाले व्यक्तियों को, उनकी अपेक्षा से अधिक देकर ससम्मान विदा करने वाले वे संभवतः इस समय के अकेले व्यक्ति थे। उनके न होने से आज अनेक घर अनाथ हो गए हैं। लाखों लोग इस देश में धन-कुबेर हैं, पर कोई आर के सिन्हा नहीं हो सकता।

यह बातें मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में श्री सिंह के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही । उन्होंने कहा कि सिन्हा जी साहित्य सम्मेलन के भी अनन्य शुभेच्छु और संरक्षक थे । सम्मेलन के पाँच महाधिवेशनों के स्वागताध्यक्ष रहे । प्रत्येक महाधिवेशन का लगभग सारा बोझ उठा लिया करते थे। एक महाधिवेशन के लिए हमने आर्थिक सहयोग लेने से मना कर दिया यह सिद्ध करने के लिए कि हम उन्हें आर्थिक-सहायता मात्र के लिए स्वागताध्यक्ष नहीं बनाते, अपितु उन्हें एक उदार संस्कृति-पुरुष मानकर यह सम्मान देते हैं। सम्मेलन ने उन्हें विद्यावाचस्पति की उपाधि से भी विभूषित किया था । सम्मेलन का आगामी महाधिवेशन विश्रुत विद्वान आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव तथा डा रवीन्द्र किशोर सिन्हा की स्मृति को समर्पित किया जाएगा ।



साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई श्रद्धांजलि-सभा ।

स्वर्गीय सिन्हा के निकट सहयोगी रहे कुमार अनुपम ने कहा कि सिन्हा जी एक महान समाज सेवी तो थे ही, अपने बिहार से बहुत प्रेम करते थे। उन्होंने ऐसी व्यवस्था की थी कि उनके व्यापार से दिया जाने वाला कर बिहार को प्राप्त हो। उनके सभी कर्मियों को हिस्से के रूप में लाभांश मिलता है। उनकी कृपा प्राप्त कर सैकड़ों गरीब विद्यार्थी चिकित्सक, अभियंता और अधिकारी बन गए।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वरिष्ठ साहित्यकार डा रत्नेश्वर सिंह, श्याम बिहारी प्रभाकर, डा नागेश्वर यादव, सुनील कुमार दूबे, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, कुमार अनुपम, डा पूनम आनंद, ईं अशोक कुमार, चित्तरंजन भारती, डा मनोज गोवर्धनपुरी, प्रो सावित्री कुमारी, प्रवीर कुमार पंकज, इंदु भूषण सहाय, अधिवक्ता हरि मोहन मिश्र, संजय शुक्ल, नमिता लोहानी आदि सम्मिलित थे ।

एकता कपूर के नए शो 'दिल की बेवफाइयाँ' में पहली बार साथ दिखेंगे गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या, 24 नवंबर को होगा प्रीमियर

मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या के नए शो को लेकर दर्शकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है! बालाजी टेलीफिल्म्स के अफिस में दोनों कलाकारों की झलक दिखाकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाने के बाद, स्टार प्लस ने अपने बहुप्रतीक्षित शो 'दिल की बेवफाइयाँ' की प्रीमियर डेट का ऐलान कर दिया है। एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा निर्मित इस रोमांटिक फैमिली ड्रामा में गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या पहली बार पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। 'अनुपमा' और 'कुंडली भाग्य' जैसे लोकप्रिय शोज के बाद दोनों कलाकार इस नए शो के जरिए एक बार फिर डेली फिक्शन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। 'दिल की बेवफाइयाँ' का प्रीमियर 24 नवंबर को स्टार प्लस पर होगा।



शो के लान्च को और भी खास बनाते हुए स्टार प्लस ने 'दिल की बेवफाइयाँ' के नौ पोस्टर्स एक साथ जारी किए हैं। टेलीविजन शो के प्रमोशन में अपनी तरह की इस पहली पहल के जरिए दर्शकों को शो की दुनिया की पहली झलक देखने को मिली है। इन नौ पोस्टर्स ने शो के किरदारों, उनके आपसी रिश्तों और कहानी में आने वाले उतार-चढ़ाव को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। गौरव और श्रद्धा की नई जोड़ी को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एकता कपूर ने कहा, दोनों कलाकारों को दर्शकों से हमेशा भरपूर प्यार मिला है और मैं लंबे समय से चाहती थी कि ये दोनों एक साथ स्क्रीन पर नजर आएं। अब जब आखिरकार ऐसा होने जा रहा है, तो मैं बेहद उत्साहित हूं, थोड़ी नर्वस भी हूं और अभी से सोच रही हूं कि दर्शक इन दोनों को एक साथ देखकर कैसी प्रतिक्रिया देंगे! एकता कपूर के साथ काम करने और स्टार प्लस पर वापसी को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए गौरव खन्ना ने कहा, मेरे फैंस मुझसे लगातार पूछ रहे थे कि हम आपको नए शो में कब देखेंगे और अब मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 'इज बैक!' मेरे फैंस का प्यार और उनका इंतजार मेरी इस वापसी को और भी खास बनाता है।

11 वें सबरंग फिल्म अवार्ड्स में 'टुनटुन' सर्वश्रेष्ठ फिल्म, चिंटू और अंजना सिंह को मिला बेस्ट एक्टर का अवार्ड, जबकि रंजन सिन्हा बने बेस्ट पीआरओ

पटना (दैनिक नवसंदेश) । भोजपुरी सिनेमा के सितारों से सजी 11वें सबरंग फिल्म अवार्ड्स 2026 का भव्य आयोजन 31 अक्टूबर को मुंबई के मलाड वेस्ट स्थित अथर्वा इंजीनियरिंग कॉलेज में किया गया, जिसमें फिल्मकार रत्नाकर कुमार की फिल्म 'टुनटुन' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार अपने नाम किया।

वहीं, इस आयोजित समारोह में सुपर स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू को फिल्म 'आँखें' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और भोजपुरी हट केक अंजना सिंह को फिल्म 'कुश्ती' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड दिया गया। इसके अलावा जनसंपर्क के क्षेत्र में काम के लिए रंजन सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ पीआरओ के सम्मान से नवाजा गया।

इस आयोजन के दौरान पुरस्कारों के साथ कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया और उनका मन मोह लिया। कार्यक्रम में अभिनेता और सांसद मनोज तिवारी, अभिनेता अवधेश मिश्रा, यश कुमार सहित कई कलाकार, फिल्मकार और समीक्षक मौजूद रहे। इस दौरान आयोजक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि सबरंग फिल्म अवर्ड्स भोजपुरी सिनेमा और उससे जुड़े कलाकारों, तकनीशियनों तथा अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित करने का प्रतिष्ठित मंच है। उन्होंने इसे भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए फिल्मफेयर जैसा सम्मान बताते हुए कहा कि लगातार 11वें वर्ष आयोजन होना इसकी लोकप्रियता और सफलता को दर्शाता है।

कुलदीप श्रीवास्तव ने समारोह को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कलाकारों, फिल्मकारों, तकनीशियनों, अतिथियों और दर्शकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सबरंग फिल्म अवर्ड्स भोजपुरी सिनेमा से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित करने का मंच है। सभी के सहयोग और प्यार से यह आयोजन लगातार 11वें वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी सबरंग भोजपुरी सिनेमा की प्रतिभाओं को सम्मानित करने और उन्हें प्रोत्साहित करने का काम जारी रखेगा।

11वां सबरंग फिल्म अवर्ड्स सूची : 1 सर्वश्रेष्ठ निर्माता रत्नाकर कुमार , 2 सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) प्रदीप सिंह चिंटू - आंखें, 3 सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (महिला) अंजना सिंह - (कुस्ती), 4 सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार अदिति मिश्रा (कुस्ती),5 सर्वश्रेष्ठ निर्देशन पराग पाटिल - गॉडफादर।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

कांग्रेस राजनीतिक हताशा में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर उठा रही सवाल : राधामोहन सिंह

हरसिद्धि में 'युवा संवाद : लोकतंत्र बनाम अराजकता' कार्यक्रम आयोजित



संबोधित करते राधा मोहन सिंह।

तुरकौलिया(एनएसबी)। भाजपा के देशव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत मंगलवार को हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र स्थित सोमेश्वर नाथ आईटीआई में 'युवा संवाद रू लोकतंत्र बनाम अराजकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने कांग्रेस पर राजनीतिक विफलताओं का ठीकरा लोकतांत्रिक संस्थाओं पर फोड़ने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद लगातार मिल रही चुनावी पराजयों और राजनीतिक असफलताओं का आत्ममंथन करने के बजाय कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रही है। जनता का विश्वास जीतने में विफल रहने के बाद संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना राजनीतिक हताशा और गैर-जिम्मेदाराना रवैये को दर्शाता हैस सांसद ने कहा कि देश के कई राज्यों में कांग्रेस लंबे समय से पूर्ण बहुमत से दूर है। महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश और बिहार में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिले 41 वर्ष, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में 28 वर्ष, हरियाणा में 21 वर्ष, पश्चिम बंगाल में 54 वर्ष, तमिलनाडु में 64 वर्ष तथा केरल में 70 वर्ष बीत चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस को अपनी नीतियों, नेतृत्व और राजनीतिक कार्यशैली की समीक्षा करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का फैसला सर्वोपरि है। चुनाव में हार-जीत लोकतांत्रिक प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा है। राजनीतिक दलों को जनादेश स्वीकार करते हुए लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। निर्वाचन आयोग सहित संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने के बजाय कांग्रेस को अपनी राजनीतिक विफलताओं के कारणों पर आत्ममंथन करना चाहिए। राधामोहन सिंह ने 'रेजीम चेंज' जैसी शब्दावली और विदेशी आंदोलनों के उदाहरणों के माध्यम से राजनीतिक बदलाव की पैरवी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भारत में सरकारें जनता के मत से बनती और बदलती हैं, उग्र विरोध अथवा अराजकता के माध्यम से नहीं। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से नेहा बोरा के बांग्लादेश के ळमद-ं आंदोलन से जुड़े कथित बयानों तथा उमर खालिद को प्रेरणास्रोत बताए जाने संबंधी बयानों पर भी अपना स्पष्ट रुख सामने रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाले राजनीतिक दलों को अपनी विचारधारा और कार्यशैली में स्पष्टता रखनी चाहिए। भारत का लोकतंत्र संविधान, संवैधानिक संस्थाओं और जनता के अटूट विश्वास पर आधारित है। सभी राजनीतिक दलों से जनादेश का सम्मान करने और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करने की अपेक्षा की जाती हैस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सह हरसिद्धि विधायक ष्णनंदन पासवान, आईटीआई के प्राचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सैकड़ों युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

पदक लाने वाले दोनों खिलाड़ी सम्मानित

मोतिहारी। राष्ट्रीय लन बल्स चौम्पियनशिप-2026 में पदक जीतकर पूर्वी चम्पारण एवं बिहार का नाम रोशन करने वाले जिले के खिलाड़ी दीपक कुमार एवं सुमन कुमारी को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए खेल के क्षेत्र में निरंतर मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। 23 से 26 अक्टूबर तक ओडिशा के बलांगीर जिले में आयोजित अंडर-25 एवं अंडर-18 राष्ट्रीय लन बल्स चौम्पियनशिप में दोनों खिलाड़ियों ने बिहार का प्रतिनिधित्व किया था। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने पदक हासिल किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि गौरव की बात है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों की सफलता से जिले के खेल प्रेमियों में खुशी है और उनकी उपलब्धि अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। मौके पर जिला सचिव जेयाउल्लाह शैख, राष्ट्रीय लन बल खिलाड़ी चितरंजन कुमार, असीम सेराज एवं अन्य लोग मौजूद थे।

ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर, कई घायल

कल्याणपुर। कल्याणपुर-चकिया मुख्य पथ पर पेट्रोल पंप के समीप ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर में कई लोग घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल मोतिहारी रेफर किया गया।जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा चकिया की ओर से कल्याणपुर आ रहा था। इसी दौरान केसरिया नगर पंचायत निवासी 12 वर्षीय विक्रम कुमार समेत तीन युवक बाइक से केसरिया से मधुरापुर गांव स्थित अपने संबंधी के घर जा रहे थे। पेट्रोल पंप के आगे दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवकों के अलावा ई-रिक्शा पर सवार मधुरापुर निवासी नरेश साह, कल्याणपुर निवासी भोला मिस्त्री और मंगलापुर निवासी अजहर अली के घायल होने की जानकारी है। हालांकि, घायलों की कुल संख्या और सभी घायलों के नामों की स्पष्ट पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सा पदाधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अजहर अली, नरेश साह और विक्रम कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चकिया में सहयोग शिविर, 132 आवेदनों में 82 का निष्पादन



शिविर में मामले का निष्पादन करते एडीएम (पीजीआरओ)।

मोतिहारी(एनएसबी)। जिले के चकिया प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में आम लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान की दिशा में कार्रवाई की गई। बेदीबन माधोपुर एवं हरदियाबाद में आयोजित शिविर का अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी) शैलेन्द्र कुमार भारती ने जायजा लिया। हरदियाबाद में मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन का मौके पर ही निष्पादन किया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी, चकिया की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, 3 नवंबर से पूर्व प्रखंड में कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें 50 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका था, जबकि 34 आवेदन लंबित थे। वहीं, मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में 48 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 32 का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया तथा 16 आवेदन लंबित रह गए।इस प्रकार 3 नवंबर तक कुल 132 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 82 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 50 आवेदन लंबित हैं। जिला लोक शिकायत पदाधिकारी ने शिविर के दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों से प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

गन्ना के खेत से 32 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद

चकिया(एनएसबी)। पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के धोबौलिया गांव स्थित एक गन्ना के खेत में छुपा कर रखें 32 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि उक्त स्थान पर शराब धंधेबाजों ने अंग्रेजी शराब छुपा कर रखा है। पुलिस की टीम वहां पहुंची व गन्ने की खेत में गन्ने की झाड़ में अंग्रेजी शराब की तलाश करने लगी। इसी क्रम में गन्ने की झाड़ में छुपाकर रखे वंपिबमत बीवपबम ब्रांड का 32 कार्टून अंग्रेजी शराब मिला। अंग्रेजी शराब को जब्त कर थाने लाई गई। जिसमें 180 एमएल का करीब 1536 पिस 276 लीटर शराब था। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष धर्म प्रकाश कुमार ने बताया कि मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में पीएसआई पप्पू कुमार, मौसम कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

मानसपुरी में चित्रगुप्त पूजा को लेकर चित्रांश समाज की बैठक

मोतिहारी(एनएसबी)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानसपुरी, मोतिहारी में भगवान चित्रगुप्त पूजा समारोह के आयोजन को लेकर चित्रांश समाज की महत्वपूर्ण बैठक सुशील कुमार सिन्हा के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में पूजा समारोह के आयोजन एवं व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भगवान चित्रगुप्त पूजा का आयोजन श्री सुमन श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया जाएगा। पूजा समिति के कोषाध्यक्ष के रूप में सुनील कुमार श्रीवास्तव तथा सह-कोषाध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार वर्मा एवं ड़ आशीष कुमार श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक में पूजा समारोह को भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने को लेकर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर राकेश कुमार वर्मा के सौजन्य से जागरण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में चित्रांश समाज के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा पूजा समारोह को सफल बनाने पर जोर दिया गयास बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भगवान चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर समाज की एकजुटता एवं सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने का संकल्प लियास मौके राजू वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।



बाबा भूतनाथ मंदिर की 13वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनी, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

इंगलिश चौक पर सांसतिक कार्यक्रम का आयोजन, थानाध्यक्ष व सीओ को शल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित

पहाड़पुर(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के इंगलिश चौक स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर की 13वीं वर्षगांठ मंगलवार को श्रद्धा एवं उल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य सांसतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।कार्यक्रम का उद्घाटन पहाड़पुर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, अंचलाधिकारी रामसेवक पासवान तथा मंदिर निर्माता सह नौवाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया शिवाजी सिंह फौजी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से थानाध्यक्ष एवं अंचलाधिकारी को शल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।सांसतिक कार्यक्रम में भोजपुरी गायक जेपी सागर ने भगवान श्रीराम एवं माता जानकी की महिमा से जुड़े भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ कलाकार का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने मंदिर की 13वीं वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को शुभकामनाएं दीं तथा आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी विवेक सिंह, विश्वनाथ यादव, रामप्रवेश सिंह, मोहन पटेल, लालसाहेब सिंह, मनोज सिंह, सनोज सिंह, नीधु सिंह, तैयब अंसारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता जरूरी

'जल-जीवन-हरियाली दिवस' पर परिचर्चा, जल स्त्रोतों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन पर दिया गया जोर

मोतिहारी(एन एस बी)। 'जल-जीवन-हरियाली दिवस' के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय, पूर्वी चंपारण के तत्वावधान में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा निदेशक, ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए), मोतिहारी के कार्यालय में हुई। इसमें जिले में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को लेकर संचालित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में निदेशक डीआरडीए जय राम चौरसिया,

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, जिला मिशन प्रबंधक (जल-जीवन-हरियाली), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), विभागीय अभियंता सहित डीआरडीए के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।परिचर्चा के दौरान अधिकारियों ने जिले में जल-जीवन-हरियाली अभियान और मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी साझा की। पारंपरिक जल स्रोतों के जीर्णोद्धार, वर्षा जल संचयन, पौधरोपण तथा भू-जल स्तर में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।अधिकारियों ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसके लिए सरकारी स्तर पर संचालित योजनाओं के साथ आम लोगों की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल के संचयन और अधिक से अधिक पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

परिचर्चा में इस बात पर जोर दिया गया कि जल संरक्षण केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है। लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाकर और सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित कर जल-जीवन-हरियाली अभियान को और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने तथा सामूहिक सहभागिता से अभियान को धरातल पर सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

संक्षिप्त खबरें

76 पंचायतों में लगा सहयोग शिविर ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ त्वरित निष्पादन

मोतिहारी(एनएसबी)। पूर्वी चंपारण जिले की 76 पंचायतों में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पंचायत स्तर पर आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित समाधान करने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं लोक सेवाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध कराना रहा।शिविर में प्रखंड एवं अंचल स्तर के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित काउंटरों पर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने सड़क, आवास, राशन, पेंशन, राजस्व, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत एवं पेयजल सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों के माध्यम से निष्पादित करने की प्रक्रिया शुरू की।शिविर के दौरान राजस्व एवं भूमि सुधार, आपूर्ति, सामाजिक कल्याण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, स्वास्थ्य, आवास एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। तत्काल निष्पादन योग्य मामलों का अन द स्पट निष्पादन किया गया, जबकि अन्य मामलों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।शिविर में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र तथा मनरेगा जब कार्ड सहित अन्य आवश्यक सेवाओं का लाभ भी ग्रामीणों को उपलब्ध कराया गया। इससे लोगों को अपने पंचायत क्षेत्र में ही सरकारी सेवाएं मिलने से प्रखंड एवं जिला मुख्यालय का अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिली।जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का विभागवार संधारण करते हुए उनकी जांच एवं नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन किया जाए।शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी दी गई। इससे प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ। शिविर में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, संबंधित पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्य, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

मोतिहारी में चार एसटीपी का निर्माण प्रगति पर, 2027 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य

मोतिहारी(एन एस बी)। शहर के घरों और अन्य स्थानों से निकलने वाले सीवेज एवं गंदे नालों के पानी को बिना उपचार के मोतीझील और अन्य जलस्रोतों में गिरने से रोकने की दिशा में चार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने मंगलवार को मोतीझील के किनारे चल रहे एसटीपी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त आशीष कुमार और उप महापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद गुप्ता के साथ बुडको के अभियंताओं से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान बुडको के अभियंताओं ने बताया कि मोतीझील सहित अन्य नदियों की सफाई और पुनरुद्धार के लिए एसटीपी योजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है। योजना के तहत शहर में चार स्थानों पर एसटीपी का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें बैलखाना में 46 एमएलडी, मलंग घाट में 63 एमएलडी, चीनी मिल में 58 एमएलडी तथा बस स्टैंड में 63 एमएलडी क्षमता का एसटीपी शामिल है। अधिकारियों के अनुसार, इन संयंत्रों के चालू होने के बाद झील और नदियों में गिरने वाले अनुपचारित सीवेज तथा गंदे नालों के पानी को उपचारित किया जा सकेगा। इससे मोतीझील समेत अन्य जलस्रोतों के प्रदूषण पर प्रभावी रोक लगाने में मदद मिलेगीस बुडको के अभियंताओं ने बताया कि चारों एसटीपी का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। योजना को वर्ष 2027 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

छठ घाटों की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा खतरनाक स्थलों पर बैरिकेडिंग के निर्देश

मोतिहारी(एन एस बी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने नगर आयुक्त आशीष कुमार एवं उप महापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद गुप्ता के साथ शहर के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान बेगमपुर बैलखाना, पश्चिमी गोपालपुर स्थित सत्यदेव बाबू छठ घाट तथा मीना बाजार के समीप वृक्षास्थान घाट पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों की साफ-सफाई, कचरा हटाने तथा रंग-रोगन का कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। मोतीझील सहित शहर के प्रमुख छठ घाटों को वतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और सुगम बनाने पर विशेष जोर दिया गया। पानी की गहराई को देखते हुए खतरनाक एवं गहरे स्थानों को चिति कर वहां मजबूत बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया गया, ताकि श्रद्धालु अनजाने में गहरे पानी में नहीं जा सकें। घाटों के साथ वहां तक पहुंचने वाले रास्तों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया। डीएम ने मोतीझील के किनारे के पथों समेत नगर क्षेत्र में मौजूद अतिक्रमण को छठ पर्व के मद्देनजर हटाने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासन की ओर से शहर के सभी छोटे-बड़े छठ घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुविधा की व्यवस्था को अंतिम रूप देने की कार्रवाई तेज कर दी गई है।



सोनपुर मंडल का मेगा टिकट जांच अभियान लगातार जारी

सोनपुर (एनएसबी) मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। दिनांक 02 नवंबर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय,मानसी, खगड़िया, नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले '1602' यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे ६ '13,73,180' ६- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु भविष्य में भी ऐसे विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखेगा।

सोनपुर मंडल में अलार्म चौन पुलिंग के विरुद्ध सशक्त कार्रवाई

सोनपुर (एनएसबी)पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल द्वारा रेल यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध बनाए रखने के उद्देश्य से अलार्म चौन पुलिंग (।ब्ब) की अनधित घटनाओं के विरुद्ध सघन एवं सशक्त अभियान चलाया गया। यह अभियान दिनांक 01102026 से 31102026 के बीच मंडल के विभिन्न रेलखंडों एवं स्टेशनों पर प्रभावी रूप से संचालित किया गया। अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम 141 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत कुल 121 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 116 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान दोषियों से घ75,100६- की राशि जुमने के रूप में रेल राजस्व में प्राप्त की गई। सोनपुर मंडल प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा, ट्रेन परिचालन की निरंतरता तथा अनावश्यक विलंब को रोकने के उद्देश्य से की गई है। अनधित से न केवल रेल परिचालन प्रभावित होता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा नियमित जांच, निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन में रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग एवं परिचालन विभाग के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सफल रहा।

संक्षिप्त खबरें

आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा पहुंचे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोपा, स्थानीय लोगों एवं शिक्षकों ने किया स्वागत, पाग, माला और अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित



बैठक में मंत्री व अन्य।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सादा मंगलवार को विद्यालय प्रबंध कमिटी की बैठक में कोपा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। इस दौरान विद्यालय परिवार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं शिक्षकों ने उनका भव्य स्वागत किया। लोगों ने मंत्री को पाग, माला एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान मंत्री के साथ प्रखंड जदयू अध्यक्ष जय सिंह, जिला जदयू महासचिव नंद किशोर झा, बौआ खां, शमसाद, बबलू मंडल, मिट्ठू रजक, हरदेव मुखिया,चंद्रदेव मंडल, मनोज यादव सहित अन्य साथी मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय परिसर में स्थानीय लोगों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

आज 11 बजे पदयात्रा में शामिल होंगें केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय



प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। रेनबो रिसोर्ट जिला परिषद परिसर में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के आगमन की तैयारी पर एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, पूर्व विधायक सुरेंद्र यादव, प्रदेश मंत्री दिवाकर सिंह, जिला प्रभारी सुनील कुमार सिंह, जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, विजय बसंत, जिला महामंत्री भैरवानंद झा, सिद्धार्थ सिंह सिदधु, जिला मिडिया प्रभारी सुमित सिन्हा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह उपस्थित थे। डॉ आलोक रंजन प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय जी जिला अतिथि गृह 10 बजे तक पहुंच जाएंगे जिला परिषद में सभा को संबोधित करेंगे सभा के बाद जिला परिषद से 11 बजे पदयात्रा में शामिल होंगें। पदयात्रा डीबी रोड शंकर चैक सब्जी मार्केट होते हुए शहीद चैक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दल देश में अराजकता पैदा करने का प्रयास कर रही है लेकिन भाजपा का कार्यकर्ता कामयाब नहीं होने देगी भीड़ तंत्र का जवाब लोकतंत्र से दिया जाएगा इस पदयात्रा में हजारों कार्यकर्ता पुरे जिले से सभी पंचायत से बुथ अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं सक्रिय कार्यकर्ता भाग लेंगे।

गुड्डू मुखिया हत्याकांड में सरकारी शिक्षक गिरफ्तार, पुलिस को मिली एक और सफलता, डीआईयू, एसटीएफ और बनमा ईटहरी थाना की संयुक्त टीम ने तकनीकी जांच और मानवीय सूचना के आधार पर की कार्रवाई



गिरफ्तार मो. शहंशाह।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। सलखुआ प्रखंड की हरेवा पंचायत के पूर्व मुखिया पति मो. जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सौरबाजार थाना क्षेत्र के चिकनी गांव निवासी मो. शहंशाह, पिता अब्दुल रसीद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह सरकारी शिक्षक है। सहरसा पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सिमरी बख्तियारपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला आसूचना इकाई, एसटीएफ और बनमा ईटहरी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि पूर्व मुखिया पति जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू की हत्या के बाद से ही पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। इस मामले में डीआईयू, एसटीएफ और स्थानीय थाना पुलिस के आपसी समन्वय से की गई गिरफ्तारी को पुलिस की अहम कामयाबी माना जा रहा है। पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी है।

नशामुक्ति अभियान 2026 के तीसरे दिन जिले के महिषी प्रखंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में शपथ दिलाते जीविका कर्मी व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। नशामुक्ति अभियान 2026 के दूसरे दिन सहरसा जिले के, महिषी प्रखंड में जीविका के संकुल स्तरीय संघों के माध्यम से नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिषी प्रखंड के भारती मंडन संकुल स्तरीय संघ, माँ उग्रतारा संकुल स्तरीय संघ, और कमला कोशी संकुल स्तरीय संघ में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन जीविका, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग तथा प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में जीविका कर्मियों आलोक मिश्रा, सुधा दास प्रबंधक व आशीष ठाकुर बीपीएम एवं अन्य तथा प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि सुबोध जी ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्त जीवन के लाभों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। वक्ताओं ने बताया कि नशामुक्ति से व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, परिवार की आर्थिक स्थिति में मजबूती तथा घरेलू हिंसा एवं पारिवारिक तनाव में कमी लाने में मदद मिलती है। साथ ही, नशामुक्त समाज बच्चों के बेहतर भविष्य, महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान तथा सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जीविका दीदियों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने तथा परिवारों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जागरूकता बढ़ाकर नशामुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है।

सर्वे अमीन दीपक राज को विजिलेंस टीम ने किया गिरफ्तार, रकबा सुधार व नक्शा परिवर्तन करने के नाम पर मांगा था रिश्वत

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। विजिलेंस टीम ने घूसखोरी के खिलाफ जीरों टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई करते मंगलवार को सोनवर्षा प्रखंड के बरैट पंचायत में पदस्थापित एवं नोनैती मौजा मंगवार शिविर में विशेष सर्वे अमीन दीपक राज को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अमीन पर जमीन का रकबा सुधार एवं नक्शा परिवर्तन करने के बदले में परिवादी से रिश्वत मांगने का आरोप है।

निगरानी विभाग की इस कार्रवाई से सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार करने वाले कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया है। आरोपी को मौके पर रिश्वत की राशि पांच हजार रुपए के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर निगरानी टीम सहरसा परिसदन लेकर पहुंची। जहां कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अपने साथ पटना ले गई। प्राप्त जानकारी अनुसार, परिवादी प्रभात कुमार की सोनबरसा अंचल के नौनहाटी मौजा में 480 डिसमिल जमीन है। उक्त जमीन का रकबा सुधार एवं नक्शा परिवर्तन कराने के लिए परिवादी ने ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन दिया था। आवेदन के बाद जब परिवादी ने संबंधित सर्वे अमीन दीपक राज से संपर्क किया, तो अमीन ने जमीन का नक्शा एवं रकबा सुधारने के एवज में पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की। सर्वे अमीन द्वारा रिश्वत की मांग किये जाने के बाद परिवादी प्रभात कुमार ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगे जाने की शिकायत सही पाई गई। इसके बाद निगरानी थाने में मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ने के लिए धावादल का गठन किया गया। निगरानी पुलिस उपाधीक्षक अमरेंद्र प्रताप विद्यार्थी क नेतृत्व में 11 सदस्यों की विशेष टीम गठित कर सुनियोजित तरीके से कार्रवाई कर मंगवार स्थित अमीन के निजी आवास सह कार्यालय पर जाल बिछाया। इसी दौरान परिवादी से पांच हजार रुपये रिश्वत लेते सर्वे अमीन दीपक राज को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम आरोपी अमीन को अपने साथ ले गई। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है एवं मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। निगरानी विभाग की इस कार्रवाई को सरकारी कार्यों में घूसखोरी के खिलाफ आवश्यक कदम माना जा रहा है।



विजिलेंस टीम के गिरफ्त में सर्वे अमीन।

ग्राम पंचायत बिहरा में सहयोग शिविर का सफल आयोजन, 50 आवेदनों का हुआ निष्पादन



जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक।

सहरसा कार्यालय (एनएसबी)। जिले के सत्तरकटैया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहरा में मंगलवार को ह्यपंचायत सहयोग शिविरह्य का आयोजन किया गया। इस जन-कल्याणकारी शिविर का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी दीपेश कुमार और पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

जन-समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए और सभी प्राप्त 50 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। निष्पादित मामलों से संबंधित लाभार्थियों को मौके पर ही जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शिविर के दौरान जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने बीडीओ, सत्तर कटैया को सभी जन कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को आम जन तक सुलभ तरीके से पहुंचाने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन सहयोग शिविरों के प्रति आम लोगों में व्यापक जागरूकता और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक ग्रामीण इन शिविरों की जानकारी प्राप्त कर सकें और उनकी समस्याओं का ससमय व पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके। जिलाधिकारी ने आमजन से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अपने घरों पर सोलर पैनल लगवाने की अपील की। उन्होंने लोगों को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग कर न केवल बिजली की बचत की जा सकती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय प्रशाखा राजू कुमार, सत्तर कटैया के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त के निलंबन के विरोध में वार्ड पार्षदों ने की निगम कार्यालय में तालाबंदी, धरने पर बैठे



तालाबंदी कर धरना पर बैठे सभी वार्ड पार्षद।

सहरसा शहर (एनएसबी)। नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा के निलंबन के खिलाफ मंगलवार को निगम के 46 वार्डों के पार्षद सामूहिक रूप से उग्र होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्यालय में तालाबंदी कर मुख्य गेट पर धरना दिया।नगर आयुक्त के निलंबन से नाराज पार्षदों ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए अपना विरोध जताया। पार्षदों के प्रदर्शन के कारण नगर निगम कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहा।

वार्ड नंबर 26 के पार्षद प्रतिनिधि तारीख खान सहित अन्य मौजूद पार्षदों ने गंभीर आरोप लगाते कहा कि 2023 में चुनाव जीतने के बाद पिछले दो वर्षों से महापौर एवं उपमहापौर द्वारा किसी भी वार्ड में कोई काम नहीं कराया गया। इसके विपरीत बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं एवं घोटाले किये गये हैं। उनके कार्यकाल में 300 पीस हाई मास्क लाइटें खरीदी गई। जिनकी वास्तविक कीमत 2.5 लाख रुपये प्रति लाइट थी। लेकिन इन्हें 6.5 लाख रुपये प्रति दर से खरीदा गया। सड़क किनारे लगने वाली सात हजार डेकोरेटिव लाइटें जिनकी बाजार कीमत 20 हजार से 25 हजार रुपये थी, उन्हें 87 हजार रुपये प्रति दर से खरीदा गया। निगम के वार्डों में लगाने के लिए लगभग 35 सौ बोर्ड 1,500 रुपये कीमत वाले खरीदे गये परन्तु स्थल पर एक भी बोर्ड दिखाई नहीं दे रहा है।जिसे चुनावी आचार संहिता के दौरान उखाड़कर फेंक दिया गया है। निगम पार्षदों ने नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा पर लगाए गए कथित झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों को वापस लेते उनका निलंबन तुरंत रद्द करने एवं उन्हें वापस लाने की मांग की। उन्होंने वर्ष 2023 से अब तक हुए तमाम खरीद-फरोख्त एवं विकास कार्यों की पूरी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।पार्षदों ने चेतावनी दी कि जब तक नगर आयुक्त का निलंबन वापस नहीं लिया जाता एवं भ्रष्टाचार की पारदर्शी जांच नहीं होती, तब तक उनका यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।ज्ञात हो कि बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से मंगलवार को जारी संकल्प के तहत नगर निगम के नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा को निलंबित किया गया है। उन पर नगर निगम की आठ करोड़ 44 लाख रुपये की चार बड़ी परियोजनाओं में कथित अनियमितता का आरोप लगाया गया है। सरकार ने मामले में कार्रवाई करते हुए निलंबन का आदेश जारी किया है। नगर आयुक्त के निलंबन की खबर सामने आने के बाद वार्ड पार्षदों में नाराजगी देखी गई। पार्षदों ने नगर निगम कार्यालय में तालाबंदी कर धरना शुरू कर दिया।प्रदर्शनकारी पार्षदों का कहना था कि नगर आयुक्त के खिलाफ की गयी कार्रवाई से नगर निगम के विकास कार्यों एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। पार्षदों ने कहा कि नगर निगम में शहर के विकास, सफाई, जलनिकासी, सड़क निर्माण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य संचालित होते हैं। ऐसे में नगर आयुक्त के निलंबन से निगम की कार्यप्रणाली प्रभावित होने की आशंका है। पार्षदों ने सरकार से मामले में उचित पहल करने की मांग की। नगर निगम कार्यालय में तालाबंदी एवं धरने के कारण विभिन्न कार्यों से पहुंचे आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कार्यालय में अपने काम से पहुंचे लोगों को बिना काम कराए लौटना पड़ा। नगर आयुक्त के निलंबन को लेकर पार्षदों का विरोध अब नगर निगम की राजनीति एवं प्रशासनिक व्यवस्था के बीच चर्चा का विषय बन गया है। वही दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान घाटों की साफ-सफाई प्रभावित होने के आसार से शहरवासी चिंतित है।

मनीष कुमार बने डेलिगेट फॉर स्टेट प्रेसिडेंट, नीरज कुमार निराला लगातार दूसरी बार बने युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष

पांच माह तक चले बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव का परिणाम घोषित, राजेंद्र मिश्र कांग्रेस कार्यालय में विजयी प्रत्याशियों का हुआ भव्य स्वागत



जश्न मनाते पार्टी कार्यकर्ता।

सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के पांच माह तक चले आंतरिक संगठनात्मक चुनाव का परिणाम कल देर शाम घोषित कर दिया गया। इस चुनाव में बिहार प्रदेश अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रहे मनीष कुमार ने 3,422 मत प्राप्त कर डेलिगेट फॉर स्टेट प्रेसिडेंट पद पर जीत हासिल की। वहीं जिलाध्यक्ष पद पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष नीरज कुमार निराला ने 2,871 मत प्राप्त कर लगातार दूसरी बार अपनी जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनुप कुमार उर्फ मृणाल कामेश को मात्र 16 मतों के अंतर से पराजित किया।

इस अवसर पर राजेंद्र मिश्र कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकत्ताओं ने विजयी प्रत्याशियों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव रंजन यादव ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस के आंतरिक चुनाव में जैसे छोटे जिले से मनीष कुमार का प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मजबूती से चुनाव लड़ना और 3,422 मत प्राप्त कर डेलिगेट फॉर स्टेट प्रेसिडेंट निर्वाचित होना बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश स्तर पर युवा कांग्रेस को उनके राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ मिलेगा। वहीं, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मजनू हैदर कैश ने कहा कि नीरज कुमार निराला का लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष निर्वाचित होना उनके पिछले कार्यकाल में संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने और कार्यकत्ताओं के बीच उनकी सक्रियता का परिणाम है। जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत यादव ने कहा कि छात्र राजनीति से निकलकर युवा राजनीति में अपनी पहचान बनाने वाले दोनों निर्वाचित नेता बिहार एवं जिला स्तर पर युवा कांग्रेस को और मजबूत करेंगे। वहीं, सौर बाजार युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामशरण यादव ने कहा कि यह जीत सहरसा के संघर्षशील युवाओं और मजबूत संगठन की जीत है। इस मौके पर रविकांत राजा, अभय यादव, बंटी झा, डेविड यादव, राजन शेरा, अभिष यादव, बसंत राज, आयुष अमन, प्रशांत यादव, सनोज कुमार, आदर्श यादव, रौशन यादव सहित युवा कांग्रेस के अनेक कार्यकत्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

नशामुक्ति को लेकर दुर्गा मंदिर परिसर में चलाया गया जागरूकता अभियान

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। नगर पंचायत सोनवर्षाराज के दुर्गा मंदिर परिसर में मंगलवार को नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान इस कार्यक्रम में काफी संख्या में युवा वर्ग की उपस्थिति रही। नशामुक्ति अभियान के बैठक की अध्यक्षता सोनवर्षा थानाध्यक्ष नागमणि कुमार एवं आरओ सैयद बादशाह ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। अभियान के दौरान अधिकारियों ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है।

शपथ पत्र

मैं, सचीन्द्र ठाकुर (Sachindra Thakur), पिता-मधुकर ठाकुर, निवासी-ग्राम महरास, वार्ड संख्या-03, पोस्ट-सरबेला, थाना-बनमा ईटहरी, जिला-सहरसा (बिहार), आम नागरिकों को सूचित करता हूं कि मेरे भारतीय स्टेट बैंक, शाखा-घोड़दौर, खाता संख्या-35786774367 के अभिलेख में मेरा नाम गलतीवश Sikandar Thakur अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या-219372697003 में मेरा सही नाम (Sachindra Thakur) दर्ज है। मैं घोषणा करता हूं कि Sikandar Thakur एवं (Sachindra Thakur) दोनों नाम एक ही व्यक्ति हैं।

शपथ पत्र संख्या : 1418/23.03.2026

संक्षिप्त खबरें

सियार के हमले से किसान घायल

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनगर गांव के खुदी बहियार मेंघास काटने गये 65 वर्षीय किसान झकसू शर्मा पर अचानक एक सियार ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घायल झकसू शर्मा जबतक कुछ समझ पाते तबतक सियार ने उनके चेहरे सहित अन्य जगहों को बुरी तरह नोच लिया। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए पहले चौथम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। ड्यूटी पर मौजद चिकित्सक एवं कर्मियों द्वारा तत्काल उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

शराब पीकर हंगामा करने के मामले में दो गिरफ्तार

चौथम (एनएसबी)। चौथम थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के खरेता गांव निवासी नागो सिंह के पुत्र धीरेंद्र सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि धीरेंद्र सिंह शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। इससे परेशान होकर सोनेलाल शर्मा ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच में उसके शराब पीने की पुष्टि हुई। वहीं, दूसरे मामले में थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी स्वर्गीय सुरेंद्र चौधरी के पुत्र पंकज चौधरी उर्फ टुनटुन चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बताया गया कि पुलिस गश्ती के दौरान टुनटुन चौधरी को नशे की हालत में पाया गया। इसके बाद जांच कराई गई, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र कई सीसीटीवी खराब,लोग परेशान

बेलदौर (एनएसबी)। नगर पंचायत बेलदौर में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे शोपीस साबित हो रहे हैं। कैमरों के खराब हो जाने के कारण यहाँ आए दिन चोरों के हौसले बुलंद हैं और लगातार चोरियों की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थिति यह है कि नगर पंचायत में एक दर्जन से अधिक सीसी कैमरे खराब पड़े हैं, जिसके चलते दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों का सामान लगातार चोरी हो रहा है। ताजा मामला नगर पंचायत क्षेत्र का है, जहाँ स्थानीय निवासी शिवनारायण प्रसाद यादव का बकरी का बच्चा चोरी हो गया। पीड़ित परिवार इस घटना से काफी आहत है। अत्यधिक गरीबी और थाने की लंबी प्रक्रियाओं के डर से वह व्यक्ति थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने तक नहीं जा सका। बेलदौर बाजार में चोरी की वारदातों में लगातार हो रहे इजाफे और खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों को ठीक कराने को लेकर प्रशासनिक सुस्ती से स्थानीय व्यवसायियों एवं नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों ने जिला प्रशासन और नगर पंचायत के अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द सभी खराब सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त किया जाए तथा पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि गरीब और आम जनता की संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।इस संबंध में बेला पंचायत के पूर्व सरपंच शशि शर्मा ने बताया में कि नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के कारण बेलदौर का तिसरी आंखें खराब पड़ा हुआ है।

मालपा क्रिएटिव पब्लिक स्कूल में होगा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धुतौली मालपा पंचायत स्थित क्रिएटिव पब्लिक स्कूल में इस वर्ष दीपावली, काली पूजा एवं छठ महापर्व के पावन अवसर पर भव्य सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आगामी 5 नवंबर, गुरुवार को दोपहर 1 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार गौड़, नगर सभापति अर्चना कुमारी, जिला परिषद सदस्य रजनीकांत कुमार, पूर्व प्रखंड प्रमुख प्रभाकर सिंह एवं एमबीबीएस चिकित्सक ड्र प्रांशु प्रिंस सहित कई गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के संबंध में विद्यालय के प्राचार्य प्रिंस कुमार ने बताया कि इस सांस्तिक आयोजन का उद्देश्य केवल बच्चों का मनोरंजन करना नहीं, बल्कि उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान और सामाजिक-सांस्तिक मूल्यों का विकास करना भी है।

लंबित कार्यों को त्वरित निष्पादन करें : डीएम

खगड़िया (एनएसबी)। जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई तथा लंबित मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के साथ-साथ कार्यालयी व्यवस्था को सुढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों में लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने दीपावली से पूर्व सभी सरकारी कार्यालयों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, आवश्यकतानुसार पुट्टी एवं रंग-रोगन तथा मरम्मतीकरण कराने का निर्देश दिया। साथ ही, जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को सुढ़ करने पर जोर दिया। विशेष रूप से गैर-भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपयुक्त भवन एवं



डीएम व अन्य।

आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी कार्यालयों के पदाधिकारियों एवं प्रधान सहायकों को बुधवार तक रेडी रेकनर (मार्गदर्शिका) उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को इन मामलों में विशेष रुचि लेकर निर्धारित समय-सीमा से पूर्व निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में विलंब से उपस्थित होने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने समय पर बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयों में बेहतर कार्य-संस्ति विकसित करने के उद्देश्य से कार्यालयों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, फाइलों एवं अभिलेखों के उचित संधारण तथा ग्रीन नोटशीट के माध्यम से फाइलों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के पेंशन संबंधी मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा सेवान्त लाभ से संबंधित मामलों में भी तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने कायाकल्प के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कार्यालयों में कार्य-संस्ति को बेहतर बनाने तथा प्रशासनिक कार्यों में दक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अनावश्यक एवं अनुपयोगी फाइलों की नियमानुसार समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा कार्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने को कहा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ करने का निर्देश दिया, ताकि प्रशासनिक कार्यों का सुचारु संचालन हो तथा आम जनता से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त श्रेया श्री, अपर समाहर्ता पुष्पेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुगंध, अनुमंडल पदाधिकारी, खगड़िया सदर सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

सौर संवाद कार्यक्रम में दी गई सोलर योजना की जानकारी

गोगरी (एनएसबी)। केंद्र एवं राज्य सरकार की सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की पहल के तहत मंगलवार को गोगरी अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रायसम भवन में सोलर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस आयोजन की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने किया। एसडीओ संजय कुमार ने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति जागरूक करना और घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाने के लिए प्रेरित करना है। इस योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को छत पर सोलर संयंत्र लगाने पर केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से अनुदान दिया जा रहा है। एक किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र पर अनुदान का प्रावधान दर्शाया गया है। इसके अलावा योजना के तहत कम ब्याज दर पर ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। कुटीर ज्योति (बीपीएल) उपभोक्ताओं के लिए भी विशेष प्रावधान किया गया है। ऐसे उपभोक्ताओं के घरों की छत पर 11 किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाने की योजना है। सोलर संयंत्र लगने से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिलेगी। योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण करना तथा लोगों को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ मिल सकता है। इस मौके पर कई विद्युत् पदाधिकारी एवं कर्मी सहित नगर कार्यपालक पदाधिकारी सोनी कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनन्दन आनंद, अस्पताल प्रभारी ड चंद्रप्रकाश सहित कई पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



संबोधित करते अधिकारी।

सहयोग शिविर में लोगों की सुनी गयी समस्याएं

बेलदौर(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के बेलदौर नगर पंचायत और बोबिल पंचायत में मंगलवार को सहयोग षिविर का आयोजन किया गया। षिविर का आयोजित करने का उद्रेष्य है कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना था। इसके लिए शिविर में अलग-अलग विभागों के काउंटर लगाए गए थे, जहां विभागीय अधिकारियों और कर्मियों ने लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं और योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए।बोबिल पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन मुखिया संगीता कुमारी, पंचायत सेवक देवानंद, गुलशन कुमार और राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 19 काउंटर लगाए गए थे।बोबिल पंचायत के शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न विभागों से कुल 26 आवेदन जमा किए, जिनमें से 10 का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। वहीं, सहकारिता, शिक्षा, जीविका, पंचायती राज, मनरेगा, विद्युत, सांख्यिकी, पीएचईडी एवं स्वास्थ्य विभाग के काउंटर पर एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ।इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी लाल बहादुर साफी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार यादव, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी प्रमोद कुमार पासवान, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सह शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार, बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका संगीता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह कुशवाहा, उपमुखिया मिथिलेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मनोज कुमार रजक सहित विभिन्न विभागों के कर्मी और दर्जनों फरियादी उपस्थित थे। इसके विपरीत, बेलदौर नगर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में लोगों की भागीदारी काफी कम रही। यहाँ जनवितरण प्रणाली से संबंधित मात्र 3 आवेदन ही प्राप्त हुए। फरियादियों की नगण्य उपस्थिति के कारण नगर पंचायत का शिविर फीका नजर आया। दोनों शिविरों के परिणामों से यह स्पष्ट हुआ कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने सहयोग शिविर के प्रति अधिक रुचि दिखाई, जबकि नगर पंचायत क्षेत्र में लोगों की भागीदारी काफी कम रही।

पट्टेदार मछुआरों को मत्स्य शिकारमाही में सुरक्षा प्रदान की जाय : मत्स्य पदाधिकारी

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सठमा गेंधारसन जलकर में मछुआरों को शिकारमाही से वंचित करने और अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। इसको लेकर जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, खगड़िया ने अंचलाधिकारी, बेलदौर और थानाध्यक्ष, बेलदौर को पत्र लिखकर मछुआरों को सुरक्षा प्रदान करने को लेकर आवेदित आवेदन दिया है। आवेदन में वर्णित है कि बेलदौर अंचल स्थित 27 जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती बिहार जलकर प्रबंधन अधिनियम 2006, संशोधित अधिनियम 2007, 2010 एवं 2018 के आलोक में की गई है। इस कार्यालय के पत्रांक- 418ध्मत्स्य, दिनांक- 130623 के द्वारा बेलदौर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि. के साथ बंदोबस्ती की गई है, जिसमें विषयांकित सटना गेंधारसन जलकर भी शामिल है।यह जलकर पंचायत- पंचौत, कुर्बन के अंतर्गत खाता- 107, खेसरा- 533,81,82, 63,65,64,3,1 रकबा- 12639 एकड़ में अवस्थित है। पत्र में उल्लेख है कि मंत्री के द्वारा अवगत कराया गया है कि मछली शिकारमाही के क्रम में स्थानीय किसानों के द्वारा अवैध तरीके से विषयांकित जलकर में पट्टेदार को मछली मारने नहीं दिया जा रहा है एवं ड्रैनेज को जाल-जंधा की सहायता से घेर लिया गया है। इससे किसानों द्वारा जलकरों का अस्थायी अतिक्रमण किया जा रहा है। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने अनुरोध किया है कि उक्त विभागीय निर्देश के आलोक में विषयांकित जलकरों में अवैध तरीके से की जा रही अस्थायी अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए पट्टेदार मछुआरों को मत्स्य शिकारमाही में आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाय, ताकि गरीब मछुआरों की आजीविका प्रभावित नहीं हो। वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवेदन आलोक में अपने अधीनस्थ कर्मी से मामले की छानबीन करवा कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



जलकर।

वीरवास-कपसिया पीपा पुल तैयार

कोसी नदी के जलस्तर में कमी के बाद समय से पहले आवागमन शुरू हो सकती है



निर्माणाधीन पीपा पुल।

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसी नदी पर बने वीरवास-कपसिया पीपा पुल को बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव के कारण सुरक्षा की ष्टि से तीन महीने के लिए बंद कर दिया गया था जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब नदी का जलस्तर सामान्य होने और बहाव में कमी आने के बाद पुल को पुनः जोड़कर यातायात बहाल करने का कार्य तेजी से चल रहा है और आज शाम तक इसे पूरी तरह से चालू कर दिए जाने की उम्मीद है हालांकि बाइक सवार लोग अभी भी अपनी गाड़ियां आर-पार कर रहे हैं। स्थानीय वार्ड सदस्य राजेश दास ने बताया कि जलस्तर सामान्य होने के कारण निर्धारित समय से पहले ही पुल पर परिचालन शुरू किया जा रहा है जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पूर्व मुखिया सह जदयू जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीचंद्र सिंह और देवठा मुखिया आलोक कुमार ने कहा कि समय से पहले पुल के शुरू होने से किसानों को खेती-किसानी में कम खर्च और समय की भारी बचत होगी।

शिक्षा और कौशल से युवा गढ़ेंगे विकसित भारत की तस्वीर: विधायक

खगड़िया (एनएसबी)। शहर के जेल रोड स्थित आईटीआई महिला कलेज में मंगलवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक व जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या सविता कुमारी आदि शिक्षकों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागतकिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्राओं एवं शिक्षकों की सहभागिता रही। युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि सकारात्मक सोच, ढ़ संकल्प, शिक्षा और कौशल के समन्वय से ही आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी और परिवर्तन के वास्तविक वाहक होते हैं। इसलिए युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। लोकतांत्रिक अधिकारों की चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। युवा अपने



उद्घाटन करते विधायक।

मताधिकार का विवेकपूर्ण प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए शत-प्रतिशत मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री मंडल ने कहा कि नशामुक्त युवा ही सशक्त बिहार और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रख सकते हैं। सूखा नशा सहित विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ युवाओं की प्रतिभा, स्वास्थ्य और भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, कौशल विकास और रोजगार पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि खगड़िया के सर्वांगीण विकास में युवाओं की सकारात्मक सोच और रचनात्मक भागीदारी निर्णायक साबित होगी। स्वच्छ, शिक्षित, स्वस्थ, सशक्त एवं समतामूलक समाज के निर्माण में युवाओं को आगे आना होगा। इस अवसर पर कलेज की प्राचार्या सविता कुमारी, जिला युवा अधिकारी मयंक, प्राचार्य शिव शंकर कनौजिया, कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजीव नेहन कुमार, जदयू के पूर्व छात्र जिला अध्यक्ष सिद्धांत सिंह छोटू, शिक्षकगण एवं सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का सामूहिक संकल्प लिया।

संक्षिप्त खबरें

शिक्षा से ही संभव है सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्रीय विकास : प्राचार्य

खगड़िया (एनएसबी)। शिक्षा सामाजिक परिवर्तन, बौद्धिक प्रगति और राष्ट्रीय विकास का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। ग्रामीण और कम विकसित क्षेत्रों में स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों की यह एक अहम जिम्मेदारी है कि वे समाज के सभी वर्गो तक ज्ञान की पहुँच सुनिश्चित करें। ये संस्थान न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि समाज के प्रति बेहतर समझ, आलोचनात्मक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों और अच्छे नागरिक तैयार करने में भी मदद करते हैं। खगड़िया स्थित कोशी कलेज ने इस क्षेत्र के शैक्षिक इतिहास में हमेशा से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोसी कलेज के प्राचार्य जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने पत्रकारों को संबोधित करते हुये कहा कि कोशी कलेज की स्थापना 8 जनवरी 1947 को स्वर्गीय हरवंश नारायण सिंह ने की थी। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिनका मानना था कि गरीबी, अज्ञानता और सामाजिक पिछड़ेपन को दूर करने का एकमात्र उपाय शिक्षा ही है। लोगों के प्रति उनके गहरे लगाव और प्रयासों का ही परिणाम है कि आज यह संस्थान खगड़िया के लोगों के सपनों से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में कोशी कलेज, मुंगेर विश्वविद्यालय के एक घटक कलेज के रूप में कार्य कर रहा है। यह कलेज खगड़िया के छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्थान ने हमेशा समाज को, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और सामाजिक रूप से पिछड़े छात्रों को शैक्षिक सहायता प्रदान की है। उन्होने कहा कि समय के साथ कोशी कलेज एक महत्वपूर्ण उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित हुआ है। यहाँ कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों में ातक और ातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम प्रदान किए जाते हैं। कलेज का मुख्य उद्देश्य छात्रों में जिज्ञासा जगाना और उनमें अच्छे मूल्य, वैज्ञानिक ष्टिकोण तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, जिससे यह क्षेत्र की उच्च शिक्षा, संस्ति और समाज में निरंतर अपना योगदान दे रहा है। उन्होने कहा कि कोशी कलेज, खगड़िया शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग और ऐतिहासिक पहचान रखता है। वर्ष 1947 में स्थापित यह कलेज देश की स्वतंत्रता के उस निर्णायक दौर का गवाह है जब स्थानीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर बेहद सीमित थे। पिछड़े और दूर-दराज के क्षेत्रों के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू हुआ यह संस्थान आज कोशी क्षेत्र में शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। शुरुआती दौर में एक संबद्ध कलेज के रूप में काम करने के बाद, साल 1975 में इसे तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर की एक स्थायी घटक इकाई बनाया गया। इसके बाद, उच्च शिक्षा के विस्तार के तहत 18 मार्च 2018 को जब मुंगेर विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, तब से यह कलेज मुंगेर विश्वविद्यालय के अंतर्गत एक प्रमुख घटक इकाई के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा है। वर्तमान में यह कलेज कला, विज्ञान और वाणिज्य जैसी तीन प्रमुख धाराओं में ातक और ातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्रदान कर रहा है। प्राचार्य प्रो (ड) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्रों में बौद्धिक विकास, आलोचनात्मक सोच और वैज्ञानिक ष्टिकोण को बढ़ावा देना है। कैंपस में छात्रों की शैक्षणिक और व्यावहारिक मदद के लिए पुस्तकालय, प्रयोगशाला, इंटरनेट, भाषा प्रयोगशाला, छात्रावास और खेल-कूद जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा कलेज की नेशनल सर्विस स्कीम इकाई भी बेहद सक्रिय है, जो युवाओं को सामाजिक विकास के कार्यो से जोड़कर उनमें जिम्मेदारी की भावना जगाने का काम कर रही है।

रामधुनी में दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड धुतौली पंचायत के मालपा रविदास टोला में आयोजित 60 घंटे के अखंड रामधुनी यज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। यज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे महिला, पुरुष एवं युवाओं ने रामधुनी में शामिल होकर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की। लगातार गूंज रहे रामनाम संकीर्तन और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा मालपा गांव भक्तिमय हो उठा। इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ था। शोभायात्रा में 1001 कन्याओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर निकली महिलाओं एवं कन्याओं की लंबी कतार ने पूरे क्षेत्र का माहौल आध्यात्मिक बना दिया। डीजे, गाजे-बाजे और भक्तिमय धुनों के बीच निकली। कलश शोभायात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए बागमती नदी के तट पर पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद यात्रा धुतौली-मालपा होते हुए धुतौली दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। पूजा के उपरांत डीजे और गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुंची, जहां धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ स्थल पर लगातार 60 घंटे तक अखंड रामनाम संकीर्तन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु बारी-बारी से रामधुन में शामिल होकर भगवान श्रीराम का स्मरण कर रहे हैं। दूसरे दिन भी सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने रामधुनी में भाग लेकर भक्ति और श्रद्धा का परिचय दिया। यज्ञ को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है तथा पूरा इलाका राममय बना हुआ है। आयोजन में मुखिया प्रतिनिधि सहित डाक्टर मनोज कुमार, ड़ रामजी, उमेश रंजन भारती, पंचायत समिति प्रतिनिधि सुमन कुमार सौरव, आयोजन समिति के अध्यक्ष तपेश्वर भारती, कोषाध्यक्ष प्रमोद दास, सचिव शंभू दास, सुधीर यादव, वार्ड सदस्य अरुण प्रसाद, मिथिलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

थाना में आवेदन देकर पीड़ित ने कार्रवाई का किया मांग

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के डुमरी बाजार से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक अटो चालक ने 60 वर्षीय बुजुर्ग को सुनसान जगह पर चलती अटो से धक्का देकर गिरा दिया और फरार हो गया। पीड़ित बेहोश होकर सड़क पर पड़ा रहा। बाद में शिकायत करने गए पुत्र को भी जातिसूचक गाली देकर जान से मारने की धमकी दी गई। बताते चले कि पीड़ित स्व0 सकुल राम के 60 वर्षीय पुत्र शत्रुघ राम बीते दिनांक एक नम्बर को डुमरी बाजार में अपना काम कर घर रहा था। उसी दौरान बलैठा गांव के वार्ड 6 के निवासी अमरेंद्र सिंह के पुत्र रोशन कुमार तीन चक्का वाहन से आधे रास्ते सुनसान जगह पर आकर अटो चालक ने बुजुर्ग को जोरदार धक्का देकर नीचे गिरा दिया। उठाने के बजाय चालक तीन चक्का वाहन लेकर फरार हो गया। गिरने के बाद बुजुर्ग बेहोश हो गया। होश आने पर उसने खुद को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में पाया। प्राथमिक उपचार के बाद जब पीड़ित के पुत्र राहुल कुमार उम्र 25 वर्ष ने नामजद के घर जाकर घटना के बारे में बताया तो नामजद एवं अमरेन्द्र सिंह जातिसूचक गाली देते हुए धमकी दी कि आज के बाद मेरे वाहन में कभी नहीं बैठेगा। इतना ही नहीं, पुत्र को तरह-तरह की धमकी देकर भगाते हुए कहा कि कुछ बोलेगा तो तुमको भी जान से मार देंगे। पीड़ित ने थानाध्यक्ष आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है अपने अधीनस्थ कर्मी से मामले की छानबीन करवा कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खगड़िया डीएम से मिलकर पत्रकारों के हितों को लेकर दिया आवेदन:सिकंदर आजाद वक्त

खगड़िया (एनएसबी)। बिहार श्रमजीवी पत्रकार युनियन के संयुक्त सचिव सिकन्दर आजाद वक्त ने मंगलवार को खगड़िया डीएम विक्रम विरकर से मिलकर पत्रकारों एवं छायाकारों के हितों एवं सामाचार संकलन में पदाधिकारियों का सहयोग नहीं मिलने को लेकर आवेदन दिया। डीएम से मिलने के बाद सिकन्दर आजाद वक्त ने बताया की सभी प्रखंडों में पत्रकारों के द्वारा मिल रही शिकायत के आलोक में डीएम को आवेदन दिया गया। उन्होंने कहा की डीएम ने आवेदन के आलोक में सूचना जनसम्पर्क विभाग खगड़िया को आवेदन हस्तांतरित किया है। सिकन्दर आजाद वक्त ने कहा की पत्रकारों को सामाचार संकलन एवं फोटो एवं विडियो ग्राफी में कुछ सरकारी संस्थानों में हो रहे कठिनाई को लेकर पत्रकारों ने बैठक में सवाल उठाया था। जहाँ मंगलवार को डीएम से मिलकर आवेदन दिया गया। संयुक्त सचिव ने कहा की बिहार श्रमजीवी पत्रकार युनियन खगड़िया पत्रकारों के हितों एवं सुरक्षा को लेकर गंभीर है। वक्त ने डीएम से मिलने के बाद नये सुचना जनसम्पर्क पदाधिकारी नेहा कुमारी से मिलकर पत्रकारों के बातों को रखा। वक्त ने बताया की जल्द ही बिहार श्रमजीवी पत्रकार युनियन से जुड़े पत्रकारों एवं छायकारों की सूची विभाग को सौंपा जायेगा।

बिटिया के नाम दीप जलाकर लिया सुरक्षा और सम्मान का संकल्प

मुख्य पार्षद पार्वती देवी के नेतृत्व में वार्ड 34 में हुआ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। बेटियां समाज की अनमोल धरोहर हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। बेटियों को सुरक्षित माहौल और समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 में विशेष दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य पार्षद पार्वती देवी के नेतृत्व में महिलाओं एवं छात्राओं ने दुर्गा माता के दरबार में बिटिया के नाम दीप जलाकर उनके बेहतर भविष्य की कामना की। साथ ही बेटियों के अधिकारों की रक्षा, शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान सामाजिक नेत्री मधु देवी ने भी दीप प्रज्वलित कर बेटियों की सुरक्षा के लिए सदैव सुरक्षा कवच बनकर खड़े रहने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी भी परिवार और समाज की शान होती हैं। आज बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। ऐसे में उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बेटियों को बेहतर शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और आगे बढ़ने के समान अवसर देना केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बेटियों के प्रति भेदभाव समाप्त कर उन्हें सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जीने का अधिकार देना होगा। मौके पर पुष्पा कुमारी, नीतू कुमारी, उषा देवी, तनु कुमारी सहित कई महिलाएं एवं छात्राएं मौजूद थीं।



मंदिर परिसर में दीप जलाती महिलाएं।

संक्षिप्त खबरें

आवेदन लिखवाने का झांसा देकर 50 हजार रुपये की ठगी, शातिर ठग फरार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ में ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां आवेदन लिखवाने में मदद करने का झांसा देकर शातिर ठगों ने एक व्यक्ति से 50 हजार रुपये ठग लिए और मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि पीड़ित ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से 50 हजार रुपये की निकासी की थी। इसी दौरान ठगों ने उसे अपने झांसे में लेकर रुपये लेकर चलते बने। घटना के बाद पीड़ित परेशान है। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा है।

दलिस्मन चक में विवाहिता की पीट-पीटकर हत्या का आरोप, पति पर मायके वालों ने उठाए सवाल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ थाना क्षेत्र के दलिस्मन चक गांव में विवाहिता पूनम देवी की कथित तौर पर पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके वालों ने उसके पति पर मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना को लेकर परिजनों में आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हत्या के आरोपों की सत्यता जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

बाजार समिति परिसर में मिला अज्ञात शव, पंडारक के विजय सिंह के रूप में हुई पहचान

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ बाजार समिति परिसर में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभ में शव की पहचान नहीं हो सकी थी। बाद में उसकी पहचान पंडारक निवासी विजय सिंह के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया अपनाई गई। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिहार की सियासत में हलचल तेज, क्या वाकई लड़खड़ा रही सरकार अटकलों का बाजार गर्म

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों सरकार की स्थिरता को लेकर चर्चाओं का दौर तेज है। राजनीतिक सूत्रों से मिल रही अपुष्ट जानकारियों के बीच सरकार के भविष्य को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, सरकार के लड़खड़ाने या गिरने की किसी भी संभावना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सियासी हलचल के बीच सवाल उठ रहे हैं कि आखिर पर्दे के पीछे क्या खिचड़ी पक रही है फिलहाल इन चर्चाओं को अटकलों से अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता। राजनीतिक घटनाक्रम पर सबकी निगाहें टिकी हैं। कहते हैं कि आग लगी हो तो धुआं जरूर उठता है, लेकिन धुएं को आग का प्रमाण मानने से पहले सच्चाई जानना भी जरूरी है।

29 हजार रुपये रिश्वत लेते सहायक अवर निरीक्षक गिरफ्तार निगरानी टीम की बड़ी कार्रवाई

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साहेबपुर कमाल थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) चंदन कुमार झा को कथित तौर पर 29 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी टीम की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी विभाग ने जाल बिछाकर यह कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

पकड़ने पहुंची टीम पर एएसआई ने की फायरिंग, एक की मौत, तीन घायल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मधुबनी में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। कथित तौर पर आपत्तिजनक गतिविधियों के आरोपों में पकड़े जाने के दौरान एक एएसआई ने फायरिंग कर दी। इस घटना में गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। अचानक हुई गोलीबारी से इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप है। मामले की जांच और घटना के कारणों को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और हर बेटी को दिलाएं सम्मान : मधु देवी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। सामाजिक नेतृत्व मधु देवी कहती है बेटियां किसी परिवार की खुशियां ही नहीं, बल्कि समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव भी हैं। जिस घर में बेटियों को प्यार, सम्मान और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, वहां खुशहाली और सकारात्मकता का वातावरण बनता है। बेटी को शिक्षित करना, उसे आत्मनिर्भर बनाना और उसके सपनों को पूरा करने में सहयोग देना प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी है।बेटियां आज शिक्षा, खेल, विज्ञान, चिकित्सा, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। जरूरत है कि समाज बेटा-बेटी के बीच भेदभाव समाप्त कर सभी को समान अवसर प्रदान करे। बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है।बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और हर बेटी को सम्मान दिलाओ। क्योंकि बेटी खुशहाल होगी, तभी हमारा समाज और देश समृद्ध होगा। बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि परिवार का गौरव समझना ही सच्ची सामाजिक जागरूकता है।



सामाजिक नेतृत्व मधु देवी।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और हर बेटी को दिलाएं सम्मान : पार्वती देवी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर नगर परिषद के मुख्य पार्षद पार्वती देवी कहती है बेटियां किसी परिवार की खुशियां ही नहीं, बल्कि समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव भी हैं। जिस घर में बेटियों को प्यार, सम्मान और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, वहां खुशहाली और सकारात्मकता का वातावरण बनता है। बेटी को शिक्षित करना, उसे आत्मनिर्भर बनाना और उसके सपनों को पूरा करने में सहयोग देना प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी है।बेटियां आज शिक्षा, खेल, विज्ञान, चिकित्सा, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। जरूरत है कि समाज बेटा-बेटी के बीच भेदभाव समाप्त कर सभी को समान अवसर प्रदान करे। बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है।बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और हर बेटी को सम्मान दिलाओ। क्योंकि बेटी खुशहाल होगी, तभी हमारा समाज और देश समृद्ध होगा। बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि परिवार का गौरव समझना ही सच्ची सामाजिक जागरूकता है।



मुख्य पार्षद पार्वती देवी।

रेल कॉलोनी रामपुर में 62 वर्षों से हो रही मां जगद्धात्री की पूजा

18 से 21 अक्टूबर तक पानी टंकी मैदान में सजेगा भव्य मेला, तैयारियां तेज

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। रेल कलोनी रामपुर के पानी टंकी मैदान में इस वर्ष भी मां जगद्धात्री की पूजा धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। वर्ष 1964 से लगातार आयोजित हो रही इस पूजा का इस बार 62वां वर्ष होगा। छह दशक से अधिक पुरानी इस धार्मिक परंपरा में रेल परिवार के साथ शहरवासी भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यही वजह है कि जगद्धात्री पूजा रेल क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक और सांस्तिक आयोजनों में अपनी अलग पहचान रखती है।पूजा समिति के संयोजक रिंकू सिंह ने बताया कि इस वर्ष 18 से 21 अक्टूबर तक चार दिवसीय पूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा के दौरान माता की विधि-विधान से आराधना के साथ पानी टंकी मैदान में भव्य मेले का भी आयोजन होगा। मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गो, युवाओं और महिलाओं तक की सुविधाओं एवं मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा जाएगा। हर वर्ष मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और शहरवासी पहुंचते हैं। इस बार आयोजन को और आकर्षक एवं भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है।उन्होंने बताया कि 1964 में शुरू हुई मां जगद्धात्री की पूजा आज रेल कलोनी की सांस्तिक पहचान बन चुकी है। पीढ़ी दर पीढ़ी लोग इस परंपरा से जुड़ते आ रहे हैं। पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि रेल परिवार और शहरवासियों के आपसी जुड़ाव तथा सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा, सचिव पंकु पासवान, कोषाध्यक्ष अमित सिन्हा, दिवेश सिंह, रोहित सिन्हा, पंकज श्रीवास्तव, उत्तम, सतीश, चंदन, विनोद सिंह, मनोज सिंह, सुमन कुमार शर्मा, जुगुदा,जितेंद्र नारायण चतुर्वेदी, विल्सन एवं विश्व सेन गुप्ता सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हैं।



जगाधत्री पूजा का बन रहा भव्य पंडाल।

नियमों की अनदेखी करने वाले कई बाइक चालकों पर लगाया गया जुर्माना

जुबली बेल चौक पर यातायात पुलिस का वाहन जांच अभियान 50 से अधिक गाड़ियों की हुई जांच



वाहन जांच करती यातायात पुलिस।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को यातायात पुलिस की टीम ने जमालपुर थाना क्षेत्र के जुबली बेल चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। करीब एक घंटे तक चले इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान पुलिस टीम ने 100 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों की जांच की। वहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई मोटरसाइकिल चालकों पर जुर्माना भी लगाया गया।जांच अभियान का नेतृत्व कर रहे यातायात विभाग के एसआई नित्यानंद मंडल ने बताया कि शहर में सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभाग की ओर से नियमित रूप से डेली रूटीन के तहत इस तरह का अभियान चलाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देना और उनका पालन करने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, जरूरी कागजात रखने और यातायात नियमों का पालन करने के प्रति सचेत किया जा रहा है।इधर चौक पर अचानक वाहन जांच शुरू होने से वाहन चालकों के बीच कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। अभियान में कांस्टेबल ममता कुमारी, प्रिया कुमारी, चंदन कुमार और प्रेम कुमार सहित यातायात पुलिस के कई जवान शामिल थे

जमालपुर कारखाना के सहायक सुरक्षा आयुक्त कार्यालय पर लटका ताला

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। एशिया प्रसिद्ध जमालपुर रेल कारखाना के सहायक सुरक्षा आयुक्त (एएससी) कार्यालय पर पिछले तीन दिनों से ताला लटका हुआ है। कार्यालय अचानक बंद होने से रेलकर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। आखिरकार वर्षो से संचालित इस महत्वपूर्ण कार्यालय को बंद करने की नौबत क्यों आई क्या यह महज अस्थायी व्यवस्था है या इसके पीछे कार्यालय को स्थायी रूप से बंद करने की कोई योजना हैकार्यालय के बाहर मौजूद आरपीएफ के पदाधिकारी और जवानों के अनुसार, तत्कालीन सहायक सुरक्षा आयुक्त हीरा प्रसाद सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद अब तक किसी नए अधिकारी की पोस्टिंग नहीं हुई है। इसके कारण कार्यालय बंद पड़ा है। यहां कार्यरत सभी कर्मचारियों को दूसरे स्थानों पर प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मालदा मंडल के डीएससी वरुण कुमार बेहरा के निर्देश पर फिलहाल यह व्यवस्था की गई है।हालांकि कार्यालय बंद होने के बाद सबसे बड़ा सवाल इसके भविष्य को लेकर है। ब्रिटिश शासनकाल से संचालित इस कार्यालय का जमालपुर रेल कारखाना की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। ऐसे में इसके बंद होने की आशंका ने स्थानीय लोगों और रेल संगठनों की चिंता बढ़ा दी है।स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि कहीं धीरे-धीरे जमालपुर से महत्वपूर्ण रेल कार्यालयों को हटाने की कवायद तो नहीं चल रही है। पूर्व में भी कई रेल कार्यालयों के बंद होने से जमालपुर को नुकसान उठाना पड़ा है। यदि सहायक सुरक्षा आयुक्त कार्यालय को स्थायी रूप से बंद किया जाता है तो यह मुद्दा राजनीतिक तूल पकड़ सकता है। साथ ही रेलवे के शीर्ष अधिकारियों को भी स्थानीय विरोध का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल रेलवे प्रशासन की ओर से कार्यालय के भविष्य को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।



कारखाना परिसर में आरपीएफ का सहायक आयुक्त कार्यालय।

संक्षिप्त खबरें

कॉलिन्स किड्स स्कूल में दीपावली और छठ महापर्व समारोह का शुभारंभ

नन्हे-मुन्नों की सांसतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, 60 बच्चों ने लिया हिस्सा, राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और सूर्य देव की वेशभूषा में दिखे बच्चे



स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। कलिन्स किड्स स्कूल के प्री-प्राइमरी विंग में मंगलवार को चार दिवसीय दीपावली एवं छठ महापर्व समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। पहले दिन एलकेजी और यूकेजी के लगभग 60 नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने कविता पाठ, नृत्य और रंगारंग सांसतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के संस्थापक उमेश प्रसाद सिंह, निदेशक पंकज कुमार सिंह, प्राचार्य राकेश कुमार सिंह, उपप्राचार्य सूरज जायसवाल एवं प्रशासक प्रणव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्राचार्य और उपप्राचार्य ने बच्चों को दीपावली एवं छठ महापर्व के धार्मिक और सांसतिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने दीपावली को अच्छाई की बुराई पर विजय तथा छठ को सूर्योपासना, प्रति के सम्मान, स्वच्छता और अनुशासन का महापर्व बताया। साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पटाखों से सावधानी बरतने और अभिभावकों की देखरेख में ही हरित पटाखों का उपयोग करने की सलाह दी।सांसतिक कार्यक्रम में बच्चों ने श्आयो रे श्भु दिन आयो रे३, श्देवा श्री गणेशा३, श्उग हे सूरज देवश और श्केलवा के पात पर उगेलन सुरुजश जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, माता लक्ष्मी, गणेश और सूर्य देव की वेशभूषा में सजे बच्चों ने भारतीय संसति की सुंदर झलक प्रस्तुत की।आयोजन को सफल बनाने में तानिया, प्रियंका, आकांक्षा, अलीशा, प्रगति, करीना, नैना, अनीशा सहित हिमांशु सर एवं अन्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार अगले तीन दिनों तक भी विभिन्न सांसतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

रेलवे स्टेशन पर लावारिस बोरे से 18 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

आरपीएफ की जांच में हरियाणा निर्मित रयल स्टैग की 135 लीटर शराब जब्त, जब्त शराब की कीमत 10,260 रुपये आंकी गई

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह रेलवे स्टेशन परिसर में गश्ती के दौरान आरपीएफ की टीम ने लावारिस अवस्था में रखे एक प्लास्टिक के बोरे से 18 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। बरामद शराब हरियाणा निर्मित रयल स्टैग ब्रांड की है। आरपीएफ पोस्ट जमालपुर के एएसआई समीर दास ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान वे आरपीएफ जवानों एवं सीआईबी जमालपुर की टीम के साथ स्टेशन परिसर में गश्ती कर रहे थे। गश्ती के दौरान जुबली बेल के समीप रेलवे की फेंसिंग के सामने एक सफेद रंग का प्लास्टिक बोरा संदिग्ध अवस्था में रखा मिला। टीम ने आसपास मौजूद लोगों से बोरे के संबंध में पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी उसकी जिम्मेदारी नहीं ली।इसके बाद गवाहों की मौजूदगी में बोरे को खोलकर तलाशी ली गई तो उसमें रयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की की 18 बोतलें बरामद हुईं। प्रत्येक बोतल में 750 एमएल शराब थी। इस तरह कुल 135 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसकी बाजार कीमत 10,260 रुपये आंकी गई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि बरामद शराब मामले में कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग को बरामद शराब सुपुर्द कर दी गई है।



बरामद शराब को दिखाते आरपीएफ।

पूर्व वित्तमंत्री कैलाश मिश्रा का पुण्यतिथि मनाई गई

सोनपुर (एनएसबी) विधायक कार्यालय सोनपुर में भाजपा के भीष्म पितामह कैलाशपति मिश्रा जी का पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कैलाशपति मिश्र की तैल -चित्र पर पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने किया। वरीय भाजपा नेता नरेश सिंह ने कहा की कैलाशपति मिश्र भारतीय राजनीति के एक प्रमुख नेता थे। जिन्होंने भारतीय जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने 1977 से 1979 तक भारत सरकार में वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया, और मई 2003 से जुलाई 2004 तक गुजरात के राज्यपाल रहे। उनके राजनीतिक कैरीयर की शुरुआत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से हुई, जब उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया और इसके लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह बब्लु ने कहा की वे 1943 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (रै) के सदस्य रहे, कैलाशपति मिश्र ने 1971 के लोकसभा चुनाव में जनसंघ के टिकट पर पटना से चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। 1977 में उन्होंने बिहार बिधानसभा का चुनाव जीतकर बिक्रम सीट पर विजय प्राप्त की और कर्पूरी ठाकुर की जनता पार्टी सरकार में वित्त मंत्री बने। 1980 में वे भारतीय जनता पार्टी (भाज़पा) के पहले बिहार अध्यक्ष बने। और 1995 से 2003 तक पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे।उनकी नियुक्ति 2003 में गुजरात के राज्यपाल के रूप में की गयी। उन्होंने राजस्थान के कार्यवाहक राज्यपाल के रूप में भी कार्यभार संभाला। 2004 में भाजपा की सरकार की हार के बाद, कांग्रेस सरकार ने उन्हें राज्यपाल पद से हटा दिया। कैलाशपति मिश्र को बिहार में भारतीय जनता पार्टी का भीष्म पितामह माना जाताहै ।उनका निधन 3 नवंबर 2012 को हुआ। उनकी याद में भारतीय सरकार ने 2016 में उनके सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया गया । निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष शशिभूषण कुमार सिंह, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, दीपक तिवारी, दुर्गा दास, राजन कुमार दास, अनवर अली, सोनु कुमार सहनी सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता शामिल हुए।



तैल चित्र पुष्प अर्पित करते भाजपा नेता।

अन्य खबरें पेज नं. 9 पर

समस्तीपुर में बारूद के ढेर पर बाजार

25 पटाखा दुकानों में सिर्फ 7 के पास लाइसेंस, दो दुकानें सील, यहां चलती है दुकानें

समस्तीपुर एनएसबी । दीपावली को लेकर शहर के बाजारों में पटाखों की दुकानें सजने लगी हैं। लेकिन इन दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था और लाइसेंस को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शहर के कई घनी आबादी वाले इलाकों में पटाखों की बिक्री हो रही है। स्थानीय स्तर पर यह भी शिकायत है कि कुछ दुकानदार घनी बस्तियों में ही पटाखों का भंडारण कर रहे हैं। ऐसे में यदि आग लगने या विस्फोट जैसी कोई घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल है। इसी बीच प्रशासन ने पटाखा दुकानों की सुरक्षा और लाइसेंस को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। मंगलवार को अग्नि समन्वय अधिकारी धनंजय कुमार रंजन ने पटाखा दुकानदारों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दुकानदारों को वैध लाइसेंस बनवाने, दुकान में अग्निशमन उपकरण रखने और आग से बचाव के सभी जरूरी उपाय अपनाने को कहा गया।

25 दुकानों में केवल 7 के पास लाइसेंस

अग्निशमन अधिकारी के अनुसार, जिले में करीब 25 पटाखा दुकानें संचालित हैं, जिनकी जांच की गई। इनमें से मात्र सात दुकानदारों ने ही लाइसेंस बनवा रखा है। यह स्थिति सुरक्षा व्यवस्था और नियमों के पालन को लेकर चिंता बढ़ाने वाली है। जिलाधिकारी के निर्देश पर नियमों का पालन नहीं करने के मामले में दो दुकानों को सील भी किया जा चुका है।

घनी आबादी में दुकानें, हादसे का खतरा

शहर के गोला रोड, मारवाड़ी बाजार, स्टेशन रोड, ताजपुर रोड और मोहनपुर रोड सहित कई इलाकों में पटाखों की दुकानें संचालित हो रही हैं। इनमें कुछ इलाके काफी घनी आबादी वाले हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पटाखों की बिक्री के साथ-साथ उनके भंडारण की भी जांच होनी चाहिए। दुकानों में अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

सीवान की घटना के बाद प्रशासन हुआ सतर्क

हाल में सीवान में हुई घटना के बाद पटाखों के भंडारण और बिक्री को लेकर प्रशासन की सक्रियता बढ़ी है। समस्तीपुर में भी दो गोदाम सील किए जाने की कार्रवाई हुई है। हालांकि, शहर में संचालित अन्य दुकानों और उनके भंडारण स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी जांच की जरूरत है।

लाइसेंस और सुरक्षा उपकरण रखने का निर्देश

बैठक में अग्निशमन अधिकारी ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना वैध लाइसेंस पटाखों की बिक्री नहीं करें। दुकान में आग बुझाने के उपकरण उपलब्ध रखें और सुरक्षा मानकों का पालन करें। अब देखना होगा कि दीपावली से पहले प्रशासन सभी दुकानों और गोदामों की जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कितनी सख्त कार्रवाई करता है।

संक्षिप्त खबरें

सादे समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर सम्पन्न

दलसिंहसराय एनएसबी। आर बी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से चलाए जा रहे शिविर का समापन एक साधारण कार्यक्रम से सम्पन्न हुआ जिसमें लगभग 35 स्वय सेवकों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम पदाधिकारी डा सुनील कुमार सिंह ने अपने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए स्वयं सेवकों से आगे भी काफी तैयारी कर योजना बनाने की सलाह दी वही वक्ताओं ने कहा कि युवा हमारे देश के कर्णधार हैं उन्हें राष्ट्र के नब निर्माण में अपनी सार्थकता सिद्ध करने की जरूरत है शिविर में विशिष्ट अतिथि भाजप जिलाध्यक्ष शशिधर झा ने कहा कि युवाओ पर ही देश का भविष्य निर्भर है और उन्हें अपनी ऊर्जा देश एवं समाज हित में लगानी चाहिए ताकि हमारा देश विश्व गुरु की उपाधि पा सके कार्यक्रम में डा धीरज कुमार पाण्डेय,प्रो पी के झा ' प्रेम ' गौरी शंकर,सहित अन्य लोगों ने संबोधित करते हुए इस संस्था को धन्यवाद दिया।

मतदाता जागरूकता को लेकर ईएलसी प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी, एसडीओ ने दिए निर्देश

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से विद्यालयों में संचालित निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) के अंतर्गत निबंध एवं प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी सदर राकेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रतियोगिता के आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रत्येक विद्यालय से दो-दो छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने प्रतियोगिता के व्यवस्थित एवं सफल आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने को कहा। मौके पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी कुमोद रंजन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी पूसा रवीश कुमार रवि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता अधिकार एवं मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों और चुनावी प्रक्रिया की बेहतर समझ विकसित हो सके।

उत्तर बिहार में मौसम रहेगा शुष्क, तापमान में हल्की बढ़ोतरी के आसार

सुबह में बढ़ेगी नमी, दिन में मौसम रहेगा साफ

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, 4 से 8 नवंबर 2026 तक उत्तर बिहार के जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान आसमान साफ रहेगा तथा बारिश की कोई संभावना नहीं जताई गई है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, इस अवधि में पूर्वी हवाओं के चलने से तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। अधिकतम तापमान 25 से 32 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 19 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। इससे दिन के समय हल्की गर्माहट बनी रह सकती है, जबकि सुबह और शाम के समय मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहेगा।

सुबह में अधिक रहेगी सापेक्ष आर्द्रता

पूवार्नुमान के अनुसार, सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता 75 से 95 प्रतिशत तक रहने की संभावना है। वहीं, दोपहर में इसमें गिरावट आ सकती है और आर्द्रता 30 से 40 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। इससे सुबह के समय वातावरण में नमी बनी रहेगी, जबकि दोपहर में मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रहेगा।

पूर्वी और उत्तर-पूर्वी हवाओं का रहेगा प्रभाव

मौसम पूवार्नुमान के मुताबिक, इस अवधि में हवा की दिशा मुख्य रूप से पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी रहने की संभावना है। हवा की गति चार से दस किलोमीटर प्रति घंटे के बीच रह सकती है। कुल मिलाकर, 4 से 8 नवंबर तक समस्तीपुर सहित उत्तर बिहार के जिलों में मौसम साफ एवं शुष्क रहने का अनुमान है। तापमान में हल्की बढ़ोतरी के साथ मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं जताई गई है।

वैनी बाजार में आठ से 11 नवंबर तक होगा मां काली पूजोत्सव, 11 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

ओईनी एनएसबी। ओईनी बाजार में मां काली पूजोत्सव समारोह 2026 की तैयारी शुरू हो गई है। ओईनी बाजार व्यावसायी संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय महानुष्ठान के दौरान पूजा-अर्चना, महाप्रसाद वितरण, गंगा आरती और भव्य शोभायात्रा सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन के तहत आठ नवंबर (रविवार) की रात मां महाकाली की भव्य महापूजा होगी। नौ और 10 नवंबर को सुबह 10 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं, दोनों दिन शाम सात बजे बनारस से आए विद्वान पंडितों द्वारा भव्य गंगा आरती की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए शुभम जायसवाल ने बताया कि, आयोजन के अंतिम दिन 11 नवंबर (बुधवार) को मां काली की प्रतिमा विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा पूसा रोड बाजार से शुरू होकर कस्तूरबा चौक, हॉस्पिटल चौक, गोपालपुर चौक होते हुए बिरौली चौक तक जाएगी। बिरौली घाट पर शाम सात बजे बनारस के विद्वान पंडितों द्वारा गंगा आरती की जाएगी। इसके बाद मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वैनी बाजार व्यावसायिक संघ ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होकर मां काली का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। मौके पर सचिन जायसवाल, संतोष जायसवाल, बजरंग अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, बबलू गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि मौजूद थे।

पांच धुर जमीन के लिए 64 साल से चल रहे विवाद का हुआ अंत

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) सिविल कोर्ट गोपालगंज में पांच धुर जमीन के एक छोटे से टुकड़े के लिए पिछले 64 वर्षों से चल रहे विवाद का मंगलवार को अंत हो गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-16 संतोष कुमार दुबे की अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए टाइटल अपील को खारिज कर दिया। इसके साथ ही छह दशक से अधिक समय से लंबित इस पुराने भूमि विवाद का निष्पादन हो गया। बताया जाता है कि मीरगंज के शिव लोहार और अशर्फी शाह के पूर्वजों के बीच पांच धुर जमीन के एक टुकड़े के विवाद को लेकर 14 जुलाई 1962 को दीवानी वाद दायर किया गया था।इस मामले में निचली अदालत ने 27 नवम्बर 1975 को अशर्फी शाह के परिजनों के पक्ष में निर्णय दिया था। इसके बाद शिव लोहार के परिजनों ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए 19 दिसंबर 1975 को टाइटल अपील संख्या 22/1975 दायर की थी। तब से यह मामला चल रहा था। वर्तमान में यह अपील जिला एवं सत्र न्यायाधीश-16 की अदालत में लंबित था। बताया जाता है कि पटना हाईकोर्ट के आदेश पर इस पुराने मामले की त्वरित सुनवाई की जा रही थी। इसी क्रम में मंगलवार को अदालत ने अपील पर सुनवाई पूरी करते हुए उसे खारिज कर दिया। अदालत के इस आदेश के साथ ही वर्ष 1975 से चले आ रहे भूमि विवाद से जुड़े मामले का कानूनी निष्पादन हो गया।

फुटबॉल टूर्नामेंट में पहले दिन गोरखपुर की टीम ने पथरदेवा को 1-0 से हराया

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर प्रखंड के मझवलिया पंचायत अंतर्गत धोबवल पटखौली खेल मैदान में मंगलवार को महावीरी अखाड़ा समारोह सह जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उत्साहपूर्ण आगाज हुआ। उद्घाटन मुकाबले में गोरखपुर और पथरदेवा की टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे के गोल पोस्ट पर लगातार हमले किए। गेंद पर कब्जा जमाने और गोल करने के प्रयास में खिलाड़ियों ने मैदान पर खूब पसीना बहाया। उनके दमदार प्रदर्शन पर मैदान में मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। कड़े संघर्ष के बीच गोरखपुर की टीम ने बेहतर तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए एक गोल दागा। वहीं, पथरदेवा की टीम ने बराबरी करने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। अंततः गोरखपुर की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर अगले मुकाबले में अपनी जगह मजबूत कर ली। मैच का उद्घाटन मझवलिया पंचायत के मुखिया पति संजीव कुमार राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर अखाड़ा संयोजक मनोज दूबे, समिति अध्यक्ष रिंटू सिंह, दीपक ओझा, सचिन वर्मा, रामनरेश ओझा, धनंजय ओझा, नीरज वर्मा, राजन सोनी, अजीत सिंह, बलिराम यादव, बैजनाथ राम, श्याम बदन सिंह, मनु गोड़, गोरख राम, सुभाष राम, सुभाष गुप्ता, मुनीलाल भगत और सुरेंद्र भगत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

छठ की पारंपरिक छटा और लोक आस्था के रंग में रंगा संत पॉल एकेडमी परिसर

बच्चों बच्चों ने सजाई छठ पर्व की झांकी



समस्तीपुर एनएसबी ।शहर के विवेक-विहार मुहल्ला स्थित संत पॉल एकेडमी छठ की पारंपरिक छटा और लोक आस्था के रंग में रंग गया जब मंगलवार को स्कूली बच्चों ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की झांकी सजाई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छठ पर्व की परंपरा, संस्कृति और धार्मिक आस्था की मनमोहक झलक देखने को मिली।

इस दौरान बच्चों ने पारंपरिक छठ पूजा की प्रस्तुति के माध्यम से पर्व की महत्ता और लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। इस दौरान बच्चों ने "उग हो सुरूज", "मारबउ रे सुगबा धनुष से", "रूनकी- झूनकी बेटी मांगीला हे छठि मैया पढ़ल पंडितवा दामाद" समेत एक से बढ़कर एक छठ गीत भी गाये। बच्चों की इस प्रस्तुति से विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और मुहल्लावासी भावविभोर हो उठे। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का संदेश दिया, बल्कि छठ पर्व की परंपरा और सामाजिक समरसता को भी प्रदर्शित किया। इस अवसर पर शिक्षिका बंदना सिंह ने कहा कि बच्चों को बिहार की लोक आस्था, संस्कृति और परम्पराओं से परिचित कराने तथा छठ पर्व के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व को समझाने के उद्देश्य से यह प्रतीकात्मक छठ प्रस्तुत किया गया है। वहीं प्राचार्य संजय कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रकृति पूजन की परंपरा 15 दिवसीय उत्सव के क्रम में चार दिवसीय महानुष्ठान यह छठ पर्व सूर्योपासना और लोक आस्था का अनोखा महापर्व है। न पंडित, न भारी भरकम मंत्र सिर्फ स्वच्छता, शुद्धता, और पवित्रता की पराकाष्ठा इस पर्व की विशेषता है। जिसमें भगवान सूर्य एवं छठी मईया की पूजा-अर्चना कर परिवार, समाज एवं समस्त मानवता के अक्षय स्वास्थ्य सुख- शांति एवं समृद्धि की कामना की जाती है। मौके पर अर्चना शरण, सचिव अविनाश कुमार, शिशिर कुमार, गुलशन कुमार, प्रवीण कुमार, व्यवस्थापक संतोष कुमार समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र, अविभावक उपस्थित थे।

कपड़ा धोने के दौरान पैर फिसलने से दो किशोरियों की डूबने से मौत

एक साथ उठी दो अर्थियां तो दहल उठा गांव



दलसिंहसराय नगर एनएसबी। थाना क्षेत्र के महनैया चौर में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में दो किशोरियों की डूबने से मौत हो गई। दोनों किशोरियां एक साथ कपड़ा धोने के लिए चौर गई थीं। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में चली गईं और डूब गईं। हादसे की खबर मिलते ही आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। वहीं, दोनों किशोरियों की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मृत किशोरियों की पहचान महनैया गांव के वार्ड संख्या 14 निवासी मोती दास की 14 वर्षीय पुत्री सुष्मिता कुमारी और राज कुमार दास की 16 वर्षीय पुत्री रूबी कुमारी के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार को दोनों किशोरियां घर से कपड़ा धोने के लिए महनैया चौर गई थीं। दोनों साथ में कपड़ा धो रही थीं। इसी दौरान पानी के किनारे अचानक उनका पैर फिसल गया और दोनों गहरे पानी में चली गईं। देखते ही देखते दोनों पानी में डूबने लगीं। आसपास मौजूद लोगों को जब इसकी जानकारी मिली तो शोर मच गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण आनन-फानन में चौर की ओर दौड़े और काफी मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला। हालांकि, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलने पर पहुंची दलसिंहसराय थाना की पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और प्रारंभिक जांच के बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया।

घटहो थाना के हाजत का छप्पर तोड़कर बंदी फरार, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

दलसिंहसराय नगर एनएसबी। घटहो थाना परिसर स्थित हाजत से एक बंदी के फरार होने का मामला सामने आया है। मारपीट के मामले में बंद कांचा गांव निवासी राजाराम राय के पुत्र गोलू कुमार ने हाजत का छप्पर तोड़कर फरार होने में सफलता हासिल कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि गोलू कुमार को मारपीट के एक मामले में पुलिस ने हिरासत में लेकर थाना हाजत में बंद किया था। इसी दौरान उसने मौका पाकर हाजत के छप्पर को तोड़ दिया और वहां से फरार हो गया। बंदी के फरार होने की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मियों में अफरातफरी मच गई। इसके बाद पुलिस ने आसपास के इलाकों में उसकी तलाश शुरू कर दी। घटना के बाद पुलिस फरार बंदी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। साथ ही उसके परिजनों और संपर्क में रहने वाले लोगों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। थाना परिसर के हाजत से बंदी के छप्पर तोड़कर फरार होने की घटना ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस फरार गोलू कुमार की तलाश में जुटी है। वही इस सम्बन्ध में डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया की मारपीट मामले में गिरफ्तारी हुई थी कैसे फरार हुआ है जाँच चल रही है।

मद्य निषेध अभियान को जन-आंदोलन बनाने पर जोर, जागरूकता कार्यक्रमों की डीएम ने की समीक्षा

नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाएगा नशामुक्ति का संदेश

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। जिले में मद्य निषेध अभियान को प्रभावी बनाने और आम लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में 27 अक्टूबर से 26 नवंबर तक चल रहे अभियान के तहत विभिन्न विभागों की ओर से संचालित जागरूकता गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई।

डीएम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शराब के सेवन और अवैध कारोबार के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इसे केवल औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जन-आंदोलन का स्वरूप देने की जरूरत है, ताकि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचे।

उन्होंने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। साथ ही जागरूकता संदेशों को सरल और सहज भाषा में प्रसारित करने पर जोर दिया।

बैठक में नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए लोगों को मद्यपान के सामाजिक, पारिवारिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों से अवगत कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि स्थानीय भाषा और परिवेश के अनुरूप आयोजित कार्यक्रमों से लोगों तक संदेश अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। वहीं, शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच जागरूकता गतिविधियां संचालित करने तथा जीविका को स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने को कहा गया। डीएम ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित गतिविधियों का समयबद्ध संचालन करने और उनकी नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। बैठक में उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, जीविका के डीपीएम विक्रांत कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी, शिक्षा विभाग के डीपीओ शुभम कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

आपदा मित्रों की 12 सूत्री मांगों को लेकर सरकार को सौंपा ज्ञापन

मांगों पर अविलंब वार्ता नहीं हुई तो विधानसभा सत्र के दौरान होगा आंदोलन



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। बिहार के प्रशिक्षित आपदा मित्रों एवं आपदा सखियों की 12 सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रीय आपदा मित्र एसोसिएशन, बिहार के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को पटना स्थित पटेल भवन कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष दीपक कुमार एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल के नाम संबोधित था। कार्यालय की ओर से ज्ञापन की विधिवत रिसीविंग भी प्रदान की गई। एसोसिएशन ने मांगों पर अविलंब वार्ता नहीं होने पर बिहार विधानसभा के आगामी सत्र के दौरान आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संगठन के बिहार प्रदेश अध्यक्ष रौशन कुमार ने किया। इसमें राष्ट्रीय महामंत्री संजय सुमन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रंजन कुमार, राज्य सचिव धीरज कुमार, सिवान जिला अध्यक्ष गुड्डू कुमार, प्रमोद कुमार सहवाल, शैलेश कुमार एवं रविंद्र कुमार यादव सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

ज्ञापन में कहा गया है कि बिहार में बाढ़, अगलगी, सड़क दुर्घटना, डूबने की घटनाओं एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान हजारों प्रशिक्षित आपदा मित्र अपनी जान जोखिम में डालकर प्रशासन और आम जनता की सहायता करते हैं। विभिन्न सार्वजनिक आयोजनों एवं पर्व-त्योहारों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके बावजूद उन्हें नियमित रोजगार, सम्मानजनक मानदेय, लंबित भुगतान, बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। प्रशिक्षण एवं कार्य से संबंधित भुगतान लंबित रहने के कारण प्रशिक्षित युवाओं के समक्ष आर्थिक संकट और भविष्य की अनिश्चितता बनी हुई है।

ये हैं एसोसिएशन की प्रमुख 12 मांगें

एसोसिएशन ने सभी प्रशिक्षित आपदा मित्रों एवं आपदा सखियों को सरकारी आपदा कर्मी का दर्जा देने, पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर नियमित रोजगार की गारंटी देने तथा कार्य एवं जिम्मेदारियों के अनुरूप सम्मानजनक मासिक मानदेय अथवा न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके अलावा प्रशिक्षण अवधि सहित अब तक किए गए कार्यों का लंबित भुगतान अविलंब करने, कम-से-कम 20 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा एवं 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने तथा भविष्य निधि (पीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं देने की मांग उठाई गई है। एसोसिएशन ने बाढ़, अगलगी, सड़क दुर्घटना, छठ एवं अन्य पर्व-त्योहारों में ड्यूटी के दौरान निर्धारित पारिश्रमिक और यात्रा भत्ता देने, सरकारी विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम एवं आपदा जागरूकता अभियानों में कार्य करने वाले आपदा मित्रों को उचित पारिश्रमिक देने की भी मांग की है। साथ ही सभी आपदा मित्रों को पहचान पत्र, निर्धारित यूनिफॉर्म, सुरक्षा किट, लाइफ जैकेट, हेलमेट, जूते एवं आधुनिक बचाव उपकरण उपलब्ध कराने, ड्यूटी के दौरान मृत्यु अथवा गंभीर रूप से घायल होने पर उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने की व्यवस्था करने की मांग की गई है। अन्य मांगों में नियमित पुनःप्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करना, सभी जिलों में कार्यरत एवं प्रशिक्षित आपदा मित्रों का अद्यतन पंजीकरण कराना तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर शिकायत निवारण व्यवस्था स्थापित करना शामिल है। मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा आंदोलन ज्ञापन सौंपने के दौरान कार्यालय की ओर से प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि उठाई गई मांगों एवं समस्याओं पर वार्ता के लिए सूचना देकर संगठन के प्रतिनिधियों को बुलाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि आपदा मित्र केवल स्वयंसेवक नहीं, बल्कि आपदा के समय समाज और प्रशासन के बीच जीवन रक्षक कड़ी हैं। बाढ़, अगलगी एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी जान जोखिम में डालकर वे लोगों की जिंदगी बचाने का काम करते हैं। इसके बावजूद उनके भविष्य और आजीविका की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को आपदा मित्रों की जायज मांगों पर अविलंब सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। यदि ज्ञापन पर शीघ्र वार्ता नहीं होती है और समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल नहीं की जाती है, तो राष्ट्रीय आपदा मित्र एसोसिएशन, बिहार के नेतृत्व में बिहार विधानसभा के आगामी सत्र के दौरान आंदोलन किया जाएगा। एसोसिएशन ने बिहार सरकार एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से 12 सूत्री मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर ठोस नीतिगत निर्णय लेने की अपील की है, ताकि बिहार के हजारों प्रशिक्षित आपदा मित्रों एवं आपदा सखियों का भविष्य सुरक्षित हो सके और उन्हें सम्मानजनक रोजगार, मानदेय एवं सामाजिक सुरक्षा का अधिकार मिल सके।

संक्षिप्त खबरें

कोंच में अनियंत्रित स्कॉर्पियो पलटी, चालक जख्मी

टिकारी (एनएसबी)। गया-गोह मुख्य पथ पर कोंच थाना क्षेत्र के मलहबीघा गांव में सोमवार रात करीब 10 बजे एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो सड़क किनारे एक दुकान के पोल और करकट से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के चारों पहिये ऊपर की ओर होकर पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। एयर बैग खुलने से उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि करकट के ऊपर से बिजली का तार गया था, जो टूटकर गाड़ी पर गिर गया और गाड़ी में करंट आ गया। लोगों ने बिजली का तार हटाया और गाड़ी का शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला। उस वक्त वह बेहोश था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को सीएचसी कोंच पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि चालक खुद वाहन मालिक ही है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्कॉर्पियो गया की ओर से आ रही थी और कोंच होते हुए गोह की ओर जा रही थी। घायल चालक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के जाजापुर गांव निवासी सत्येंद्र कुमार के रूप में हुई है।

एससीआरबी बिहार पोर्टल पर उपलब्ध एफआईआर का दुरुपयोग कर पुलिस पदाधिकारी बनकर साइबर ठगी करने वाले अपराधियों से सतर्क रहें

गयाजी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के लिए अपनाए जा रहे एक नए तरीके के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया गया कि कुछ साइबर अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों द्वारा एससीआरबी बिहार के आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध एफआईआर को डाउनलोड कर उसमें दर्ज वादी एवं अभियुक्तों के नाम, मोबाइल नंबर एवं अन्य जानकारियां प्राप्त की जा रही हैं। इसके पश्चात संबंधित व्यक्तियों को फोन कर स्वयं को पुलिस पदाधिकारी बताकर गिरफ्तारी का भय दिखाया जाता है तथा केस में राहत दिलाने, गिरफ्तारी से बचाने अथवा कानूनी कार्रवाई से बचाने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है। इस प्रकार साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस की पहचान एवं कार्यप्रणाली का दुरुपयोग कर आम नागरिकों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा आमजनों को इस प्रकार की साइबर ठगी के प्रति सचेत करते हुए अपील की गई कि पुलिस पदाधिकारी बनकर फोन करने वाले किसी भी अज्ञात व्यक्ति की पहचान की पुष्टि अवश्य करें। गिरफ्तारी से बचाने अथवा केस में राहत दिलाने के नाम पर किसी भी व्यक्ति को पैसे न दें।

गयाजी में 7 हजार रुपये घूस लेते दो सरकारी अमीन को निगरानी की टीम ने दबोचा

गयाजी (एनएसबी)। गयाजी में 7 हजार रुपये घूस लेते दो सरकारी अमीन को निगरानी की टीम ने दबोच लिया। जानकारी के अनुसार निगरानी की टीम ने सदर अंचल में कार्यरत दो दो सरकारी अमीन को 7 हजार रुपये घुंस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक कुमार और दीपू कुमार हैं। निगरानी की टीम में रहे डीएसपी ने बताया कि दोनों को गया एपीआर के पास से गिरफ्तार किया गया है। निगरानी विभाग के डीएसपी वसीम अहमद ने बताया कि शिकायतकर्ता रोहित कुमार ने विभाग में शिकायत की थी कि अंचल में कार्यरत दोनों अमीन किसी जमीन के एक मामले में 7 हजार रुपये रिश्वत मांग रहे हैं। पुलिस लाइन, गया में संयुक्त भवन का वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के नेतृत्व में निरीक्षण गयाजी। पुलिस लाइन, गया में संयुक्त भवन का वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक, गया, अपर पुलिस अधीक्षक (विशेष अपराध) एवं रक्षित डीएसपी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में भवन की व्यवस्थाओं एवं संबंधित सुविधाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कायाकल्प के रंग-रोगन के बीच भरभराकर गिरा विद्यालय की छत का सीलिंग बाल-बाल बचे मजदूर

कुर्था (एनएसबी)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सचई का जर्जर भवन शिक्षा विभाग की बुनियादी व्यवस्था और विद्यालयों की सुरक्षा संबंधी दावों पर सवाल खड़े कर रहा है। एक ओर सरकार सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर विद्यालय भवनों की बदहाल स्थिति बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है। मंगलवार को विद्यालय में कायाकल्प योजना के तहत रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान विद्यालय के अंदर बरामदे की छत का सीलिंग अचानक भरभराकर नीचे गिर पड़ा। इस घटना में रंगाई-पुताई का काम कर रहे एक मजदूर को हल्की चोट भी आई। अचानक छत का सीलिंग गिरने से वहां अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। ग्रामीण संत राहुल ने कहा कि यह महज संयोग था कि घटना के समय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे वहां मौजूद नहीं थे। यदि बच्चे उस स्थान पर होते तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।



जरा पड़ा मालवा।

मगध विश्वविद्यालय में छात्र जदयू के नवमनोनीत अध्यक्ष अमरजीत कुशवाहा का छात्रों ने किया जोरदार स्वागत

गयाजी (एनएसबी)। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में छात्र जदयू के नवमनोनीत विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमरजीत कुशवाहा के आगमन पर विश्वविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं छात्र जदयू के कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए छात्र नेताओं एवं कार्यकताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अमरजीत कुशवाहा ने मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव से शिष्टाचार मुलाकात की तथा उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, छात्र-छात्राओं की समस्याओं, विश्वविद्यालय की व्यवस्था एवं छात्र हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई। अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि छात्र जदयू के विश्वविद्यालय अध्यक्ष के रूप में मिली जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती भी है। वे छात्र-छात्राओं के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा विश्वविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण स्थापित करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



कोंच में विभिन्न मामलों में तीन फरार अभियुक्त गिरफ्तार



टिकारी। कोंच थाना पुलिस ने अपराध नियंत्रण एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष अभियान चलाते हुए विभिन्न मामलों में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक रंजन के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे आरोपितों को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कांड संख्या 407ध्26 में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज मामले में मदनपुर गांव निवासी रामसेवक शर्मा के पुत्र शिवम कुमार (23 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में गिरफ्तारी की कार्रवाई एसआई चन्द्रशेखर ने की। वहीं, कांड संख्या 643/22 में विजापुक गांव निवासी राजेश्वर यादव के पुत्र फरहारी यादव उर्फ रामदयाल यादव (42 वर्ष) को एएसआई मनोज कुमार एवं पुलिस बल ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया। इसके अलावा कांड संख्या 328/26 में हरिकिशन बिगहा गांव निवासी स्वर्गीय हीरालाल मांझी की पत्नी कौशल्या देवी उर्फ कुमारी देवी को एसआई संजय कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपितों की आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

बुलडोजर राज के खिलाफ संघर्ष तेज करना होगा : दीपंकर

अरवल (एनएसबी)। भाकपा (माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आज अरवल के कारगिल पार्क में कहा कि मौजूदा सरकार स्कूल खोलने के बजाय स्कूल बंद करने वाली सरकार है। संविधान ने हमें शिक्षित बनने का अधिकार दिया है, लेकिन सरकार गरीबों से शिक्षा का यह अधिकार भी छीन लेना चाहती है। जंतर-मंतर पर आंदोलन के बाद शुरू हुआ 'स्कूल ठीक करो' अभियान अब बिहार की शिक्षा व्यवस्था में बुनियादी बदलाव का आंदोलन बनना चाहिए। बिहार की शिक्षा व्यवस्था को बदलना होगा।

वे आज शाह चाँद की 12वीं बरसी पर पटना के कारगिल पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि एवं संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर शाह चाँद के साथ तमाम शहीद टाडा बंदियों और पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य को भी श्रद्धांजलि दी गई। दीपंकर भट्टाचार्य ने खेत मजदूरों के राष्ट्रीय सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने मनरेगा को बदल दिया है और रोजगार देने की अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट रही है। खेत मजदूरों को सिर्फ काम ही नहीं, बल्कि जीने लायक मजदूरी और सम्मानजनक जीवन का अधिकार मिलना चाहिए। मनरेगा को फिर से मजबूत करने और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करना होगा।



सभा को संभावित करते दीपांकर भट्टाचार्य।

उन्होंने जमीन और आवास के सवाल पर कहा कि गरीबों और खेत मजदूरों की लड़ाई जमीन और मकान के अधिकार के लिए रही है, लेकिन आज उनके सामने बुलडोजर खड़ा कर दिया गया है। यह केवल खेत मजदूरों का नहीं, बल्कि किसानों का भी सवाल है। टाउनशिप के नाम पर किसानों की जमीन छीनी जा रही है और जमीन पर कब्जे की नई-नई साजिशें की जा रही हैं। बुलडोजर के जरिए गरीबों के घर उजाड़ने की कोशिशों का मुकाबला करना होगा। अपना घर बचाने की लड़ाई गरीबों और किसानों की साझा लड़ाई है। देश में आज 'वोट चोर गद्दी छोड़' का नारा गूंज रहा है। उन्होंने मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने का सवाल उठाते हुए कहा कि करीब 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे गए हैं और इसकी शुरूआत बिहार से हुई थी। लोकतंत्र और मताधिकार पर इस हमले के खिलाफ देशव्यापी संघर्ष जरूरी है। दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि दंगा-फसाद और नफरत की राजनीति के खिलाफ मजबूती से लड़ना होगा। जब-जब भाजपा की सत्ता डगमगाती है, वह नफरत की खेती शुरू कर देती है। लेकिन नौजवानों ने साफ कर दिया है कि उन्हें नफरत नहीं, शिक्षा और रोजगार चाहिए। शाह चाँद हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक और गरीबों के संघर्षों के नेता थे। उनके विचारों और संघर्षों के रास्ते पर चलकर ही नफरत की राजनीति को शिकस्त दी जा सकती है। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक महानंद सिंह ने कहा कि शाह चाँद आज भी हमारे संघर्षों में जीवित हैं। बुलडोजर हमले के खिलाफ आवाज उठाने वाली 80 वर्षीय राजमनिया देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। यह गरीबों पर हो रहे चौतरफा हमले का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि तीन महिला साथी अभी जेल में हैं और सरकार से उनकी अविलंब रिहाई की मांग की। सभा में आने वाले दिनों के संघर्षों के लिए मनरेगा को फिर से मजबूत करने, स्कूल ठीक करने, प्रवासी मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करने और बुलडोजर राज पर रोक लगाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को पोलित ब्यूरो सदस्य रामजी राय, पूर्व विधायक एवं खेग्रामस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यदेव राम, कुमार परवेज, अनवर हुसैन, साधना शर्मा, शाह शाद, रवींद्र यादव, लीला वर्मा, सुबोध यादव सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। संतोष सहर, कमलेश शर्मा, जहानाबाद जिला सचिव विजय कुमार, जमीला खातून तथा आसपास के जिलों के अनेक पार्टी और स्थानीय नेता भी उपस्थित थे। सभा का संचालन उपेंद्र पासवान ने किया। कार्यक्रम में शहीद गीत भी प्रस्तुत किए गए। ।सभा के दूसरे सत्र में खेग्रामस का सम्मेलन शुरू हुआ। इसे संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यदेव राम ने आगामी 21-22 नवंबर को झारखंड में आयोजित होने वाले संगठन के राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया। खेग्रामस बिदाई कमिटी ओर से 37सदस्यीय नए जिला परिषद पैनल पेश की गई।जिसे सर्व सम्मति से पारित की गई। कामरेड सुरेंद्र प्रसाद को अध्यक्ष व कॉ उपेंद्र पासवान को सचिव बनाया गया

शाह चाँद की 12वीं बरसी पर कारगिल पार्क में हुआ श्रद्धांजलि संकल्प सभा का आयोजन

पीतृपक्ष मेला-2026 में उत्कृष्ट सेवा देने वाले 457 स्वयंसेवक सम्मानित

गयाजी (एनएसबी)। पितृपक्ष मेला-2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विभिन्न संस्थाओं के कुल 457 स्वयंसेवकों को आज जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में स्काउट गाइड के 200, विद्यार्थी परिषद के 62, वंदे भारत युवा मिशन के 62, गैलेंट इंडिया के 55, एनएसएस गया कॉलेज के 50, एनएसएस अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के 16 तथा एनएसएस जगजीवन कॉलेज के 12 स्वयंसेवक शामिल हैं।



इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री शशांक शुभंकर ने सभी स्वयंसेवकों के सेवा भाव, समर्पण, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि पितृपक्ष मेला-2026 के दौरान इन सभी बच्चों ने विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों पर पूरी निष्ठा, तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं दीं। विष्णुपद मंदिर, देवघाट, घाटों तक जाने वाली संकीर्ण गलियों, रामशिला एवं प्रेतशिला वेदी स्थल, मातंगवापी, धर्मारण्य, अक्षयवट, सीताकुंड तथा विष्णुपथ अप्रोच पाथवे सहित मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों ने लगातार तीर्थयात्रियों की सहायता एवं मार्गदर्शन किया।

उन्होंने विशेष रूप से गैलेंट इंडिया के स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों ने मेला क्षेत्र में घूम-घूमकर लाखों तीर्थयात्रियों से व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। तीर्थयात्रियों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं में जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की व्यापक सराहना की गई है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि उन्हें विभिन्न राज्यों एवं प्रदेशों से आए तीर्थयात्रियों से लगातार सकारात्मक फीडबैक प्राप्त हो रहा है। पितृपक्ष मेला के दौरान व्यवस्थाओं की इतनी प्रशंसा आप सभी के कठिन परिश्रम, समर्पण एवं निःस्वार्थ सेवा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं दिन में अथवा देर शाम जब भी मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचते थे, विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों को पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पाते थे। स्वयंसेवक लगातार तीर्थयात्रियों को कतारबद्ध रखने, भीड़ प्रबंधन करने तथा उन्हें आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने में जुटे रहते थे। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़ जाने वाले तीर्थयात्रियों को उनके परिवारजनों से मिलाने में खोया-पाया केंद्र पर तैनात स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, व्हीलचेयर के माध्यम से बुजुर्ग एवं दिव्यांग तीर्थयात्रियों को मंदिर दर्शन कराने तथा उनकी सुविधाजनक आवाजाही सुनिश्चित कराने में भी बच्चों ने सराहनीय सहयोग दिया। रेलवे स्टेशन पर भी तीर्थयात्रियों के मार्गदर्शन, सहायता एवं सुगम आवागमन में इन स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि इन सभी स्वयंसेवकों ने बिना किसी स्वार्थ के लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा एवं सहायता की है। इनका अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं मानवीय संवेदनशीलता अत्यंत प्रशंसनीय है। पितृपक्ष मेला जैसे विशाल आयोजन को सफल बनाने में इन बच्चों का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सेवा, सहयोग एवं समर्पण की यह भावना जीवन में आगे भी बनी रहनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सभी 457 स्वयंसेवकों को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों एवं सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 02 नवंबर 2026 को भी 500 से अधिक स्वयंसेवी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर अपर समाहर्ता गया परितोष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बढ़ाया बच्चों का उत्साह

भव्य फ्रेशर्स पार्टी में माही बनीं मिस फ्रेशर व अमित बने मिस्टर फ्रेशर

बोधगया (एनएसबी)। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के फिजियोथेरेपी विभाग में नवप्रवेशी बैच (2025-2030) के विद्यार्थियों के स्वागत में एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करना, उन्हें विभागीय गतिविधियों से अवगत कराना और सीनियर-जूनियर छात्रों के बीच एक मजबूत और सकारात्मक तालमेल स्थापित करना था।



समारोह का विधिवत शुभारंभ विभाग के सभी शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात केक काटकर नए शैक्षणिक सफर की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान 2024-2028 बैच के सीनियर विद्यार्थियों ने नवागंतुकों के साथ अपने अनुभव और पढ़ाई से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। मंच का शानदार संचालन सीनियर छात्रा अनुपमा कुमारी एवं सिद्धि विनायक ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में चैथे सेमेस्टर के विद्यार्थी नेहा, सुधांशु एवं उनके साथियों की सराहनीय भूमिका रही। इस गरिमामय अवसर पर फिजियोथेरेपी विभाग की डायरेक्टर श्रीमती पूनम सिंह सहित रोहित सर, आनंद सर, नीरज सर, नंदनी मैडम, चांदनी मैडम एवं सोनम मैडम उपस्थित रहे। अपने प्रेरक संबोधन में डायरेक्टर श्रीमती पूनम सिंह ने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निरंतर संघर्ष और कड़ी मेहनत से ही आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने छात्रों को ऐसे नए और उन्नत विचारों पर काम करने की सलाह दी, जिससे मरीजों की पीड़ा को कम कर उन्हें बेहतर और सुलभ उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

समारोह का मुख्य आकर्षण विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां रहीं। बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर माही को ह्यमिस फ्रेशरह्णऔर अमित को ह्यमिस्टर फ्रेशरह्ण के खिताब से नवाजा गया। वहीं, ऋषि शंकर रंजन और आकांक्षा कुमारी को रनर-अप घोषित करते हुए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में बैच 2025-2030 के सभी छात्र-छात्राओं को विभागीय दिशा-निर्देश दिए गए और प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक नवप्रवेशी विद्यार्थी को डायरी एवं पेन भेंट किया गया। यह आयोजन नए विद्यार्थियों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने और एक सुनहरे शैक्षणिक सफर की शुरूआत का अविस्मरणीय पल बन गया।

मगध विवि के फिजियोथेरेपी विभाग में गूंजी उल्लास की तान

स्वास्थ्य मंत्री का कार्यकताओं ने किया स्वागत जेसीबी से हुई पुष्पवर्षा

अरवल (एनएसबी)। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार का सासाराम जाने के क्रम में अरवल की धरती पर भव्य स्वागत किया गया। अरवल लख पर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव जितेंद्र पटेल के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं सैकड़ों उत्साहित कार्यकताओं ने फूल-मालाओं, गगनभेदी नारों और भव्य पुष्पवर्षा के साथ स्वास्थ्य मंत्री का जोरदार अभिनंदन किया।

स्वास्थ्य मंत्री के अरवल पहुंचते ही स्वागत स्थल पर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। अरवल लख की दोनों ओर सड़क किनारे बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता कतारबद्ध होकर अपने नेता के स्वागत के लिए खड़े थे। इस दौरान चार जेसीबी मशीनों के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री पर फूलों की भव्य वर्षा की गई। फूलों की बारिश और कार्यकताओं के जोशीले नारों ने पूरे स्वागत समारोह को यादगार बना दिया। स्थानीय नेताओं एवं कार्यकताओं के अनुसार, अरवल में जदयू के किसी बड़े नेता के स्वागत में इस तरह का भव्य और अनूठा आयोजन पहली बार देखने को मिला। कार्यकताओं ने कहा कि यह शानदार स्वागत पार्टी के प्रति उनके समर्पण, संगठनात्मक एकजुटता और मजबूत कार्यकर्ता भावना का प्रतीक है। चार जेसीबी से की गई पुष्पवर्षा ने आयोजन की भव्यता को एक अलग पहचान दी।स्वागत कार्यक्रम में जदयू जिलाध्यक्ष अनंत कुमार वर्मा, प्रदेश सचिव जितेंद्र पटेल, प्रदेश सचिव मिथिलेश कुमार यादव, मंजू कुशवाहा, प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य रामकिशोर वर्मा, जिला प्रवक्ता चाँद मलिक, युवा जदयू प्रदेश सचिव सोनू रजक, कोषाध्यक्ष सुबोध पटेल, जिला प्रवक्ता गुड्डू पटेलजी संजीव कुमार प्रशांत कुमार वरिष्ठ नेता टूटू शर्मा, अरवल प्रखंड अध्यक्ष केडी सिंह, जिला महासचिव मिथिलेश कुशवाहा, अरवल नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार, जिला कार्यालय प्रभारी विजय कुशवाहा, जदयू नेता विकास सिंह सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।स्वास्थ्य मंत्री के स्वागत में उमड़ा जनसमूह, कार्यकताओं का उत्साह और चार जेसीबी मशीनों से हुई भव्य पुष्पवर्षा ने अरवल में जदयू की संगठनात्मक सक्रियता और एकजुटता की शानदार तस्वीर पेश की। यह भव्य स्वागत समारोह जिले की राजनीतिक गतिविधियों में लंबे समय तक याद किया जाएगा।



स्वागत करते कार्यकर्ता।

बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड की तीन गाइड छात्राएं राष्ट्रपति पुरस्कार के चयन एवं परीक्षण में भाग लेने के लिए पटना रवाना

गयाजी (एनएसबी)। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड की तीन गाइड छात्राएं राष्ट्रपति पुरस्कार के चयन एवं परीक्षण में भाग लेने के लिए मंगलवार को पटना रवाना हुई! लंबे अंतराल के बाद गया जी जिले से गाइड छात्राओं का राष्ट्रपति पुरस्कार के चयनित होना जिले के लिए गौरव की बात है! छात्राओं के पटना रवाना होने पर विद्यालय परिवार एवं जिला संस्था में हर्ष का महौल है! राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चयनित छात्राओं में डी ए वी पब्लिक स्कूल कैण्ट एरिया गया जी की आशना कुमारी, आकांक्षा अनिका आरोही, अवंतिका कुमारी शामिल हैं! छात्राएं स्काउट एवं गाइड की विभिन्न गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेती रही हैं! इस अवसर पर बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड, जिला शाखा गया के जिला सचिव रणजीत कुमार ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चयनित होना उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, सेवा-भावना एवं समर्पण का परिणाम है! उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे आगे चलकर समाज और देश के लिए अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक तथा कुशल नेतृत्वकर्ता बने! सहायक राज्य संगठन आयुक्त, मगध प्रमंडल, राज किशोर पांडेय ने छात्राओं का नेतृत्व करते हुए कहा कि राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चयनित होना स्वयं के गौरव की बात है! उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे देश और समाज का गौरव है! राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने के बाद अपनी सेवा- भावना को और मजबूत करते हुए देश एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। विद्यालय की ओर से गाइड कैप्टन रिंकू विश्वकर्मा एवं स्काउट मास्टर जय प्रकाश तिवारी ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी! विद्यालय के प्राचार्या श्रीमती अंजलि ने कहा कि विद्यालय की छात्राओं का राष्ट्रपति पुरस्कार के चयनित होना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है उन्होंने कहा कि डी ए वी विद्यालय स्काउट और गाइड की गतिविधियों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और छात्राएं विद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं! छात्राओं के राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए पटना रवाना होने विद्यालय परिवार, जिला संस्था एवं स्काउट-गाइड से जुड़े पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।



कुर्था के दो पंचायतों में लगा सहयोग शिविर

कुर्था(एनएसबी)। राज्य सरकार की पहल पर आम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रखंड क्षेत्र की मानिकपुर एवं निघमा पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। विकसित भारत-समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने तथा सबका सम्मान, जीवन आसान की भावना को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। जानकारी के अनुसार मानिकपुर पंचायत में आयोजित शिविर में आवास योजना से संबंधित पांच, राशन कार्ड से जुड़े दो तथा बिजली से संबंधित एक आवेदन प्राप्त हुआ। वहीं निघमा पंचायत में राजस्व से जुड़ा एक आवेदन प्राप्त हुआ। जानकारी के अनुसार दोनों पंचायतों में कुल नौ आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हें संबंधित पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया। शिविर में पहुंचे फरियादियों के आवेदनों पर संबंधित विभागों के कर्मियों ने आवश्यक कार्रवाई की। वहीं जिन मामलों में जरूरी कागजात अथवा निर्धारित प्रक्रिया पूरी करना आवश्यक था। वैसे आवेदकों को संबंधित दस्तावेज जमा करने एवं विभागीय प्रक्रिया पूरी करने की जानकारी दी गई, ताकि उनकी समस्याओं का नियमानुसार समाधान किया जा सके। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया कि सहयोग शिविर की जानकारी अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचाई जाए।



सहयोग शिविर में भाग लेते पदाधिकारी।

जिससे उन्हें अधिक से अधिक लाभ हो सकें। इसके लिए पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है, ताकि ग्रामीण शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दे सकें और उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने कर्मियों को प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए उनका सुगम एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जिन आवेदनों में दस्तावेजों की कमी है।

संक्षिप्त खबरें

ब्राउन शुगर और स्मैक के साथ 11 लाख से अधिक नकदी बरामद

बिदुपुर/एनएसबी। बिदुपुर थाना क्षेत्र में मध्य निषेध विभाग और राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, बिहार पटना की टीम ने वैशाली पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की है। इस दौरान करीब 56 ग्राम ब्राउन शुगर और 50 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है। मौके से 11 लाख रुपये से अधिक नकदी भी मिली है। बरामद नकदी की गिनती कैश काउंटिंग मशीन से की गई।यह कार्यवाई बिदुपुर थाना क्षेत्र में माइल पंचायत के बगुलिया गाछी निवासी पवन ठाकुर के मकान में की गई। पुलिस ने पवन ठाकुर और उसके बेटे नीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। बल्कि पवन ठाकुर के बहु को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने नीरज कुमार के पत्नी को भी हिरासत में ले लिया है। नीरज कुमार दो साल पहले कंचनपुर गांव में एक हत्या मामले में नामजद अभियुक्त है।इस छापामारी अभियान में मध्य निषेध टीम के साथ साथ बिदुपुर थाना अध्यक्ष रवि प्रकाश,दंडाधिकारी के रुप में बीडीओ कुमार मनीष भारद्वाज सहित सशस्त्र बलों के जवान शामिल थे।

दिलावरपुर गोवर्धन पंचायत में लगा सहयोग शिविर,

एक ही छत के नीचे ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान की पहल

बिदुपुर/एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र के दिलावरपुर गोवर्धन पंचायत स्थित पंचायत भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन जिला युवा पदाधिकारी स्मृति साहनी की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों



के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। इसके माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। सरकार की इस पहल से लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड एवं जिला मुख्यालय का बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिलने की उम्मीद है। विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान की दिशा में पहल की जा रही है।

छठ व्रतियों को मिलेगी सुविधा, तैयारी पर निगरानी

शांति समिति की बैठक में मिला निर्देश श

पटना सिटी/एनएसबी। छठ पूजा,दीपावली व धनतेरस को ले अनुमंडल शांति समिति की बैठक मंगलवार को गुलजाबार स्टेडियम में एसडीओ कशिश बक्शी के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में हुई. बैठक में पर्व में विधि व्यवस्था बनाये रखने, स्थापित होने वाली काली व लक्ष्मी प्रतिमा के लिए लाइसेंस लेने,डीजे पर प्रतिबंध रहने और सड़क पर पूजा पंडाल का निर्माण नहीं करने की अपील की गयी. अधिकारी ने बताया कि गंगा घाटों पर छठ व्रतियों को सुविधा मिले, इसके लिए तैयारी की जा रही है. घाटों पर तैनात गोताखोर,पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी तैनात पूजा समिति से तालमेल बैठा कर कार्य करेंगे. सदस्यों से भी घाटों की स्थिति पर निगरानी रखने और सुरक्षित अर्घ्य अर्पित कराने में सहयोग की अपील की गयी. लाइटिंग व पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, पानी का टैंकर प्रमुख जगहों पर लगेगा, मेडिकल टीम तैनात रहेगी. चेजिंग रूम बनेगा, सीसीटी कैमरा से भी निगरानी की जायेगी. बैठक में थानाध्यक्षों, निगम के पदाधिकारी , फायर बिग्रेड,विद्युत समेत अन्य विभाग के अधिकारी के साथ शांति समिति के सदस्यों में पूर्व पार्षद बलराम चौधरी,संतोष शर्मा,संजय अलबेला,प्रदीप काश,देवरतन प्रसाद,सैय्यद फिरोज हसन, मिथिलेश कुमार शर्मा,शशि शर्मा, शाहिद अंसारी, अंजू सिंह,राजकुमार यादव, तन्वी आलम, अजीत सिंह कुशवाहा, रेणुका कुशवाहा, मो अफरोज, हिदायत अहमद, विकास चौधरी, कुंदन कुमार,अभिषेक कुमार समेत अन्य उपस्थित थे.

प्रकाश पर्व में संगत को मिलेगा वाई फाई की सुविधा

कमियों को दूर करने को एसडीओ का निरीक्षण

पटना सिटी/एनएसबी। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जनवरी में होने वाली 360 वां प्रकाश पर्व सिख संगतों को वाई फाई की सुविधा मिलेगी,तब सड़क निर्माण व बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया होगी. इसको लेकर चल रही तैयारियों में मंगलवार को भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक अनिमेष कुमार व अधिकारियों के साथ मंगलवार को बैठक हुई. बैठक में प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने वाई फाई इंटरनेट की समुचित व्यवस्था और लीज लाइन की व्यवस्था भी प्रकाश पर्व के दौरान करने को कहा. इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय सिख कॉन्क्लेव में भी सुविधा मुहैया कराने को कहा गया. बैठक में अधीक्षक दलजीत सिंह,लेखापाल देवेंद्र सिंह, प्रबंधक पपींदर सिंह,हरजीत सिंह व महाकांत राय,लेखापाल देवेंद्र सिंह के साथ अन्य उपस्थित थे. एसडीओ कशिश बक्शी ने कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार व अधिकारियों के साथ निरीक्षण तख्त साहिब के साथ-साथ हरिमंदिर गली, बाड़े की गली, गुरु द्वारा बाल लीला साहिब के सामने की गली, गुरु द्वारा कंगन घाट के आसपास,मालसलामी ओपी साह व गुरुद्वारा गुरु के बाग का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण,यातायात व्यवस्था सुचारु ढंग से हो,साफ सफाई और अन्य बुनिदायी सुविधाएं कार्य कराने का फैसला लिया गया. निरीक्षण में प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सदस्य हरपाल सिंह जोहल व अधीक्षक दलजीत,प्रबंधक पपींदर सिंह सिंह के साथ अन्य थे.

चित्रगुप्त मंदिर में सभा कर अर्पित की पूर्व सांसद को श्रद्धांजलि

पटना सिटी/एनएसबी। पूर्व सांसद रविंद्र किशोर सिन्हा के निधन पर दीवान मुहल्ला नौजर घाट स्थित आदि चित्रगुप्त मंदिर में श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर प्रबंधक समिति की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी. कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता व प्रधान सचिव सुदामा सिन्हा के संचालन के लिए आयोजित सभा में मंदिर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष को पूर्व सांसद आरके सिन्हा को श्रद्धांजलि दी गयी. आयोजन में उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा,लाला प्रकाश,चंद्र मोहन राय सक्सेना,चंद्र भानु सिन्हा,ऋषिकेश वर्मा, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना,अनिल श्रीवास्तव,सुजीत कुमार वर्मा,प्रभात बहादुर माथुर,सुशील सिन्हा,राजीव मोहन,तुषार सक्सेना,अजय कुमार मंटू,अजय कुमार बबलू समेत अन्य उपस्थित थे. इस दौरान मंदिर में उनके विकास कार्य और समाज के उत्थान के लिए किये गये कार्य को रेखांकित किया गया.

रखरखाब को बंद रहेगी फीडर

पटना सिटी/एनएसबी। गायघाट सब स्टेशन से जुड़े 11 केबी राजा घाट फीडर की बिजली बुधवार को सुबह साढ़े 11 बजे से शाम पांच बजे तक बदं रहेगी. विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गुलजारबाग के विद्युत कार्यपालक अभियंता मो सड्डजाद अंसारी ने बताया कि केबल का कार्य और रखरखाब कराने को लेकर फीडर बंद रहेगा. फीडर से जुड़े लोहरवा घाट, मंदिर घाट, रिवर व्यू कॉलोनी, पीरवैश मार्केट आदि मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने प्रभावित इलाके के लोगों से पानी का भंडारण कर लेने को कहा है.

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आयोजित

विकास योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है : चिराग

जिले में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

हाजीपुर/एनएसबी। समाहरणालय हाजीपुर के पुष्कर्णी सभागार में आज माननीय केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, भारत सरकार श्री चिराग पासवान की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), वैशाली की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों एवं क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं आमजन तक उनके लाभ पहुंचाने से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति, निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध उपलब्धियां, योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं तथा उनके समाधान के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई। योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा के भीतर पूरा करने, विकास कार्यों में तेजी लाने तथा लाभुकों को योजनाओं का ससमय लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। माननीय केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान ने बैठक में कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं जवाबदेही के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने, नियमित निगरानी करने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं उपभोक्ता हितों की सुरक्षा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने तथा केंद्रीय विद्यालय, हाजीपुर के भवन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। माननीय केंद्रीय मंत्री ने संबंधित मामलों में आवश्यक पहल एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह (भा.प्र.से.) ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतने तथा विभागीय समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में माननीय सांसद वैशाली , श्रीमती वीणा देवी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के माननीय मंत्री श्री संजय सिंह, हाजीपुर के माननीय विधायक श्री अवधेश कुमार सिंह, लालगंज के माननीय विधायक श्री संजय सिंह, वैशाली के माननीय विधायक श्री सिद्धार्थ पटेल, राजापाकर के माननीय विधायक श्री महेंद्र राम सहित विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सत्यजीत कुमार सोनू के पूज्य पिता जी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

हाजीपुर/एनएसबी। केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान जी ने आज हाजीपुर के टाउन थाना रोड स्थित निवास स्थान पहुंचकर सत्यजीत कुमार सोनू जी के पूज्य पिताजी मुन्ना जी के निधन पर गहरा दुख एवं शोक व्यक्त किया।



आवास पर पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ने दिवंगत आत्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उन्होंने शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, उनका ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। इस मौके पर गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान विधान पार्षद अशरफ अंसारी, अवधेश कुमार सिंह, राजकुमार पासवान, संतोष शर्मा, मनोज सिन्हा, संतोष स्वराज, नौशाद खान, शंकर पासवान, श्रीकांत पासवान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और मंत्री संजय सिंह ने किया ढलूएऊकार्यालय और 500 चापाकलों का उद्घाटन

हाजीपुर/एनएसबी। आज हाजीपुर में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (ढलूएऊ) के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान और बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री श्री संजय सिंह उपस्थित रहे। इस नवनिर्मित कार्यालय भवन का निर्माण ₹1.10 करोड़ (1 करोड़ 10 लाख रुपये) की लागत से कराया गया है, जिससे विभागीय कार्यों में तेजी आएगी और आम जनता को सहूलियत होगी। इसके साथ ही, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ₹4.70 करोड़ (4 करोड़ 70 लाख रुपये) की लागत से लगाए गए 500 नए चापाकलों का भी लोकार्पण किया गया।



पीएचईडी मंत्री संजय सिंह कहा कि जनसेवा के संकल्प को साकार करते हुए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग जनहित से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक स्वच्छ पेयजल की सुविधा पहुंचाना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।इस अवसर पर बिहार सरकार के माननीय गन्ना उद्योग मंत्री श्री संजय पासवान, विधान पार्षद अशरफ अंसारी के साथ-साथ विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

छठ महापर्व को लेकर हाजीपुर नगर परिषद की सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने सभी घाटों का किया निरीक्षण

हाजीपुर/एनएसबी। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर हाजीपुर नगर परिषद की सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने नगर परिषद के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभापति ने कौनहारा घाट, बूटन घाट, सीढ़ी घाट, कौशल्या घाट, पुल घाट और नया पुल घाट सहित लगभग सभी छठ घाटों नाव से स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम किए जाएंगे। सभी घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम, चेंजिंग रूम, वॉच टावर सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



उन्होंने कहा कि नगर परिषद का प्रयास है कि छठ महापर्व के दौरान सभी घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान जेईई कृष्ण प्रसाद, सिटी मैनेजर दीपक तिवारी, सूर्यकुमार, मोहित कुमार, अंजनी सिंह, अरविंद कुमार, कौशल, रिशु सहित अन्य कर्मी एवं संबंधित लोग उपस्थित रहे।

तख्त साहिब में सजा दीवान, शबद कीर्तन

पटना सिटी/एनएसबी। तख्त श्री हरिमिदर जी पटना साहिब मे माता साहिब कौर की प्रकाश पर्व व सातवें गुरु गुरु हरिराय जी साहिब के ज्योतिजोत पर्व को लेकर विशेष दीवान सजा.

बीते दो दिनों से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति के बाद माता साहिब कौर के प्रकाश पर्व को ले स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता व महासचिव बीबी गुरुचरण कौर के संचालन में शबद कीर्तन विशेष दीवान में प्रस्तुत की गयी. इससे पहले ज्योतिजोत पर्व पर सजे विशेष दीवान में रागी जत्थों में भाई बिक्रम सिंह,कविंदर सिंह,हरजीत सिंह,भाई जोगिंदर सिंहभाई ज्ञान सिंह व कीर्तन नविंदर सिंह ने की शबद कीर्तन व कथा वाचक ज्ञानी दलजीत सिंह व गगनदीप सिंह ने कथा की.तख्त के साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने शस्त्र दर्शन के साथ विश्व शांति व भाईचारे के लिए अरदास और हुकूमनामा अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने ली. विशेष दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का लंगर भी चला. गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में माता कौर साहिब के जीवन दर्शन पर प्रो लाल मोहर उपाध्याय की अध्यक्षता व बेबी कुमारी के संचालन व छोटू तिवारी के धन्यवाद ज्ञापन में संगोष्ठी हुई.

गुरुकुल क्लासेस में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के दिए गए टिप्स

हाजीपुर/एनएसबी। कृष्णापुरी, बागमली स्थित गुरुकुल क्लासेस की शाखा में आज छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साइबर सेल हाजीपुर के पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती चांदनी सुमन जी उपस्थित हुए। उन्होंने कोचिंग के छात्र और छात्राओं को वर्तमान समय में सोशल मीडिया, विशेषकर इंस्टाग्राम और फेसबुक के बढ़ते उपयोग, उसके प्रभाव और उससे जुड़े साइबर खतरों के प्रति विस्तार से संबोधित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साइबर सेल डीएसपी ने विद्यार्थियों को बताया कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया जहां ज्ञान और संपर्क का एक बेहतरीन माध्यम है, वहीं थोड़ी सी लापरवाही आपको साइबर अपराध का शिकार बना सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रखने, प्राइवेसी सेटिंग्स का सही उपयोग करने और अनजान लोगों से दोस्ती न करने की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से फेक न्यूज और अफवाहों से बचने ,बिना जांच-परख के फेसबुक या इंस्टाग्राम पर कोई भी भ्रामक पोस्ट या वीडियो शेयर न करने की सलाह दी। निजी जानकारी की सुरक्षा हेतु अपनी तस्वीरें, मोबाइल नंबर या अन्य व्यक्तिगत डेटा सोशल मीडिया पर सार्वजनिक नही करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक नवलेश कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने कहा कि साइबर सेल हाजीपुर के माध्यम से आयोजित इस सत्र से छात्र-छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब सोशल मीडिया का उपयोग अधिक जिम्मेदारी व सतर्कता के साथ कर सकेंगे। इस मौके पर संस्थान के उप प्राचार्य चन्दन कुमार , अश्विनी कुमार , दीपक कुमार समेत सभी शिक्षक , कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

कवि, साहित्यकार रवीन्द्र कुमार रतन को 'विद्या वाचस्पति' की मानद उपाधि से किया गया सम्मानित



हाजीपुर/एनएसबी। शिक्षा,साहित्य, सामाजिक और हिन्दी, बज्जिका एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में सराहनीय ,प्रशंसनीय और अनुकरणीय योगदान के लिए वैशाली जिले के हिन्दी बज्जिका के वरिष्ठ कवि साहित्यकार, पत्रकार एवं शिक्षाविद तथा जे पी सेनानी अवकाश प्राप्त बैंक अधिकारी रवीन्द्र कुमार रतन को विक्रम शिला हिन्दी विद्यापीठ ईशोपुर बाराहाट द्वारा प्रतिष्ठित सम्मान, 'विद्यावाचसपति(डाक्टरेट) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।इस सम्मान समारोह में प्रशस्ति-पत्र, अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस शैक्षिक उपलब्धि से न केवल वैशाली अपितु पत्रकारिता एवं साहित्य जगत में भी हर्ष का माहौल बना हुया है। इस शैक्षिक और मानद उपाधि (सम्मान) के लिए शिक्षाविद सुरेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, अवकाश प्राप्त आयकर अधिकारी कामेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ नागरिक सेवा संघ के धीरेन्द्र नाथ वर्मा, विपीन कुमार श्रीवास्तव, डाक्टर पूर्णिमा श्रीवास्तव, सरोज वाला सहाय, बैंक ऑफ बर्दाश्त के प्रबन्धक। नवीन कुमार, प्रीति वाला सहाय, ई नीरव नीशिथ, ई प्रीति प्रकाश ,साहित्यकार सुधांशु कुमार चक्रवर्ती आदि ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रकट की एवं उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। साहित्यकार रवीन्द्र कुमार ने बताया कि इसके पूर्व भी काफी स्थानीय, प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय सम्मान मिला है।यह ' विद्यावाचसपति सम्मान पाकर और गौरवान्वित हुए है। यह अभिमान का नही स्वाभिमान का विषय है। उन्होने कहा शिक्षा और संस्कार जिंदगी जीने के मूल मंत्र है। शिक्षा कभी झुकने नहीं देगी और संस्कार कभी गिरने नही देंगे। यह आगे बढनेकी प्रेरणा प्रदान करती है।

मध्य विद्यालय एवं हाई स्कूल में सोशल ऑडिट के पश्चात जनसुनवाई का आयोजन

हाजीपुर/एनएसबी। सामाजिक अंकेक्षण समिति, ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा वैशाली जिले के लालगंज प्रखंड के 161 मध्य विद्यालय एवं हाई स्कूल में सोशल ऑडिट कराई गई। सोशल ऑडिट के पश्चात जनसुनवाई का आयोजन जी ए इंटर विद्यालय हाजीपुर में मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर जनसुनवाई करते हुए स्वर्गीय कन्हाई



शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव सह ज्यूरी मेंबर डॉक्टर सुधीर कुमार शुक्ला ने सभी स्कूल के प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी का उद्देश्य है कि स्कूल के अंदर एक बेहतर वातावरण बनाया जाए तथा बच्चों को अच्छी शैक्षणिक माहौल मिले। इस दिशा में सरकार के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। सोशल ऑडिट के द्वारा विद्यालयों में कुछ खामियां निकाल कर आई हैं। जिसे हम सभी को मिलकर दूर करना है। डॉक्टर शुक्ला ने सभी प्रधानाध्यापक से कहा कि विद्यालय में स्वच्छता का वातावरण कायम करें तथा बच्चों को हैंड वॉश की प्रैक्टिस कराये। बैठक में जीविका की वीणा देवी, अध्यक्ष सहेंद्र राम, विद्यालय शिक्षा समिति के सुनील कुमार सिंह, सामाजिक अंकेक्षण समिति के राजीव कुमार, अविनाश कुमार, विक्रम कुमार, रानी कुमारी,चंचल कुमारी, रानी कुमारी, अमृता कुमारी, पूजा कुमारी, मुन्नी कुमारी, स्मिता सिंह,अनुराधा कुमारी एवं गुड़िया कुमारी समेत कई लोगों उपस्थित थे ।

संक्षिप्त खबरें

घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने की लाखों की चोरी

पंचदेवरी (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने महुअवां गांव के एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी समेत सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, महुअवां गांव निवासी पीड़ित जयशंकर भगत (लगभग 63 वर्ष) के घर में बीते 2 नवंबर की रात अज्ञात चोर घुस गए। चोरों ने घर में रखे सामान को खंगालते हुए नकदी और सोने-चांदी के कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद उन्होंने 3 नवंबर को कटेया थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर चोरी गए सामान की बरामदगी और दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।



झाड़ी में फेंका मिला नवजात का शव, इलाके में फैली सनसनी



पंचदेवरी (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाना क्षेत्र के सिधरिया गांव के समीप मंगलवार को जमुनहा-पंचदेवरी मुख्य मार्ग के किनारे झाड़ी में एक नवजात मिला। इसकी खबर मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गयी। आशंका जतायी जा रही है कि नवजात के शव को झाड़ी में ले जाकर फेंक दिया गया था। मछली मारने के लिए जा रहे लड़कों ने शव को सड़क के किनारे देख इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। कुछ ही देर में वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कटेया पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। पूरी तहकीकात के बाद पुलिस ने अपनी देखरेख में शव का अंतिम संस्कार करा दिया। इधर, घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

30 नवंबर तक विद्यालय का रंग-रोगन और सुंदरीकरण कार्य पूरा करने का निर्देश

बीईओ ने विद्यालय का निरीक्षण कर, शैक्षणिक व्यवस्था का लिया जायजा



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने कुचायकोट बाजार स्थित मध्य विद्यालय कुचायकोट कन्या का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ उपलब्ध सुविधाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में बीईओ ने विद्यालय में नामांकित एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं की संख्या, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन योजना के संचालन तथा कायाकल्प योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई और उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की।इस दौरान प्रधानाध्यापक वाल्मीकि प्रसाद को निर्देश दिया कि 30 नवंबर तक हर हाल में विद्यालय के रंग-रोगन, सुंदरीकरण एवं साफ-सफाई का कार्य पूरा कराएं।बीईओ ने कहा कि विद्यालय परिसर स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित होना चाहिए, ताकि बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर एवं अनुकूल वातावरण मिल सके। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आपसी विवाद में युवक पर हमला, गंभीर रूप से घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) गोपालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर पकड़ियार गांव में आपसी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान गांव के ही चंद्रभान कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया गया।मिली जानकारी के अनुसार, चंद्रभान कुमार का गांव के ही कुछ लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई।इस दौरान कुछ लोगों ने चंद्रभान कुमार पर हमला कर दिया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

नेपाल में फुलवरिया के चिकित्सक को मिला अंतरराष्ट्रीय गौतम बुद्ध शांति अवार्ड



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया प्रखंड के गिदहां बंगाली कॉलोनी निवासी चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार बर्मन को नेपाल में अंतरराष्ट्रीय गौतम बुद्ध शांति अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नेपाल के भैरहवा स्थित लुम्बिनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। चिकित्सा एवं जनसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में नेपाल सरकार के स्वास्थ्य मंत्री दीपेंद्र कुमार मुनमंगर, केंद्रीय होम्योपैथिक परिषद, भारत सरकार के डॉ. रामजी सिंह तथा आयुष मेडिकल एसोसिएशन के बिहार अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र नाथ मौर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति में डॉ. गौतम कुमार बर्मन को सम्मान प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि से फुलवरिया प्रखंड के साथ-साथ उनके पैतृक गांव और पूरे गोपालगंज जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. गौतम कुमार बर्मन ने कहा कि यह उपलब्धि उनके सभी सहकर्मियों, शुभचिंतकों और सहयोग करने वाले लोगों के सामूहिक समर्पण का परिणाम है। चिकित्सा सेवा को जनसेवा का माध्यम बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने मानव कल्याण के लिए आगे भी निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प जताया।

टीबी मरीजों को मिला चैथे महीने का फूड बास्केट



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को पोषण संबंधी सहायता उपलब्ध कराने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुलवरिया में चार टीबी मरीजों के बीच चैथे महीने का फूड बास्केट वितरित किया गया। मिश्र बतरहा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दीपू पांडेय, लैब संचालक राजेश कुमार ने मरीजों को पोषण सामग्री सौंपी।उन्होंने बताया कि पिछले चार महीने से इन मरीजों को गोद लेकर प्रत्येक महीने नियमित रूप से फूड बास्केट उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें चावल, दाल, तेल, सोयाबीन, सब्जी सहित अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल हैं।मौके पर मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि टीबी एक उपचार योग्य बीमारी है। इसे लेकर भयभीत होने की जरूरत नहीं है। नियमित दवा, पौष्टिक आहार और समय पर जांच के साथ मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं। उन्होंने लोगों से टीबी के लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराने तथा मरीजों के प्रति सकारात्मक व्यवहार अपनाने की अपील की। मौके पर बीसीएम मंजय यादव, टीवी विभाग से प्रिरंजन पाठक,अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना जरूरी : डीएम





गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गोपालगंज समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी समीर सौरभ की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने थावे बाईपास के नजदीक एनएच 531 एवं एनएच 27 के संधि स्थल पर बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की जांच हेतु त्रिसदस्यीय कमेटी के गठन का निर्देश दिया। कमेटी में जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) सदस्य होंगे। साथ ही बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सड़कों पर अवैध अतिक्रमण की रोकथाम सहित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.5 लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने वाली पीएम राहत योजना के संबंध में आमजनों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। योजना की जानकारी अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। एनएच-531 एवं एनएच-27 पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने, दुर्घटना संभावित स्थलों एवं ब्लैक स्पॉट की पहचान कर सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। डीएम ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संभावना वाले स्थलों को चिह्नित कर वहां आवश्यक यातायात एवं सुरक्षा संबंधी उपाय करने तथा आमजनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी ने हिट एंड रन से संबंधित मामलों में लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करते हुए लंबित मामलों की संख्या शून्य करने का निर्देश दिया गयावहीं सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित सभी आवश्यक विवरणों की आईआरएडी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े निदेशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने का जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया गया।

शहरी यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के परिचालन को मार्ग चिन्हित कर व्यवस्थित करने, निर्धारित यातायात नियमों का अनुपालन कराने तथा इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। आमजनों की जान-माल की सुरक्षा के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

नारायणी रिवर फ्रंट के विकास कार्यों का शिक्षा मंत्री ने किया निरीक्षण

डुमरिया घाट को पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की पहल तेज



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सह बैकुंठपुर विधायक मिथिलेश तिवारी ने बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के डुमरिया घाट स्थित नारायणी रिवर फ्रंट की विभिन्न प्रस्तावित एवं निमार्णाधीन विकास परियोजनाओं का जिला पदाधिकारी गोपालगंज एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ आज स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित विद्युत शवदाह गृह, निमार्णाधीन मल्टीपर्पस सामुदायिक भवन, नक्षत्र वाटिका, नवग्रह वाटिका, मोक्ष वाटिका, वाटर पार्क, नारायणी नदी की सुरक्षा के लिए प्रस्तावित प्रोटेक्शन वॉल, नारायणी एक्सप्रेस-वे सहित अन्य विकास योजनाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। मंत्री तिवारी ने परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डुमरिया घाट को धार्मिक आस्था, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण एवं आधुनिक जनसुविधाओं के एक भव्य केंद्र के रूप में विकसित करना लक्ष्य है। इन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से डुमरिया घाट की पहचान राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित होगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर पर्यटन, रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। डुमरिया घाट का विकास केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि बैकुंठपुर और गोपालगंज के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकल्प है।

मॉडल स्कूल का शिक्षा मंत्री ने किया निरीक्षण

शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के दिए निर्देश





गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के सदौवा स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) का माननीय शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गोपालगंज के जिला पदाधिकारी समीर सौरभ एवं जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों के साथ आज निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत संरचना एवं उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का गहन जायजा लिया। शिक्षा मंत्री ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ह्लशिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।ह्ल विद्यालयों का सशक्तिकरण ही उज्ज्वल भविष्य और विकसित बिहार की मजबूत नींव है।

कायाकल्प योजना के तहत विकास कार्यों को धरातल पर उतारने को लेकर विशेष बैठक



उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित सद्भावना मंडप में मंगलवार के दिन कायाकल्प योजना के तहत विकास योजनाओं को जमीन पर उतारने को लेकर बीडीओ मनोज कुमार पंडित की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और रुकी हुई विकास योजनाओं को गति देना है। कायाकल्प योजना के तहत किसी भी कार्य की शुरूआत से पहले उसे पंचायत विकास योजना की बैठक के प्रस्ताव में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को अपने पंचायत अंतर्गत आने वाले वार्डो की प्राथमिकताओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनसहभागिता सुनिश्चित की जा सके। चर्चा के दौरान मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। बैठक में गांवों की जर्जर सड़कों की मरम्मत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं की बेहतरी, सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति सुधारने व आम जनता की बुनियादी जरूरत को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। इस अवसर पर सीडीपीओ शिवम् कुमार, मनरेगा के पीओ हंसनाथ साह, मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, प्रो. डॉ. मो. नजीर आलम, प्रमोद सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह,राजू भाई, बीरेन्द्र मांझी, सुरेश चैधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

छठ घाटों पर व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटा प्रशासन, बीडीओ ने किया निरीक्षण

साफ-सफाई, रोशनी और आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रखंड प्रशासन ने घाटों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी तेज कर दी है।इसी क्रम में मंगलवार को बीडीओ आदित्य प्रकाश ने करमैनी मोहब्बत गांव स्थित छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने संबंधित कर्मियों को पर्व से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने घाट की साफ-सफाई, मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था तथा व्रतियों और श्रद्धालुओं के आवागमन के रास्तों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने पंचायत सचिव एवं अन्य कर्मियों से अब तक की गई तैयारियों और घाट पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी ली। साथ ही संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बीडीओ ने निर्देश दिया कि छठ पर्व शुरू होने से पहले घाट की पूरी तरह सफाई कराई जाए।जहां मरम्मत की आवश्यकता है, वहां समय रहते काम पूरा किया जाए।घाट और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के साथ श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन का भी प्रबंध किया जाए।उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।उनकी सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान आरडीओ अशरफ आलम, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विपुल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चार माह से बंद आधार सुधार केंद्र, ग्रामीण परेशान

बैंक परिसर स्थित आधार केंद्र पर मनमानी और अवैध उगाही का आरोप, बीडीओ से कार्रवाई की मांग



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित आधार सुधार केंद्र करीब चार माह से बंद है।इसके कारण ग्रामीणों को आधार कार्ड में सुधार कराने और अन्य संबंधित कार्यों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं, कुचायकोट बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया परिसर में संचालित आधार केंद्र पर कर्मियों की मनमानी और अवैध उगाही किए जाने की शिकायत भी सामने आई है।इस संबंध में सिसवा पंचायत की पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी के प्रतिनिधि विपुल सिंह ने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य प्रकाश को लिखित आवेदन सौंपा।उन्होंने मामले में हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।आवेदन में बताया गया है कि पहले प्रखंड कार्यालय परिसर में आधार सुधार केंद्र संचालित होता था।इससे ग्रामीणों को आधार कार्ड में नाम, पता सहित अन्य त्रुटियों में सुधार कराने में काफी सहूलियत होती थी।लेकिन करीब चार माह पूर्व किन्हीं कारणों से केंद्र बंद कर दिया गया।इसके बाद ग्रामीणों को आधार संबंधी कार्यों के लिए कुचायकोट बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया परिसर के केंद्र पर निर्भर रहना पड़ रहा है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि बैंक परिसर स्थित आधार केंद्र पर कर्मियों की मनमानी के कारण लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।साथ ही, निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने की शिकायतें भी मिल रही हैं।पंचायत समिति सदस्य ने बीडीओ से मामले की जांच कराकर दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा प्रखंड कार्यालय परिसर में पूर्व की तरह आधार सुधार केंद्र दोबारा शुरू कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को आधार संबंधी कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़े।

महेंद्र महिला महाविद्यालय में भाजपा युवा मोर्चा का युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित

युवाओं को एसआईआर की प्रक्रिया की दी गई जानकारी



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) भाजपा युवा मोर्चा, गोपालगंज द्वारा महेंद्र महिला महाविद्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी ने महाविद्यालय के ऊजार्वान युवा साथियों से संवाद किया तथा उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की भूमिका के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, उसके उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। श्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि भाजपा ने विपक्ष को संसद में एसआईआर के मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती दी है। विपक्ष संसद में चर्चा से भाग रहा है और केवल सड़कों पर भ्रम फैला रहा है। मंत्री ने कहा कि देश में आजादी के बाद से कई बार एसआईआर की प्रक्रिया हुई है और यह कोई नई या असाधारण प्रक्रिया नहीं है। जागरूक युवा किसी भी सशक्त लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला होते हैं। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की सक्रिय भागीदारी और जागरूकता से लोकतंत्र और अधिक मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं से मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया को समझने तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत/2047 के संकल्प को साकार करने में देश की युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है।